ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

15 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 204

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



Wild Waadi Water Park
WATER PARK, TRAMPOLINE PARK, BIRD PARK, AMUSEMENT PARK & ZIP LINE
INR 300 (MON - FRI)
INR 400 (SAT - SUN & HOLIDAYS)
Call Us 9304816880


## कोडरमा में पीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

# झामुमो-कांग्रेस-लेफ्ट भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा मॉडल: नरेंद्र मोदी

- चोरों को चैन की नींद सोने नहीं दूंगा, उनकी नींद भी उड़ा दूंगा
- कांग्रेस के नेता डरे हुए, इसलिए मुझे गोली मारने की बात करते
- तीसरी बार आऊंगा, तो गड़ा खजाना भी निकाल दूंगा
- मोदी की गारंटी है झारखंड खून-खराबा से मुक्त होगा

आजाद सिपाही सवंददाता

**गिरिडीह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस-लेफ्ट का इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण समेत अन्य बुराइयों का सबसे बड़ा मॉडल है। मैंने लाल किले से कहा था कि भारत को भ्रष्टाचार, परिवारवाद एवं तुष्टिकरण से मुक्त कराने के लिए अपना जीवन खपा दूंगा। झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे हैं। अधिकारियों, नौकरों के यहां से पैसे निकल रहे हैं। मंत्री और सांसद के यहां से करोड़ों रुपये निकल रहे। ये जो भी करते हैं, शाही परिवार (राहुल गांधी की ओर इशारा करते) के इशारे पर। ये पैसा मंत्रियों के यहां पहुंच रहा है। मोदी की गारंटी है चोरों को चैन की नींद सोने नहीं दूंगा। उनकी नींद भी उड़ा दूंगा और उनके खजाने भी खाली कर दूंगा। ये तो शुरुआत है। मैं आगे और खजाने खोजने वाला हूं। ये पैसे आपके हैं। इन पैसों के मालिक आप सब हैं। कोई भी व्यक्ति चोरी-लूट नहीं कर सकता है। मैं इन पर कड़ी कार्रवाई कर रहा है। इसलिए ये नरेंद्र मोदी को निशाना बनाते हैं। प्रधानमंत्री मंगलवार को बिरनी में एनडीए के आजसू उम्मीदवार सीपी चौधरी, कोडरमा से भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधानसभा के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपके वोट से मजबूत सरकार बनेगी।



### नक्सलवाद, आतंकवाद और घुसपैठ को समाप्त करूंगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड में नक्सलियों का दायरा सिकुड़ गया है। आतंक हो या नक्सलवाद मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में इन पर बहुत बड़ा प्रहार करने का संकल्प ले चुका है। नक्सलवाद ने कई माताओं के सपने कुचल दिये है। झारखंड में घुसपैठ हो रही। मां-बेटी की इज्जत लूटी जा रही। झामुमो-कांग्रेस ऐसे लोगों का समर्थन कर रही। पहले पर्दे के पीछे से बात करते थे, अब खुल कर मोदी के खिलाफ वोट जिहाद की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं देश हित में काम कर रहा हूं, तो झामुमो-कांग्रेस वाले डरे हुए हैं। इंडी गठबंधन के नेता ने मुझे गोली मारने की बात कही थी। ये जो गोली मारने के सपने देख रहे हैं, उनसे मैं कहना चाहता हूं, जरा यहां आइये ये नजारा देखिये। गोली मारने वालों ये भीड़ मेरी सुरक्षा कवच है।

### धारा 370 से लेकर राम मंदिर तक की चर्चा की

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कश्मीर में धारा 370 से लेकर अयोध्या के राम मंदिर तक की चर्चा की। उन्होंने कहा कि चुनौतियों को टालना नहीं, मोदी को टकराना आता है। मोदी के काम की दिशा सही है। इंडी गठबंधन के लोग मेरे काम से बौखलाये हुए हैं। श्रीनगर में दशकों बाद चुनाव का उत्सव मनाया गया। लोकतंत्र के प्रति लोगों की श्रद्धा बढ़ी है। धारा 370 हटाने से श्रीनगर में खुशहाली आयी है। श्रीनगर में जबर्दस्त मतदान हुआ है। मोदी ने लोगों से पूछा 500 साल बाद अयोध्या में राम मंदिर बना। रमलला विराजे। क्या आपको अच्छा नहीं लगा? उन्होने कहा कि कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलने की साजिश रच रही है। कांग्रेस ने तय कर लिया है कि सत्ता में आयी तो वह रामलला को फिर से टेंट में भेज देंगी।

### विकास पर रखी बात

प्रधानमंत्री ने भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब देश में एक मजबूत सरकार होती है, तो वह सबसे पहले देश का हित देखती है, देश के लोगों का हित देखती है। लेकिन, जब देश में कांग्रेस जैसी कमजोर सरकार होती है, तो वह देश को भी कमजोर कर देती है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी है झारखंड खून-खराबा से मुक्त होगा। उन्होंने कोडरमा के अभ्रक का जिक्र करते हुए कहा कि यूपीए सरकार ने सब कुछ दोहन कर लिया। भाजपा सरकार सत्ता में आयी तो उन्होंने खनन से मिलनेवाले पैसे में से एक हिस्सा राज्यों और जिलों को देने की व्यवस्था की। डिस्ट्रिक मिनरल फंड बनाया गया। इससे विकास के लिए अब तक 12 हजार करोड़ रुपये मिले हैं। केवल गिरिडीह को 60 करोड़ रुपया दिया गया है। मोदी ने कहा कि मैं गरीब घर का बेटा हूं, मैं चाय बेच कर यहां तक पहुंचा हूं। मुझे गरीबों का दर्द पता है, मैंने गरीबी देखी है। मुझे माताओं और बहनों की चिंता है। वंचितों को वरीयता मोदी का मंत्र है। मोदी ने लोगों के घरों से अंधेरे को दूर किया। गरीबों के इलाज के लिए 5 लाख के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गयी। आपके इलाज में कोई खर्च नहीं होगा। आज देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिला है। तीसरी बार आऊंगा, तब भी मुफ्त राशन मिलेगा। लोगों को आवास दिया जायेगा।

## प्रधानमंत्री ने तीसरी बार काशी से किया नामांकन



- शाह-राजनाथ-चंद्रबाबू नायडू-चिराग सहित कई रहे मौजूद
- कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित, कहा, थैंक्यू

वाराणसी (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गिरिडीह आने से पहले मंगलवार को काशी से नामांकन किया। इससे पहले उन्होंने मां गंगा की आरती की और सीधे काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद डीएम ऑफिस पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। प्रधानमंत्री ने वाराणसी से तीसरी बार नामांकन किया। वाराणसी में प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई पार्टियों के प्रमुख और कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नामांकन के लिए डीएम दफ्तर परिसर से अपने चार प्रस्तावकों को साथ लेकर गये थे। यहां उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया। साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। प्रधानमंत्री के प्रस्तावक बनने वालों में अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकालने वाले पंडित गणेश्वर शास्त्री, संघ के पुराने कार्यकर्ता बैजनाथ पटेल, ओबीसी समाज के लालचंद कुशवाहा और दलित समाज के संजय सोनकर शामिल थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान सबसे पहले मोदी ने सभी कार्यकर्ताओं को थैंक्यू कहा और 1 जून तक अपना उत्साह और उमंग बनाये रखने की अपील की। साथ-साथ प्रत्येक पोलिंग बूथ पर विजय का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि जनता का ये प्यार, ये उत्साह, ये आशीर्वाद रोड शो के साथ-साथ इवीएम में भी दिखायी देना चाहिए।


OXFORD PUBLIC SCHOOL
NEW TOWNSHIP, P.O. - SHAHPUR, MEDININAGAR, PALAMU (JHARKHAND) - 822110
(AN ENGLISH MEDIUM CO-ED. SENIOR SECONDARY SCHOOL)
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI | AFFILIATION NO. - 3430408
HEARTIEST CONGRATULATIONS!
OUR TOPPERS OF AISSCE (XII) - 2024
RANK 1 IN PALAMU — SANIYA FATMA (HUMANITIES) MARKS-94 %
RANK 2 IN PALAMU — AKANKSHA GUPTA (COMMERCE) MARKS-95 %
RANK 3 IN PALAMU — KUMARI AKANKSHA (SCIENCE) MARKS- 94.2 %
RANK 2 IN SCHOOL — AMAN KUMAR (SCIENCE) MARKS- 92.2 %
OUR TOPPERS OF AISSE (X) - 2024
UMA SHANKAR SINGH MARKS-95 %
SHREYASI RAJ MARKS- 94 %
PRABHAT RANJAN MARKS-94 %
JAYANT KUMAR GUPTA MARKS- 93 %
ABHINAV RAJ MARKS- 93 %
SKAND PANDEY MARKS-92 %
MAYANK KUMAR MARKS-92 %
MAYANK KUMAR MARKS-92 %
ADMISSION GOING ON : XI (2024 - 2025)
SCIENCE, COMMERCE & HUMANITIES
SCHOLARSHIP FOR SCHOOL TOPPERS UPTO 5TH RANK
For details contact : 06586-299990 | 9905302220 | 9905402220
www.opsdaltonganj.in | oxfordpsdaltonganj@gmail.com
(Dr. S.B.P. Mehta) Chairman
(Dr. A.K. Singh) Principal


## इडी के सवालों में उलझे आलमगीर आलम

- ग्रामीण विकास मंत्री से टेंडर घोटाले में हुई पूछताछ
- चल-अचल संपत्ति की जानकारी मांगी, आज फिर बुलाया गया
- संजीव लाल की पत्नी रीता लाल से भी हुई पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के सामने पेश हुए। टेंडर घोटाला मामले और उनके निजी सचिव के नौकर से घर से मिले 32 करोड़ रुपये को लेकर पूछताछ की गयी। सूत्रों के मुताबिक आलमगीर इडी अधिकारियों द्वारा पूछे कई सवालों में उलझ गये। कुछ सवालों का उन्होंने जवाब दिया, तो कुछ सवालों पर चुप्पी साध ली।

गौरतलब है कि इडी ने टेंडर घोटाला में मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को फरवरी 2023 में गिरफ्तार किया था। इसके बाद इस वर्ष 7 मई को इडी ने आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल, उसके नौकर जहांगीर समेत छह जगहों पर छापामारी की थी। इस छापेमारी में लगभग 32 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। इडी ने प्रोजेक्ट भवन स्थित ग्रामीण विकास विभाग में संजीव लाल के कार्यालय की भी तलाशी



ली। वहां से भी लगभग दो लाख रुपये बरामद हुए थे। इस मामले को लेकर इडी ने मंत्री आलमगीर आलम को समन कर 14 मई को बुलाया था। इडी इस मामले में संजीव लाल की पत्नी से भी पूछताछ कर रही है। उसकी पत्नी रीता लाल को भी मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। आलमगीर आलम सुबह करीब 11 बजे इडी कार्यालय पहुंचे और रात करीब 8 बजे तक पूछताछ हुई। सूत्रों के मुताबिक इडी ने वीरेंद्र राम, संजीव लाल और जहांगीर समेत अन्य लोगों की पूछताछ के आधार पर पहले से सवाल तैयार कर रखा था। सूत्रों के मुताबिक आलमगीर के जवाब से इडी अधिकारी पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुए हैं। उन्हें बुधवार को पिर बुलाया गया है।


FLORENCE Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand
Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

आयुर्वेदिक क्षारसूत्र एवं अग्नि कर्म द्वारा सफल ईलाज शुरू
AVOID SRUGERY
• PILES
• FISTULA
• FISSURES &
• PILONIDAL SINUS
आयुर्वेद की युक्ति रोग से मुक्ति
PILES CURE CENTER & SHIVAY AYURVEDA CHIKITSALYA
सम्पर्क करें
9162732562, 7004764956
Near Madan Dhaba, Kokar, Ranchi

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2024
Empowering students for a brighter future
COMPUTER APPLICATIONS PROGRAMMES
Bachelor of Computer Applications (BCA)
Master of Computer Applications (MCA)
APPROVAL & RECOGNITIONS
Approved by UGC & AICTE
Re-accredited by NAAC with A++ Grade
Accredited by NBA
Ranked in QS World Rankings 2024
NIRF INDIA RANKINGS 2023
15th Best in University Category
27th Best in Engineering Category
To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

# गिरिडीह में पीएम मोदी... और बहने लगा जन सैलाब

## ■ सभा में जयघोष इतना कि कान भी बहरे हो जायें

## ■ गांवों से लोगों का रेला खेत-खलिहान लांघ पहुंचा सभास्थल

## ■ पीएम के जाने के बाद भीड़ को चीर कर निकलना आसान नहीं था

**आजाद सिपाही विशेष**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झारखंड की तीसरी चुनावी यात्रा का पड़ाव मंगलवार को गिरिडीह के बिरनी में हुआ। यहां के पेसम में उन्होंने प्रदेश में पांचवीं जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा को कवर करने आजाद सिपाही की टीम भी वहां गयी थी। इस जनसभा ने एक बात साफ कर दी कि आज की तारीख में नरेंद्र मोदी का जादू लोगों के सिर चढ़ कर बोल रहा है। मोदी को देखने के लिए क्या बच्चे और क्या बूढ़े, जवान, सभी में एक जैसी उत्सुकता थी, दीवानगी थी। सभा में भीड़ इतनी थी कि इसका न अंत दिख रहा था और न शुरुआत। कई बुजुर्गों ने कहा कि उनकी याद में इतनी भीड़ किसी नेता की सभा में आज तक नहीं हुई थी। पीएम मोदी ने इस जनसभा के माध्यम से न केवल झारखंड के जनमानस पर एक करिश्मा कर दिया, बल्कि इस चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों की जीत की राह को आसान भी बना दिया। गिरिडीह के बिरनी में हुई पीएम मोदी की सभा को कवर करने गयी टीम ने रांची से सभास्थल तक के रास्ते में जो कुछ देखा, सुना और महसूस किया, उससे तो यही बात साफ होती है कि पीएम मोदी के प्रति लोगों की दीवानगी की कोई सीमा नहीं है। इतनी लोकप्रियता हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी होती है और हर किसी के लिए ऐसा करना संभव नहीं है। पीएम मोदी की इस जनसभा को कवर करने के दौरान एकत्र अनुभव और राजनीतिक संदेश को आसान भाषा में समझा रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

मंगलवार 14 मई को सुबह करीब पौने नौ बजे आजाद सिपाही की टीम रांची से गिरिडीह के लिए निकली, जहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा होनी थी। रांची के भाजपा कार्यालय के पीछे गाड़ियों का काफिला लगा था। अलग-अलग संस्थानों के पत्रकार गाड़ियों में बैठे और निकल पड़े सभा को कवर करने। तय हुआ कि नाश्ता टाटीझरिया में किया जायेगा। टाटीझरिया में प्रधान और पंडित जी गुलाब जामुन वाले बहुत फेमस हैं। वहां पत्रकारों ने नाश्ता किया। हमने वहां के प्रसिद्ध गुलाब जामुन भी खाये। सच में बहुत लजीज थे। जो कोई भी इस रास्ते से गुजरे और जिसे शुगर न हो, उसे प्रधान होटल के गुलाब जामुन जरूर ट्राई करने चाहिए। उसके बाद आजाद सिपाही की टीम सभास्थल की ओर निकल पड़ी। जैसे ही हम बगोदर पहुंचे, हरिहरधाम मंदिर का दर्शन भी हो गया। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यहां पर जो शिवलिंग स्थापित है, वह करीब 65 फीट ऊंचा है। मंदिर को निहारने के बाद हम लोग आगे बढ़े।

### बगोदर में माले का झंडा भी दिखा

बगोदर से आगे बढ़ने के क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की गाड़ियां दिखनी शुरू हुईं। रास्ते में 10-15 महिलाएं भाकपा माले का झंडा ढोती दिखीं। जब हम सरिया पहुंचे, तो भाजपा कार्यकर्ताओं की गाड़ियों का काफिला दिखना शुरू हुआ। अब संख्या बढ़ रही थी। यहां डीजे में धारा 370 हटने का गाना बज रहा था। प्रचार गाड़ी में कहा जा रहा था, एक तरफ अकेला मोदी और दूसरी तरफ पूरा भ्रष्टाचारी विपक्ष। सरिया में भारी जाम भी लगा था। जब हम भलुआ और दोनिया गांव पहुंचे, तब भाकपा माले का झंडा कई घरों पर टंगा दिखा। वैसे भी बागोदर विधानसभा से विधायक विनोद सिंह हैं, जो भाकपा माले से हैं और कोडरमा लोकसभा से प्रत्याशी भी हैं।

### सभास्थल से पांच किलोमीटर पहले से ही था लोगों का हुजूम

जब हम सभास्थल की ओर बढ़ रहे थे, जो गिरिडीह के बिरनी थाना क्षेत्र के पेसम में होनी थी, तो पांच किलोमीटर पहले से ही मोदी के समर्थकों का महाजुटान दिखने लगा। गांव की सड़कें पूरी तरीके से जाम। लगा कि कोई भी व्यक्ति सभास्थल समय से नहीं पहुंच पायेगा, लेकिन अचानक जाम हटा। अब हम लोग सभास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर थे। यहां का नजारा देखने लायक था। पीएम मोदी को देखने-सुनने की लोगों की ललक यहीं से समझी जा सकती है। तपती धूप, प्रचंड गर्मी और लोगों का रेला। यहां से हजारों-हजार की संख्या में लोग सभास्थल की ओर बढ़ रहे थे। पुल पर लंबा जाम। मोदी-मोदी के नारे। पुल के नीचे से भी ग्रामीणों की लंबी कतार।



फोटो- प्रदीप ठाकुर

### मोदी के लिए अजीब सी दीवानगी दिखी

चिलचिलाती धूप में मोदी के लिए ऐसी दीवानगी सिर्फ और सिर्फ मोदी की सभाओं में ही देखने को मिली। हम लोग सभास्थल के करीब बढ़ने लगे। भीड़ की कोई सीमा नहीं थी। कहां से शुरू, कहां पर खत्म, समझ में नहीं आ रहा था। गांव के खेतों की पगडंडियों के रास्ते पर हजारों-हजार की संख्या में ग्रामीण दिखाई दे रहे थे। महिलाओं, पुरुष, बच्चों और बुजुर्गों का रेला। आसपास के सभी गांवों का यही हाल था। ऐसा लग रहा था कि गांव का गांव पीएम मोदी को देखने पहुंच रहा है। हमने पंचायत भवन से सभास्थल में जाने का अपना पास कलेक्ट किया और फिर निकल गये सभास्थल की ओर, क्योंकि बिना पास के पीएम का प्रोग्राम कोई मीडियाकर्मी कवर नहीं कर सकता। प्रोटोकॉल का हिस्सा रहता है।

### सभास्थल पर भीड़ का न आरंभ था, न अंत

खैर, जैसे ही हम सभास्थल पहुंचे, वहां का नजारा देख आंखें दंग रह गयीं। भीड़ इतनी कि आप अपनी आंखों पर यकीन नहीं कर पायेंगे। आंखों के सामने भीड़ का ऐसा नजारा शायद मैंने किसी नेता के लिए तो कभी नहीं देखा। जहां तक नजर जा सकती थी, वहां तक सिर्फ भीड़ ही भीड़। पेड़ों पर भी बहुत संख्या में लोग चढ़े हुए थे। अगर संख्या की बात करूं, तो वह लाखों में होगी। सभा के टेंट में जितनी भीड़ होगी, उससे पांच गुणा ज्यादा बाहर खड़ी थी, बैठी थी, आ भी रही थी। गर्मी इतनी प्रचंड कि पानी की बोतलें धड़धड़ा बिक रही थीं। पानी के टैंकरों से पानी बहे जा रहे थे। लोगों में पानी पीने की होड़ मची हुई थी। आइसक्रीम के स्टॉल पर बर्फवाली आइसक्रीम ज्यादा डिमांड में थी। पांच रुपया दाम था। आइसक्रीम वाला करीब साढ़े तीन हजार का आइसक्रीम बेचने के लिए राजधनवार से लाया था।

### ऐसा लग रहा था मानो भीड़ बह रही थी

हम लोग सभास्थल के आसपास करीब तीन बजे पहुंचे। लेकिन एक बजे से लेकर जो तीन बजे तक का समय था, उस दौरान हम लोग पांच से सात किलोमीटर की रेडियस में रहे होंगे। उस दौरान भीड़ मानो बह रही थी। इस दौरान जब मैं प्रोग्राम कवर कर रहा था, नेताओं का भाषण चल रहा था, तभी करीब तीन- चार साल की बच्ची खो गयी थी। एक महिला जैप जवान के पास वह बच्ची थी। बच्ची के हाथ में हरे रंग की आधी भरी पानी की बोतल थी। वह रो रही थी। खैर उस बच्ची को डीसी को सौंपा गया, लेकिन अगर मंच से उसी समय अनाउंस हो जाता कि बच्ची खो गयी है, तो शायद उसके माता-पिता उसी समय मिल जाते। पीएम का प्रोग्राम था। कोई भी अधिकारी मंच तक नहीं जा रहा था। मैंने कुछ अधिकारियों को बोला भी, लेकिन वे बहुत ही नॉर्मल रहे। ऐसा बर्ताव कर रहे थे, मानो कुछ हुआ ही नहीं हो। सुकून इस बात का था कि वह बच्ची सही हाथों में थी। लेकिन अगर कोई भी बड़ा प्रोग्राम हो, तो वहां लोगों की मदद के लिए व्यवस्था भी होनी चाहिए, जहां से इमरजेंसी अनाउंसमेंट हो सके। फिर वह प्रोग्राम पीएम का ही क्यों न हो।

### और दिखा मोदी का हेलीकॉप्टर

अब शाम के करीब चार बज कर 25 मिनट हो रहे थे। पीएम मोदी का हेलीकॉप्टर दिख गया। वह सभास्थल के करीब आ रहा था। आवाज भी सुनाई देने लगी। धूल भी उड़नी शुरू हो गयी। इस दौरान बाबूलाल मरांडी मंच पर भाषण दे रहे थे। लोगों में मोदी के प्रति दीवानगी ऐसी कि हर सेकेंड लोगों का शोर बढ़ रहा था। बाबूलाल मरांडी को ऐसे ही जन नेता नहीं कहते। उन्होंने उसी शोर में उस खोयी हुई बच्ची के लिए अनाउंसमेंट कर दिया। उस बच्ची को जैप के जवान बिस्किट खिला रहे थे और पानी पिला रहे थे। तभी अचानक एक और खोयी बच्ची को लाया गया। दोनों बच्चियां गुलाबी रंग की टीशर्ट पहनी थी। डीपीआरओ भी बच्चियों के पास मौजूद थी। बाबूलाल मरांडी अब भी भाषण दे रहे थे।

### 4.50 बजे मंच पर पहुंचे पीएम मोदी

समय चार बज कर 50 मिनट। मोदी मंच पर। सफेद कुर्ता और नीली बंडी पहने मोदी मंच पर। उपस्थित नेताओं का आभार जताया। हाथ हिला कर जनता का अभिवादन किया। शोर इतना कि कान बहरे हो जायें। इतना शोर मैंने कभी नहीं सुना था। भाषण शुरू करने से पहले पीएम मोदी के लिए आकृति बना कर लायी एक बच्ची की पेंटिंग दिखायी गयी। पीएम मोदी ने मंच से सराहा और एसपीजी को निर्देश दिया कि वह पेंटिंग रखी जाये और उस बच्ची का नंबर भी लिखने को कहा।

### पूरा वातावरण मोदीमय हो गया

मोदी ने जैसे ही भाषण शुरू किया, पूरा वातावरण मोदीमय हो गया। 'जय श्रीराम' के जयघोष से पूरा माहौल गुंजायमान हो गया। मोदी के भाषण के दौरान भीड़ बढ़ती ही जा रही थी। लोग दूर घरों की छतों, खड़ी बसों के ऊपर चढ़ कर मोदी को सुन रहे थे।

पीएम हाथ हिलाने लगे और भीड़ दीवानी हो गयी

करीब पांच बज कर 30 मिनट पर पीएम मोदी का भाषण समाप्त हुआ। अब चुनौती थी भीड़ को चीरते हुए पार्किंग तक पहुंचने की। अचानक देखा कि मोदी जी जब हेलीपैड की ओर जा रहे थे, तब उन्होंने गाड़ी के बाहर निकल कर लोगों को हाथ हिलाना शुरू किया। भीड़ दीवानी हो गयी। भागने लगी, सिर्फ मोदी की झलक पाने को। नेता वही, जो मौके को अच्छी तरह भांपे। मोदी जी ने भी देखा कि भीड़ इतनी मात्रा में है, तो क्यों ना भीड़ में शामिल लोगों का दिल जीता जाये। कई घंटे लगे भीड़ को खत्म होने में। मोदी भी समझ गये कि वह आज गिरिडीह और कोडरमा की जनता से क्या लेकर जा रहे हैं। शायद जीत का आशीर्वाद।

---

# एनजीटी के आदेश के बाद राज्य सरकार रेस, निकाला नियुक्ति का विज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सख्ती के बाद राज्य सरकार ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अध्यक्ष और सदस्य सचिव की नियुक्ति का विज्ञापन जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार, अध्यक्ष पद की रेस में कई सेवानिवृत्त आइएएस, आइएफएस सहित कई पर्यावरणविद् भी शामिल हैं। बताते चलें कि एनजीटी ने झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड के क्रियाकलापों को लेकर नराजगी जतायी थी। न्यायाधिकरण ने कहा था कि प्रदूषण बोर्ड में काबिल अफसरों की तैनाती करें। एनजीटी ने यह मामला झारखंड सरकार के संज्ञान में भी लाया है। उसने कहा है कि बोर्ड में सक्षम ऑफिसर की जरूरत है।

### प्रभार में चल रहा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड के चेयरमैन और मेंबर सेक्रेट्री का पद प्रभार में चल रहा है। निर्दलीय विधायक सह पूर्व कैबिनेट मंत्री सरयू राय ने भी इस मामले में मुख्य सचिव को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया था कि झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष और सचिव पद पर नियुक्तियां करते समय विशिष्ट ज्ञानयुक्त पूर्णकालिक पदाधिकारी को ही इन पदों पर पदस्थापित किया जाना चाहिए।




**एनजीटी दे चुका है कार्रवाई का आदेश**

ट्रिब्यूनल ने पर्यावरणीय कानून और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करने के लिए बोर्ड से सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश राज्य के मुख्य सचिव को भी दिया है। एनजीटी ने अपने आदेश में कहा है कि सदस्य सचिव की ओर से ऐसा किया जाना कानून की उनकी पूर्ण अज्ञानता और अवहेलना को दर्शाती है। ट्रिब्यूनल ने मुख्य सचिव को उक्त आदेश सदस्य सचिव की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में लगाने का भी निर्देश दिया है।

---

प्रोजेक्ट इंपैक्ट 10 दिवसीय कार्यशाला

# सीएम एक्सलेंस स्कूलों के प्राचार्य की ट्रेनिंग शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीइआरटी) में मंगलवार से प्रोजेक्ट इंपैक्ट से संबंधित 10 दिवसीय कार्यशाला के दूसरे फेज की शुरुआत हुई। इसमें जेसीइआरटी के निदेशक आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट के उद्देश्य, इसके लाभ और क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रशिक्षण में राज्य भर के 12 जिलों के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों (गैर-आवासीय) के प्राचार्य और एक-एक शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे चरण में सरायकेला खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, खूंटी, रामगढ़, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, पलामू, गढ़वा, सिमडेगा और चतरा के प्राचार्यों और शिक्षकों ने भाग लिया।

**क्या है प्रोजेक्ट की खासियत**

गौरतलब है कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट की ट्रेनिंग के लिए यह दूसरा बैच है। इस दौरान ट्रेनिंग में शामिल प्रतिभागियों को फिल्म दिखायी जाती है। स्टूडेंट्स की तरह असेंबली करायी जाती है। योग, मेडिटेशन, जुंबा, एयरोबिक्स, गिल्ली-डंडा, कंचा, रस्साकशी, पिट्टो जैसे पारंपरिक खेलों की जानकारी दी जाती है। उन्नत खेती, साफ-सफाई, वाल पेंटिंग वगैरह भी टीचर से करायी जाती है, जो अपने स्कूलों में भी स्टूडेंट को बता सकें।

---

# तारा शाहदेव प्रकरण : रकीबुल हसन की मां और मुश्ताक अहमद को मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सजायाफ्ता रकीबुल हसन एवं उसकी मां कौशल रानी और मुश्ताक अहमद की ओर से सीबीआइ कोर्ट द्वारा सुनायी गयी सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने रकीबुल हसन की मां कौशल रानी और बर्खास्त रजिस्ट्रार विजिलेंस मुश्ताक अहमद को जमानत प्रदान कर दी।

सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 8 अक्टूबर 2023 को रकीबुल हसन की मां कौशल रानी को 10 साल की सजा सुनायी थी। साथ ही मुश्ताक अहमद को 15 साल की सजा सुनायी थी, जबकि रकीबुल हसन उर्फ रंजीत कोहली को अंतिम सांसों तक जेल में रहने को लेकर उम्र कैद की सजा सुनायी थी। रकीबुल और उसकी मां कौशल रानी और मुश्ताक अहमद की ओर से अपील में कहा गया है कि उन्हें आइपीसी की धारा 120बी सह पठित धारा 376 (2एन) में सजा दी गयी है। जब उन पर धारा 376 ( 2एन ) का मुख्य मामला ही नहीं बनता है, तो 120 बी यानी षड्यंत्र का मामला भी नहीं बन सकता है। इन तीनों ने अपील दायर कर खुद को सजा मुक्त करने का आग्रह हाइकोर्ट से किया है।

बता दें कि इस हाई प्रोफाइल मामले में सीबीआइ कोर्ट ने मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल, उसकी मां कौशल रानी एवं मुश्ताक अहमद को दोषी ठहराते हुए 5 अक्टूबर 2023 को सजा सुनायी थी। मामले में सीबीआइ की ओर से 26 गवाह प्रस्तुत किये गये थे, वहीं बचाव पक्ष की ओर से चार गवाह प्रस्तुत किये गये थे।

गौरतलब है कि मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाइकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं रकीबुल की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे हैं। इन तीनों आरोपियों के खिलाफ 2 जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआइ ने वर्ष 2015 में केस को अपने हाथों में लिया था।

रंजीत कोहली एवं तारा शाहदेव की शादी 7 जुलाई 2014 को हुई थी, लेकिन शादी के कुछ माह बाद उसे धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रताड़ित किया गया। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ 2 जुलाई 2018 को आरोप गठित किया था। सीबीआइ ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था। रांची के हिंदपीढ़ी थाना में दर्ज प्राथमिकी को सीबीआइ ने अपने हाथों में लिया था। सीबीआइ की दिल्ली ब्रांच ने इस मामले में कांड संख्या आरसी/ 9एस/2015 दर्ज किया था।

# तानाशाही ताकतों के खिलाफ इस बार जनता लड़ रही है चुनाव: कल्पना सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी और इंडी गठबंधन की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कहा है कि लोकतंत्र और संविधान को बदलने की सोच रखने वाली तानशाही ताकतों के खिलाफ इस बार जनता चुनाव लड़ रही है। तानशाही ताकतों को सबक सिखाने के लिए कमर की पेटी बांध कर जनता तैयार है। झारखंड में हुए चार सीटों के चुनाव में जनता ने तानशाही ताकतों को वोट की चोट देकर अपना आक्रोश दर्ज कराया है। वह मंगलवार को कोडरमा संसदीय क्षेत्र के तिसरी में इंडी गठबंधन प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह के समर्थन में आयोजित सभा में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार किसी




परिचय के मोहताज नहीं हैं। विनोद सिंह सामाजिक जीवन में शुचिता की मिसाल, कर्मठ, बेबाक रूप से अपनी बात, अपने लोगों की बात, मुद्दों की बात, झारखंडी हितों की बात करने वाले व्यक्ति हैं।

कल्पना सोरेन ने कहा कि कोरोना संकट के बीच हेमंत जी ने जिस ढंग से अपने मजदूर साथियों के लिए जी-जान लगा दिया था, देश के कोने-कोने में फंसे राज्य के लोगों तक मदद पहुंचाने का जो उन्होंने काम किया था, वह माटी का सच्चा बेटा ही कर सकता है। उन्होंने कहा कि तिसरी, सतगांवा, जयनगर आदि इलाके में एक बड़ी आबादी अभ्रक खनन से जीवन यापन करती है, लेकिन कोई वैध खदान नहीं होने के कारण लोगों को बिचौलियों का सहारा लेकर काम करना पड़ता है। खदान धंसने जैसी खबरें भी हमारे सामने आती रहती हैं। हेमंत जी ने इस समस्या को सुलझाने का प्रयास किया था। सही तरीके से अभ्रक खनन प्रारंभ करवाने के लिए फेडरेशन बनाया था। आज अभ्रक उद्योग से जुड़े लोग भी कह रहे हैं कि हेमंत जी ही इस समस्या का स्थाई निदान दे सकते हैं। लोगों ने पूर्व में कोडरमा से जिनको जिताया था, उन्होंने यहां के लोगों के मुद्दों पर कभी काम नहीं किया।

# मोदी को जिताने से ही भारत समृद्ध और विकसित बनेगा : बाबूलाल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के पेसम में कोडरमा और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्रों और गांडेय विधानसभा क्षेत्र के लिए महाविजय संकल्प सभा में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी को और गिरिडीह से चंद्रप्रकाश चौधरी को रिकॉर्ड मतों से जिताना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित और समृद्ध बनाना चाहते हैं। यह तभी संभव होगा, जब वह 2024 में भारी मतों से जीतेंगे। इस बार भाजपा चार सौ पार करेगी। पीएम नरेंद्र मोदी गांवों, गरीबों, महिलाओं, पिछड़ों और किसानों के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों को पीएम आवास, शौचालय, मुफ्त राशन, गैस कनेक्शन, पांच लाख तक का इलाज जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। पीएम मोदी गरीबों, किसानों, पिछड़ों, दलितों और महिलाओं की चिंता करते हैं। इंडी गठबंधन के लोग अपने, परिवारवालों और पैसों के लिए राजनीति करते हैं। इसलिए इंडी वालों में अधिकांश लोग आज जेल में हैं, कोई बेल पर है, कोई सजायाफ्ता है और ये लोग भारत के भाग्य विधाता बनना चाहते हैं। ये जेएमएम वाले, कांग्रेस वालों ने झारखंड में लूट मचायी हुई है। सब कुछ लूटकर बेच दिया। बालू, लोहा, कोयला, गैरमजरुआ जमीन तक को बेचा। इन्होंने तो सेना तक की जमीन तक को नहीं छोड़ा, उसे भी लूटा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री और कांग्रेस के बड़े नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां से इडी की छापामारी के दौरान 32 करोड़ नगद मिले हैं। यह पैसा किसका है। क्या यह लूट का पैसा नहीं है। इनके नौकरों के पास इतना पैसा मिल रहा है, तो इनके आकाओं के पास कितना पैसा मिलेगा, यह समझा जा सकता है। कांग्रेस वालों ने देश को इतना पीछे धकेल दिया था कि विकास कोसों दूर हो चला था, लेकिन जब से मोदी की सरकार बनी, देश विकास के नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय योजनाओं से जनता को हो रहे लाभ के बारे में भी जानकारी साझा की।

# पिछले चुनाव में कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथों पर करें विशेष फोकस: के रवि कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) के रवि कुमार ने चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा है कि लोकसभा चुनाव के आगामी चरण की बेहतर तैयारी करें। हरेक मतदाता तक वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का वितरण कराते हुए शहरी निकाय के मतदान केंद्रों पर अच्छे मतदान के लिए नगर निकाय के पदाधिकारियों को मतदान केंद्रों के साथ टैग करें और मतदाताओं के परिवारजनों को क्लब करें। साथ ही बीएलओ और सुपरवाइजर भी घर-घर जायें, मतदाताओं के बीच वितरण किये जा रहे वोटर इनफॉरमेशन स्लिप की मॉनिटरिंग करें। वहीं मतदान केंद्र जागरूकता समूह के साथ छोटी-छोटी मीटिंग कर उन्हें सक्रिय करें। शारीरिक रुप से अक्षम मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की पहल संबधी कार्य में गति लायें। बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए पूरी मेहनत करें।



## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा

सीइओ ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निकाय के पदाधिकारियों के साथ झारखंड में लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे और सातवें चरण में होने वाले मतदान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग और शारीरिक रुप से अक्षम मतदाताओं को मतदान केंद्र पर लाने की पूरी योजना तैयार करें। मतदान के दिन और उसके पूर्व चुनाव जागरूकता के लिए जारी जिंगल्स और गानों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य करें। साथ ही माइकिंग के माध्यम से भी जाकरूकता सुनिश्चित करें। माइकिंग के लिए विस्तारित कार्य योजना तैयार करें, ताकि मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि वन-टू-वन वोटर कनेक्ट के माध्यम से मतदाता तक पहुंचने से वोटिंग प्रतिशत में इजाफा होगा। उन्होंने माइक्रो लेवल पर कार्य करने पर बल दिया। मतदान केंद्रों पर आने में असमर्थ मतदाताओं के लिए परिवहन की पूरी सुविधा देने, मतदान के दिन रीयल टाइम मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह और डॉ नेहा अरोड़ा सहित निर्वाचन कार्यालय के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# असम के मुख्यमंत्री आज रजरप्पा, देवरी और चिरकुंडा में करेंगे जनसभा



**रांची (आजाद सिपाही)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विस्वा सरमा 15 मई को हजारीबाग, कोडरमा और धनबाद लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ सरमा रामगढ़ जिले के रजरप्पा डीएवी मैदान में 11:00 से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। असम के सीएम गिरिडीह जिले के जमुआ विधानसभा के ब्लॉक मैदान-देवरी में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ सरमा धनबाद जिले के निरसा के चिरकुंडा स्थित श्रम कल्याण केंद्र में 2.30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

# हमें मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है: सुदेश महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने पेसम की सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा काशी विश्वनाथ की धरती से अपना नामांकन कर सीधे बाबा बैद्यनाथ और पार्श्वनाथ की धरती पर आये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का स्रोत आप जनता हैं। जो जनसैलाब उमड़ा है, वह मोदी के काम की गारंटी है। यूपीए ने देश को बदलने के लिए नहीं, खुद का अस्तित्व बचाने के लिए यह गठबंधन बनाया है और नया नाम इंडी गठबंधन दिया है। उन्होंने कहा कि देश का नेता चुनना है। प्रधानमंत्री चुनने का अवसर है। इसके लिए चुनाव हो रहा है। हमने अपना प्रधानमंत्री चुन लिया है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जो पिछले 10 वर्ष से देश की सेवा कर रहे हैं, इस बार भी जितायेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने जो विकास किया है, उसे जारी रखने की जिम्मेवारी आप लोगों पर है।

# लक्ष्मीकांत वाजपेयी आज रांची और जमशेदपुर के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी 15 मई को रांची और जमशेदपुर के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। श्री वाजपेयी दोपहर 12 बजे सरायकेला खरसावां जिले के ईचागढ़ विधानसभा के नीमडीह, रघुनाथपुर के ब्लॉक ऑफिस के सामने महिला लाभार्थी सम्मेलन में भाग लेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रत्याशी संजय सेठ, सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष उदय सिंह, विधानसभा प्रभारी दिनेश कुमार भी मौजूद रहेंगे। श्री



वाजपेयी 2:30 बजे से ईचागढ़ विधानसभा की बैठक में शामिल होंगे। बैठक पूर्व विधायक साधु चरण महतो के आवास स्थित विधानसभा चुनाव कार्यालय में होगी। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रत्याशी संजय सेठ, सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष उदय सिंह, विधानसभा प्रभारी दिनेश कुमार भी मौजूद रहेंगे। श्री वाजपेयी जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, पोटका एवं जुगसलाई विधानसभा की संयुक्त बैठक में शाम 5:00 बजे से शामिल होंगे। बैठक का आयोजन जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में किया गया है। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा, प्रत्याशी विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर महानगर जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा प्रभारी मिथिलेश सिंह यादव, जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा प्रभारी कमल किशोर, पोटका विधानसभा प्रभारी बारी मुर्मू मौजूद रहेंगे।

# ठगबंधन के भ्रष्टाचार से मुक्त कराने का समय आ गया है : धरमलाल कौशिक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झारखंड में चुनावी कमान संभाल ली है। इसी क्रम में मंगलवार को जमशेदपुर लोकसभा चुनाव कार्यालय में परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और बिल्हा से वरिष्ठ भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक की उपस्थिति में चुनाव प्रचार की कार्ययोजना तैयार की गयी। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से जमशेदपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को विजयी बनाने के लिए अथक परिश्रम व



जनसंपर्क का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि एक राज्य का सीएम भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, जमशेदपुर लोकसभा संयोजक नंदजी प्रसाद, सह संयोजक लक्षण टुड्डू, सह संयोजक राजकुमार श्रीवास्तव,जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# हंटरगंज में तेजस्वी यादव की चुनावी जनसभा आज

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया सभास्थल का निरीक्षण

**प्रवीण रस्तोगी**

**चतरा (आजाद सिपाही)।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सह बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव बुधवार को दोपहर 12 बजे हंटरगंज के हाइस्कूल के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। तेजस्वी यादव महागठबंधन से चतरा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। साथ ही महागठबंधन प्रत्याशी से नाराज चल रहे यादव समाज के लोगों को एक मंच पर लाने तथा आपसी गिला-शिकवा दूर करने





की कोशिश करेंगे। झारखंड में राजद कोटे से एकलौते मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव का चुनावी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि राजद के कार्यकर्ता चतरा लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी देने की लगातार मांग कर रहे थे। लेकिन महागठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी देने से राजद समर्थकों में नाराजगी थी। जिसके कारण रांची में आयोजित उलगुलान रैली में कांग्रेस प्रत्याशी एवं चतरा के राजद नेता के बीच मारपीट की घटना घटी। जिसके कारण यादव नाराज हो गये थे। हालांकि पिछले दिनों कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी ने सार्वजनिक तौर पर मारपीट की घटना के लिए माफी मांग कर यादवों को मना लिया है। लेकिन इस नाराजगी को शत-प्रतिशत दूर करने के लिए यादव और मुसलमान को एक साथ लाकर डैमेज कंट्रोल के लिए तेजस्वी की जनसभा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।






सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 87,000 रु./प्रति किलो |



# देश को कांग्रेस वाली कमजोर सरकार नहीं चाहिए : संजय सेठ

**सांसद संजय सेठ ने नामकुम, आरा गेट, तुपुदाना, गांधीनगर में जनसंपर्क अभियान चलाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद सेठ ने कहा कि देश कांग्रेस वाली कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता। देश 56 इंच के सीने वाला प्रधानमंत्री चाहता है, जिसका नाम नरेंद्र दामोदर दास मोदी है। श्री सेठ ने कहा कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा और विश्वसनीयता के साथ समझौता किया। प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाले बोर्ड के सीइओ के रूप में कार्य किया, सारे फैसला सोनिया गांधी लेने लगीं। इसके कारण कांग्रेस के मंत्रियों ने जम कर देश में घोटाला किया और देश के पैसे को लूटे। यूपीए के 10 वर्ष के कार्यकाल ने देश के आर्थिक विकास के सभी आधारों को नष्ट कर दिया, परंतु आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में सही नीति निर्धारण के कारण कोई भी योजना की स्वीकृति बिना देर किये तुरंत हो रही है। इसलिए देश के विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए 25 तारीख को कमल निशान पर बटन दबा कर भारी मतों से विजयी बनायें।



## राजीव रंजन मिश्रा ने सामाजिक संगठनों से संजय सेठ को विजयी बनाने की अपील की

रांची। वरिष्ठ समाजसेवी राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को विजयी बनाने के लिए सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें मुख्यरूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू उपस्थित थे। बैठक का संचालन शाहिल कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन शंकर दुबे के द्वारा किया गया। बैठक में रांची के विभिन्न क्षेत्रों से सामाजिक संगठनों से प्रभारी नियुक्त किया गया है। इनमें ये शामिल हैं कांके से आकाश दुबे, विशाल राय, बरियातू से गोपाल पारीक, बड़गाईं से मनीष साहू, पुनदाग से अमरदीप साहू, हिंदपीढ़ी से लंकेश सिंह, चुटिया से कैलाश केसरी, बोरिया से पिंटू तिवारी, कमल कांत दुबे, अरगोड़ा से शाहिल कुमार, हिनू से पीयूष आनंद, अपर बाजार से राजीव सिंह, नामकुम से राकेश सिंह, रातू से ज्योति शंकर साहू, बूटी मोड़ से मंटू दुबे। राजीव रंजन मिश्रा ने सभी प्रभारियों से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के द्वारा किये गये कार्यों एवं योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और भारी संख्या में मतदातान करने के लिए जागरूक करने को कहा। बैठक में कैलाश केसरी, लंकेश सिंह, शंकर दुबे, बलकु उरांव, निर्मल पाहन, शाहिल कुमार, गोपाल पारीक, पीयूष आनंद, ज्योति शंकर साहू, अखिलेश राय, पिंटू तिवारी, कमल कांत दुबे, राजू सिंह, आशुतोष द्विवेदी सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक संगठनों के लोग शामिल थे।

## समन्वय समिति की बैठक

रांची विधानसभा कार्यालय में मंगलवार को समिति की बैठक आयोजित की गयी इस बैठक में आगामी 25 तारीख को होने वाले चुनाव के निमित्त सभी मंडलों के प्रभारी नियुक्त किये गये। इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा बूथ जीतो, चुनाव जीतो, यह बीजेपी का मूल मंत्र है और हम सभी को घर-घर जाकर भाजपा के किये गये कार्यों के बारे में बताना है। बैठक में पूर्व सांसद अजय मारू, मनोज मिश्र, रमेश सिंह, ललित ओझा, प्रेम मित्तल, गुरविंदर सिंह सेठी, मुकेश मुक्त, मुनचुन राय, ओमप्रकाश, बसंत दास, छात्रधारी महतो उपस्थित थे।

## जनसंपर्क अभियान चलाया

इधर महिला मोर्चा द्वारा रांची के विभिन्न क्षेत्रों सोसो, नगड़ू, कांके बरियातू, पिस्कमोड़ में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। नीता सेठ ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं को 33 % आरक्षण देकर सम्मान दिया। आज वक्त आ गया है कि हम अपने वोट की ताकत से उन्हें तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनायें।

# कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने पदयात्रा कर मांगा समर्थन

**झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस की पूर्व सचिव के नेतृत्व में चला अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस की पूर्व सचिव मीनाक्षी सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को इंदिरा नगर कॉलोनी, कांके रोड, रांची में डोर टू डोर जाकर आम लोगों के बीच चुनावी पंपलेट बांटा गया। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, झारखंड प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल, पूर्व रांची लोकसभा अध्यक्ष भुवनेश ठाकुर, अंकित सहाय मौजूद थे। मौके पर झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में जनसंपर्क कर कांग्रेस पार्टी को भारी से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

# 13 जिला एवं सत्र न्यायाधीश का स्थानांतरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय रांची की अनुशंसा के आलोक में 13 जिला एवं सत्र न्यायाधीश का स्थानांतरण-पदस्थापन किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सीबीआइ धनबाद को अगले आदेश तक जिला एवं अपर सत्र सह विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन ब्यूरो डाल्टनगंज के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए दुमका लक्ष्मण प्रसाद को अगले आदेश तक जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सत्र विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन ब्यूरो चाइबासा के पद पर नियुक्त किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बोकारो योगेश कुमार सिंह को अपर न्याय आयुक्त सह विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन ब्यूरो रांची के पद पर नियुक्त किया गया।

अध्यक्ष अपीलीय न्यायाधिकरण आरआरडीए रांची रमेश कुमार को पीठासीन पदाधिकारी श्रम न्यायालय जमशेदपुर के पद पर नियुक्त किया गया। राकेश कुमार को पाकुड़ से स्थानांतरित करते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश का विशेष न्यायाधीश सीबीआइ धनबाद के पद पर नियुक्त किया गया। पोस्को एक्ट डाल्टनगंज के विशेष न्यायाधीश प्रेम नाथ पांडे को अगले आदेश तक प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय बोकारो बेरमो तेनुघाट के पद पर पदस्थापित किया गया।

जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गढ़वा संजीव कुमार सिंह को प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय साहिबगंज के पद पर नियुक्त किया गया। पोस्को एक्ट लातेहार के विशेष न्यायाधीश अमित कुमार को अपर प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय गिरिडीह के पद पर नियुक्त किया गया। रंजीत कुमार को विशेष सचिव मंत्रिमंडल निगरानी विभाग रांची के पद पर नियुक्त किया गया तथा उन्हें अध्यक्ष अपीलीय न्यायाधिकरण आदरणीय रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। वीरेंद्र कुमार तिवारी को विधि सलाहकार सचिव ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के लिए सेवा ऊर्जा विभाग को दी गयी। राजीव रंजन को विशेष न्यायाधीश देवघर के पद पर नियुक्त किया गया। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय पाकुड़ को जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाकुड़ एवं सरायकेला खरसावां के पद की शक्ति दी गयी। कार्मिक विभाग ने इसके अधिसूचना जारी जारी कर दी है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### राज अस्पताल में नर्सिंग दिवस मनाया गया




**रांची (आजाद सिपाही)।** राज अस्पताल रांची में नर्सिंग दिवस मनाया गया। जिसमें अस्पातल की सभी नर्सें, अस्पताल प्रबंधन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अस्पातल कर्मी शामिल हुए। इस मौके पर अस्पताल के चिकित्सा निदेशक ने कहा कि हमारी नर्सें चिकित्सकों के बताये हुए निदेशों का सही तरीकों से पालन न करे तो मरीज के इलाज में फर्क पड़ सकता है। हमें याद रखना चाहिए कि नर्सें मरीजों का उसी प्रकार देखभाल करती हैं जैसे वो अपने परिवार के किसी भी सदस्य का। वो मरीजों को अपना परिवार ही मानती हैं। इस दौरान नर्सों के द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताएं के विजेताओं को पुरुस्कृत भी किया गया।

### महाप्रबंधक को समस्याओं से अवगत कराया



**हाजीपुर (आजाद सिपाही)।** हाजीपुर में रेलकर्मी और उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिये। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

### नर्सेज डे समारोह का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग, कृष्णापुरी, चुटिया, रांची के छात्राओं द्वारा मंगलवार को नर्सेज डे समारोह का आयोजन क्लीनिकल एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान सदर हॉस्पिटल में किया गया। इस अवसर पर सदर हॉस्पिटल की मेट्रोन, असिस्टेंट मेट्रोन, सदर हॉस्पिटल की अन्य परिचारिकायें, संस्था की प्राचार्य, शिक्षिकागण एवं छात्राएं उपस्थित थीं। सदर हॉस्पिटल की मेट्रोन ने कहा कि छात्राओं ने कहा कि आपने पेशा के रूप में नर्सिंग को चुना, यह बहुत अच्छी और गर्व कि बात है किंतु आपका मकसद सिर्फ पैसा कमाने तक सीमित न हो बल्कि अपने अंदर सदैव सेवा की भावना बनाये रखना है। यह आपके अंदर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य, शिक्षिकागण, एवं छात्राओं ने मेट्रोन एवं असिस्टेंट मेट्रोन को नर्सेज डे का कार्ड एवं पोस्टर भेंट की साथ ही साथ मेट्रोन एवं असिस्टेंट मेट्रोन द्वारा केक काट कर नर्सेज डे मनाया गया।

# जेसीएम ने चुनाव के दिन परीक्षा नहीं लेने की मांग की

**कुलपति ने परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड छात्र मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा को ज्ञापन देकर मांग किया कि जिन तिथियों को झारखंड में मतदान हैं, उन तिथियों में परीक्षा नहीं ली जाये। मोर्चा के अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में छात्रों की भागीदारी हर हाल में सुनिश्चित हो सके इसके लिए छात्र मोर्चा प्रतिबद्ध है। कई छात्र पहली बार वोटिंग करेंगे अगर चुनाव के दिन ही परीक्षा आयोजित की जायेगी तो कई छात्र पांच साल के लिए मतदान से वंचित रह जायेंगे। मोर्चा के सचिव असद फेराज टिंकू ने कहा कि इसी को लेकर कुलपति से परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग की गयी। झारखंड छात्र मोर्चा की मांग पर वीसी रांची विश्वविद्यालय ने संज्ञान लेते हुए परीक्षा नियंत्रक से परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ाने का आदेश दिया। मोर्चा ने छात्र हित के इस कार्य के लिए कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक का आभार जताया। इस मौके पर अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, संगठन सचिव इरफान खान, उपाध्यक्ष भास्कर महतो, संयुक्त सचिव बीरबल प्रजापति और मनीष राणा शामिल थे।

# चार वर्षों के बाद झारखंड श्रम न्यायालय में जज बहाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड श्रम न्यायालय में चार वर्षों से जज नहीं रहने के कारण श्रम मजदूरों से संबंधित दर्जनों मामले श्रम न्यायालय में लंबित पड़े हैं।

वर्ष 2019 में झारखंड विद्युत कामगार संघ के अध्यक्ष सुख सागर प्रसाद ने पतरातु थर्मल पावर प्लांट के 560, असंगठित मजदूरों को नियमित करने की मांग को लेकर श्रम न्यायालय में याचिका दायर की थी लेकिन लॉक डाउन लग जाने से मामला लंबित हो गया था।

मजदूरों की दयनीय स्थिति को देखते हुए संघ के अध्यक्ष ने श्रम पदाधिकारियों से आवेदन देकर जज बहाल करने की मांग की थी। जिसे संयुक्त श्रमायुक्त राकेश प्रसाद ने त्वरीत मामले को संज्ञान में लेकर श्रम न्यायालय में रिक्त जज पद पर बहाल करने का कारवाई को आगे बढ़ा दिया था जिसपर सरकार पक्ष ने हाइकोर्ट से जज बहाल करने की अनुशंसा की थी । जिसे सभी प्रक्रियाओं को पूरा कर जज बहाल कर दिया गया है।

# मेरे पास जाम से मुक्ति का फार्मूला: धर्मेंद्र तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के रांची लोकसभा के प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने मंगलवार को अपने जनसंपर्क अभियान में जाम की समस्या से मुक्ति के साथ ही नागरिक सुविधाओं को सुचारू रूप से लागू करने की बात कही। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि शहर को जाम से मुक्त करने के लिए उनके पास कई योजनाएं हैं। अगर रांची की जनता उन्हें सेवा का मौका देती है तो वह रांची को जाम मुक्त कर देंगे। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि पानी की सुविधा हर मोहल्ले में दी जाये, इसको लेकर वह काफी गंभीर हैं क्योंकि रांची के अनेक हिस्सों में पानी नहीं पहुंचता। उनकी प्राथमिकता है कि हर घर में पानी पहुंचे। इसके पूर्व श्री तिवारी सुजाता कॉलोनी, नामकुम रेलवे स्टेशन, खेलगांव, बूटी मोड़, बरियातु कॉलोनी समेत अन्य स्थान पर सिलिंडर छाप पर वोट करने का अपील की।

# मदर्स डे की थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आइआइसीसी एवं आइएनआइएफ डी संस्थान में टी-शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका थीम मदर्स डे पर था। इस में इंस्ट्टीयूट के फैशन डिजाइनिंग एवं इंटीरियर डिजाइनिंग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़ कर एक पेंटिंग बनायी और अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इसमें प्रथम प्राइज- कीर्ति सिंह, सेकेंड प्राइज-नीलिमा एवं मुस्कान के बीच टाई रहा, थर्ड प्राइज-तस्निआ खातून को दिया गया। शिक्षक में डेजी सिन्हा, आफरीन इरशाद, शिखा सराओगी, स्वीटी कुमारी, दीपाली बिस्वास, हरेंद्र कुमार, आमिर आरफीन आदि उपस्थित थे। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ एमडी महबूब आलम ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और भविष्य के लिए शुभकामना भी दी।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में समर कैंप एक्सट्रावेगेंजा 2024 का आयोजन




**विभिन्न रोचक और शिक्षाप्रद गतिविधियों का केंद्र रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में समर कैंप एक्सट्रावेगेंजा 2024 का आयोजन किया गया। पूरा विद्यालय परिसर बच्चों की किलकारियों, उत्साह और उल्लास से गूंज उठा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्य परमजीत कौर द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को ऐसा अवसर प्रदान करना था, जिनमें वे विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपने कौशल को उभार सकें।

स्कूल ने एनइपी 2020 और एनसीएफ 2023 के अनुरूप छात्रों के लिए विभिन्न रचनात्मक और ऊर्जावान कला और खेल एकीकृत गतिविधियों का आयोजन किया।

कविता द्विवेदी द्वारा ओडिशी नृत्य पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गयी, जो स्पिक मैके से संबंधित थी।

ब्रश एंड बियॉन्ड के अंतर्गत पारंपरिक कला रूपों को ध्यान में रखते हुए छात्रों को सोहराई और मधुबनी पेंटिंग सिखायी गयी। इसके अलावा छात्रों ने बुकमार्क बनाना, क्ले मॉडलिंग, छाता पेंटिंग, रचनात्मक फाइल कवर बनाना, टी-शर्ट पेंटिंग आदि भी सीखा। हेरिटेज एंड हार्मनी के छात्र विभिन्न लोक-नृत्य पर थिरकते नजर आये।

रोबो ट्रिक्स बच्चों का पसंदीदा विषय रहा, जिसमें बच्चों को रोबोट के बेसिक पार्ट्स के बारे में बताया गया। रोबोट को कैसे प्रोग्राम कर सकते हैं, इसे बच्चों ने स्वयं करके दिखाया। प्राचार्य परमजीत कौर ने समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों की सराहना की।

**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25 September. 2018 of hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 211 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name of Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**

*Name of the Election: **PARLIAMENTARY GENERAL ELECTION 2024**

Name of State/UT: **JHARKHAND**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name Of Court. Case No. & Status Of the Case (S) | Section of the acts concerned & Brief Description of offence (s) | Name Of Court & Date (S) Of Order (S) | Description Of Offence(S) & Punishment Imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 09, Jamshedpur | Samir Kumar Mohanty | SDJM Ghatsila C. No. GR867/2021, Charged Framed on 05/01/2008 | 147, 149, 341, 383, 353, 431 IPC | N/A | N/A | N/A |
| 2 | | | SDJM, Sadar at Spl. Court for MP/ MLA, Chaibasa C.No. GR 23/2020, Charge Not Framed | 379, 384, 353 IPC | N/A | N/A | N/A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention The election concerned in place of name of constituency

JHARKHAND MUKTI MORCHA CENTRAL COMMITTEE

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 36.0 °c | 21.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.22 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.08 बजे | |

## महत्वपूर्ण खबरें

### आज रुक्का प्लांट से पानी की सप्लाई रहेगी बाधित

रांची (आजाद सिपाही)। रुक्का पानी प्लांट से 15 मई को पानी सप्लाई सेवा बाधित रहेगी। इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरिखा शीर्ष कार्य प्रमंडल, रांची के कार्यपालक अभियंता की ओर से सूचना भी जारी की गयी है। प्रमंडलीय इंजीनियर चंद्रशेखर ने इस संबंध में बताया कि रूक्का प्लांट से बूटी तक विभिन्न पाइप लाइनों में लीकेज की समस्या है और इसकी मरम्मति अति आवश्यक है। इसके लिए 15 मई को सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक रूक्का से पानी सप्लाई सेवा बाधित रहेगी। इस दौरान जुमार नदी के समीप स्थित मनन विद्यालय और रूक्का के समीप स्थित बांस झोड तथा रंगरोली (ब्रिज सं 3) के पास लीकेज मरम्मति का काम होगा। रूक्का के समीप स्थित एनसीसी कैंपस और ओल्ड डब्लूटीपी के पास वेल्डिंग रिपेयरिंग का भी काम होगा।

### स्टार इंटरनेशन स्कूल के बच्चों का उम्दा प्रदर्शन




रांची (आजाद सिपाही)। स्टार इंटरनेशन स्कूल के 44 छात्रों ने इस वर्ष सीबीएसइ 10वीं की परीक्षा में भाग लिया। जिसमें छात्रों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन डी सिंह, सेक्रेटरी संचियता सिंह, प्राचार्य नीता जयसवाल एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### परिश्रम से मिली सफलता : शान सहाय



रांची (आजाद सिपाही)। शारदा ग्लोबल स्कूल के 10वीं कक्षा के राज्य स्कोरर शान सहाय ने अपनी सफलता के पीछे लगातार मेहनत, एनसीआरटी बुक्स पर फोकस, पिछले साल के पूछे गये प्रश्नों के हल करना, गलतियों को चिह्नित करना तथा उन्हें ठीक करना, लगातार समयबद्ध ढंग से पढ़ना समय पर सोना एवं खाना बताया। उन्होंने विद्यालय द्वारा दिये गये निर्देशन एवं सहयोग की प्रशंशा करते हुए कहा कि हमारा विद्यालय हमें सदैव हरसंभव सहायता के लिए तत्पर रहता है। साथ ही विद्यालय की डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ रंजना स्वरुप, प्राचार्या जसमीत कौर एवं शिक्षक हमेशा हमारे मनोबल को ऊंचा बनाये रखने के लिए प्रेरित करते रहे। परीक्षा से पहले 10 से 12 घंटे पढ़ाई कर प्रत्येक विषय पर समान ध्यान दिया। शान आगे पीसीएम लेकर पढ़ाई करना चाहते हैं। उनका लक्ष्य आइआइटी में प्रवेश लेना है। शान सहाय ने बताया कि क्लास के अतिरिक्त सेल्फ स्टडी, लगातार समयबद्ध पढ़ायी, एनसीआरटी बुक्स पर फोकस एवं स्वयं पर भरोसा ही सफलता का मूलमंत्र है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने विद्यालय मैनेजमेंट, शिक्षकगण एवं माता पिता को दिया।

### वीवीपीएस : दसवीं के छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। वीवीपीएस रांची के छात्रों ने सीबीएसइ दसवीं की बोर्ड परीक्षाओं में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। दसवीं कक्षा के स्कूल टॉपर्स रहें हैं, इशिका त्रिपाठी (96.2 %), करण कुमार ( 94.6 %), एवं सानिया कुमारी (94%)। इस वर्ष परीक्षा देने वाले 84 विद्यार्थिओं में सभी उत्तीर्ण हुए हैं। अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियों में से हैं - करण कुमार (97 - मैथमेटिक्स), सानिया कुमारी (96 - हिंदी ), सेहन कुमार सिंह (95 - इंग्लिश ), आस्था (95-संस्कृत) इशिका त्रिपाठी (96 % साइंस) सानिया कुमारी एवं इशिका त्रिपाठी 99-सोशल साइंस ) तथा इशिका त्रिपाठी (99 - आइटी)। प्रधानाचार्या, डॉ मनीषा तिवारी ने कहा कि सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं। साथ ही इस सफलता का श्रेय उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की मेहनत और लगन को दिया है।

### वीवीपीएस : 12वीं के बच्चों का उम्दा प्रदर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। सीबीएसइ कक्षा बारहवीं में एक बार फिर वीवीपीएस रांची के छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इस वर्ष बारहवीं में विद्यालय के 68 छात्रों (विज्ञान - 54, वाणिज्य - 14) ने परीक्षा दी और हर बार की भांति इस बार भी विद्यालय का शत प्रतिशत परिणाम रहा। वाणिज्य संकाय में शिवम कुमार राव ने 89.6% अंक प्राप्त किये। विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पर अवनीश कुमार चौधरी (97.4% ), द्वितीय स्थान पर किरण गुप्ता (95.8) एवं तृतीय स्थान पर अनीशा अग्रवाल 95.6 % रहे। वाणिज्य संकाय में शिवम कुमार राव ने 89.6% अंक प्राप्त किये। अन्य उत्कृष्ट अंकों को हासिल करने वालों में से अवनीश कुमार चौधरी (97 - इंग्लिश, 98 - फिजिक्स , 97 - केमिस्ट्री), सुमित (94 - बायोलॉजी ) अनीशा अग्रवाल (95 - मैथमेटिक्स), अवनीश कुमार चौधरी (97 - फिजिकल एजुकेशन), प्रियांशु रंजन, चंदन, निशांत, सुमित, शिवम (100 - पेंटिंग ), स्नेहल (92 - आइटी), शिवम, फलक, अंजली (87-बिजनेस स्टडीज), तथा शिवम (97 - इकोनॉमिक्स) हैं। प्रधानाचार्या, डॉ मनीषा तिवारी ने सभी विद्यार्थिओं एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### 92 प्रतिशत अंक लाकर विकास बना स्कूल टॉपर



रांची (आजाद सिपाही)। सीबीएसइ बोर्ड 10वीं और 12वीं में रांची के सेवेन स्टार्स एकेडमी का रिजल्ट बेहतर रहा। 10वीं में विकास कुमार 92 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना।,जबकि हर्ष राज 91.20 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान पर रहा, वहीं रवि शंकर पूर्ति 89 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। साइंस स्ट्रीम में साक्षी गर्ग ने 90 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रियांशु कुमार 79 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान और कृष्णकांत कुशवाहा 74 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के निदेशक डॉ विवेक, प्रशासक पीके बिद, प्राचार्य डॉ बी कुमार, उपप्राचार्य रीतू प्रिया ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं बधाई दी।

### भाई-बहन ने दिखाया जलवा



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव और विद्या झा के डीपीएस में पढ़ने वाले बच्चों ने 95 फीसदी से अधिक अंक लाकर जलवा बिखेरा है। प्रतुल के बेटे शौर्य प्रताप शाहदेव को 10वीं में 97.6 फीसदी और बेटी शांभवी प्रभा को 12वीं में 95 फीसदी अंक मिले हैं।

### आज से झारखंड में मौसम शुष्क रहेगा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में फिर तपिश बढ़नेवाली है। राज्य में अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।साथ ही 15 से 19 मई तक राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में आंशिक बादल छाये रहेंगे और मौसम शुष्क रहेगा।

### लोकसभा स्तरीय सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स की बैठक

# ‘अबकी बार 400 पार’ में सोशल मीडिया की भूमिका अहम : कर्मवीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** रांची लोकसभा कार्यालय में मंगलवार को लोकसभा स्तरीय सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स की बैठक हुई। इस बैठक में भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की उपयोगिता बढ़ी है। सोशल मीडिया के माध्यम से आम जन को चुनाव में जागरूक करने में अहम भूमिका है। सोशल मीडिया के उपयोग से हम लोगों को जागरूक कर सकते हैं। वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाया जा सकता है, साथ ही युवाओं में चुनाव के प्रति जागरूकता भी बढ़ने का सबसे बड़ा माध्यम है। आम चुनाव सोशल मीडिया के माध्यम से लड़ा जा रहा है। इसलिए हमें प्रधानमंत्री के द्वारा जो जन कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं उसे सोशल मीडिया पर शेयर करें। भाजपा सरकार की उपलब्धियां को शेयर करें। 25 तारीख को मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित करें एवं जनकल्याणकारी कार्यों को सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल करते हुए जनता के बीच अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया। प्रदेश सोशल मीडिया के प्रमुख राहुल अवस्थी ने उपस्थित लोगों से राष्ट्रवादी विचारधारा के लोगों का एक बड़ा नेटवर्क खड़ा करते हुए नकारात्मक विचारधारा को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए आग्रह किया। साथ ही झारखंड में सत्ता पर महाभ्रष्टाचारी गठबंधन सरकार के 4.5 वर्षों की नाकामियों को भी जनता के बीच ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया।

बैठक में संयोजक संजीव विजय वर्गीय, वरुण साहू, बलराम सिंह, रजनीश पांडेय, अमन जयसवाल सहित लोकसभा के अंतर्गत सोशल मीडिया के कार्यकर्ता एवं इन्फ्लुएंस मौजूद रहे।

# प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं होने पर आइएमए - झासा ने जतायी चिंता

## डॉक्टरों के लिए मांगा 5 करोड़ रुपये का बीमा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइएमए (आइएमसी, झारखंड चैप्टर) एवं झासा की राज्य इकाई की महत्वपूर्ण बैठक आइएमए भवन, रांची में संपन्न हुई। इसमें चिकित्सकों ने संबंधित समस्याओं एवं लंबित मांगों पर चर्चा की। इस दौरान कहा गया कि मॉडर्न मेडिसिन, होम्योपैथी, आयुर्वेद सभी की अपनी पहचान है, अपना इतिहास है। मरीज की देखभाल एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेडिसिन की सभी पद्धति को मिक्स कर देना भयावह होगा। इसीलिए मिक्सोपैथी के प्रयास को तत्काल प्रभाव से रोका जाना चाहिए।

आइएमए (झारखंड चैप्टर) के प्रेसिडेंट डॉक्टर एके सिंह ने चर्चा करते कहा कि देश के 23 राज्यों में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के साथ हिंसा और अस्पताल में तोड़फोड़ को रोकने के उद्देश्य से मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है। झारखंड राज्य में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट 23 मार्च 2023 को ही कैबिनेट से पारित हुआ। विधानसभा के पटल पर रखा गया। विधानसभा में बहस के बाद इसे प्रवर समिति को सौंप दिया गया। इस आशय के साथ कि एक महीने के अंदर समिति की रिपोर्ट सौंप दी जाये। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इस पर अभी तक कुछ भी नहीं किया गया।

आइएमए के सेक्रेट्री जेनरल डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि 50 बेड तक के छोटे एवं मध्यम स्तर के अस्पताल एवं क्लीनिक को क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशन) एक्ट 2010 से मुक्त किया जाये। निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं की अध्यक्षता एवं आइएमए की सहभागिता में एक टीम बनायी गयी थी। इसने क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट का फाइनल प्रारूप तैयार किया और विभाग को सौंपा। फाइल विगत एक वर्ष से विभाग में यथावत पड़ी हुई है।

इसका नियंत्री अधिकारी पूर्व की तरह जिले के सिविल सर्जन को बनाया जाये, ताकि अल्ट्रासाउंड की खरीद- बिक्री, उसका निबंधन, निरीक्षण सही समय पर किया जा सके। सुरक्षा की दृष्टिकोण से उसे अंचल अधिकारी के समक्ष शक्ति मिले। स्थायी विकलांगता या मृत्यु की स्थिति में न्यूनतम 5 करोड़ का स्वास्थ्य बीमा हो। उसे रुरल अलाउंस दिया जाये। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक ही शिक्षक होंगे, यह तय करना होगा। शिक्षक की न्यूनतम योग्यता एमबीबीएस होगी। नॉन एमबीबीएस शिक्षकों की पहचान कर उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाये और रिक्त पदों पर योग्य डॉक्टर को शिक्षक के रूप में बहाल किया जाये। मौके पर आइएमए की ओर से आर दास, डॉ बीपी कश्यप, झासा की और से डॉ विमलेश सिंह, डॉ टीपी साहा, डॉ ठाकुर मृत्युंजय सहित कई अन्य भी उपस्थित थे।

# वेदांता एल्यूमिनियम कच्चे माल की सस्टेनेबल सोर्सिंग के लिए एल्यूमिनियम स्ट्यूवर्डशिप इनिशिएटिव से प्रमाणित

**एएसआइ चेन ऑफ कस्टडी स्टैंडर्ड का प्रमाणन हासिल करने वाला वेदांता एल्यूमिनियम का स्मेल्टर भारत में पहला है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** वेदांता एल्यूमिनियम को एल्यूमिनियम स्ट्यूवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआइ) का चेन ऑफ कस्टडी स्टैंडर्ड वी2 (2022) का प्रमाणन प्राप्त हुआ है। कंपनी ने झारसुगुडा, ओडिशा में विशेष आर्थिक जोन संयंत्र में अपने स्मेल्टर के लिए यह प्रमाणन प्राप्त किया है। झारसुगुडा में कंपनी के प्रचालनों में 18 लाख टन की वार्षिक स्मेल्टिंग क्षमता शामिल है जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा एल्यूमिनियम प्लांट बनाती है।

वेदांता एल्यूमिनियम इससे पहले झारसुगुडा में एसइजैड आधारित प्लांट तथा बाल्को (कोरबा, छ.ग. स्थित वेदांता एल्यूमिनियम की इकाई) के लिए प्राथमिक एल्यूमिनियम उत्पादों के विनिर्माण एवं आपूर्ति हेतु एएसआइ परफॉरमेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन हासिल कर चुकी है।

एल्यूमिनियम स्ट्यूवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआई) एक वैश्विक गैर लाभकारी स्टैंडर्ड सेटिंग एवं सर्टिफिकेशन संगठन है जो एल्यूमिनियम उद्योग के भीतर परिवर्तन लाने प्रयासरत है। एएसआइ के मानक पूरी आपूर्ति श्रृंखला में लागू होते हैं । बॉक्साइट के खनन से लेकर डाउनस्ट्रीम सेक्टर तक जो एल्यूमिनियम को अपने उत्पादों में इस्तेमाल करते हैं तथा इन मानकों को दुनिया भर में संवहनीय प्रचालन के संकेतक के तौर पर प्रतिष्ठा प्राप्त है। भारत की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक एवं वेदांता एल्यूमिनियम की इकाई भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) देश में एएसआई परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाली पहली कंपनी थी।

चेन ऑफ कस्टडी (सीओसी) एक ऐसी प्रणाली है, जिसका इस्तेमाल आपूर्ति श्रृंखला में सामग्री और उससे संबंधित दावों पर निगाह रखने में किया जा सकता है। मूल्य श्रृंखला के माध्यम से विभिन्न डाउनस्ट्रीम सेक्टरों में जो सामग्री उत्पादित एवं प्रसंस्कृत की जाती है, उसकी चेन ऑफ कस्टडी की रचना हेतु एएसआइ सीओसी स्टैंडर्ड वी2 आवश्यकताओं का निर्धारण करते हैं। एएसआइ के सीओसी मानक का अमल आपूर्ति श्रृंखला के क्रमिक चरणों में (एएसआइ परफॉरमेंस स्टैंडर्ड के तहत प्रमाणित) उस सामग्री का सत्यापन होता है जिसका उत्पादन एएसआइ से प्रमाणित निकायों द्वारा किया जाता है। वेदांता एल्यूमिनियम के स्मेल्टर के प्रमाणन से पूर्व स्वतंत्र थर्ड पार्टी ऑडिट सेटिजियॉन वेरिफिका द्वारा किया गया।

इस प्रमाणन के महत्व के बारे में वेदांता एल्यूमिनियम के सीइओ जॉन स्लेवन ने कहा, झारसुगुडा में अपने एसइजेड-आधारित प्रचालनों के लिए चेन ऑफ कस्टडी प्रमाणन का हम स्वागत करते हैं। प्रचालनीय उत्कृष्टता की इस पहचान को हासिल करने वाला यह भारत में पहला है। एल्यूमिनियम स्ट्यूवर्डशिप इनिशिएटिव की सीइओ डॉ फियोना सोलोमन ने कहा, हम वेदांता लिमिटेड (एल्यूमिनियम बिजनेस) को उनके झारसुगुडा स्मेल्टर के लिए एएसआइ सीओसी स्टैंडर्ड वी2 प्रमाणन प्राप्त करने पर बधाई देते हैं। वैश्विक एल्यूमिनियम उद्योग में परिवर्तन की अगुआई करते हुए वेदांता एल्यूमिनियम 2050 तक नेट जीरो हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चुनाव आयोग ने जारी किया फाइनल आंकड़ा

# खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और पलामू में 66.01 फीसदी मतदान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण और झारखंड के पहले चरण का सोमवार को मतदान शातिपूर्ण समाप्त हो गया था। चुनाव आयोग ने मंगलवार को मतदान का फाइनल आंकड़ा जारी किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को बताया कि चारों संसदीय सीट में कुल मतदान 66.01 प्रतिशत रहा। प्रतिशत, खूंटी में 69.93, लोहरदगा में 66.45 और पलामू में 61.27 फीसदी मतदान हुए।

गौरतलब है कि सोमवार को शाम पांच बजे तक की वोटिंग के आधार पर 63.01 प्रतिशत की जानकारी दी गयी थी। पहले चरण की 4 सीटों पर 45 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनकी किस्मत का फैसला 4 जून को होगा।

पहले चरण के चुनाव में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित तीन वर्तमान सांसदों अर्जुन मुंडा, गीता कोड़ा और वीडी राम तथा दो विधायकों जोबा मांझी तथा चमरा लिंडा की किस्मत दांव पर लगी है।

### श्री श्याम मंदिर का स्थापना दिवस समारोह 19 को

रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर का अष्टम स्थापना दिवस समारोह वैशाख माह की मोहिनी एकादशी रविवार 19 मई को धूमधाम से विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जायेगा। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे प्रारंभ होंगे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी अपनी धर्मपत्नी अन्नपूर्णा सरावगी के साथ पूजन करके खाटूनरेश की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे। विभिन्न कार्यों के लिए मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, उपमंत्री अनिल नारनौली, पंडित रत्नाकर शर्मा, पंडित अनूप दाधीच, रोशन खेमका, किशन शर्मा, अभिषेक सरावगी, संजय सर्राफ, निखिल नारनौली, रौनक पोद्दार, अरविंद सोमानी, दिनेश अग्रवाल, विशाल पोद्दार, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान को दायित्व दिया गया है।

101 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ : श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 101 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ धूमधाम से संपन्न हुआ। सुनील मोदी, आशा मोदी, बलराम मोदी, शिखा मोदी ने परिवार संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की । इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढांनढनियां, स्नेह पोद्दार आदि उपस्थित थे।

### भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



नामकुम (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रत्याशी सह वर्तमान सांसद संजय सेठ ने खिजरी मंडल के रामपुर बाजार में मंगलवार को चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान संजय सेठ ने कहा कि देश और दुनिया भारत को विकसित करने में भाजपा जुटी है। इसे निरंतर जारी रखने के लिए झारखंड से 13 फूल एवं एक फल की माला मोदी जी को पहनाना है। कार्यालय का संचालन मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के नेतृत्व में होगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष आरती कुजूर, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रभारी रौशनी खलखो, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, भाजपा नेता रितेश उरांव, आजसू नेता प्रकाश लकड़ा, संजीव सिंह, समीर राय, बिरसा पाहन, प्रभाष झा, बिजेंदर राय, समीर राय, राजू लकड़ा, संदीप मंडल, विक्रम राय, आकाश राय, सुजीत सिन्हा, बुदु पाहन, हरीश गंझू, कुसुम मुंडा, किरण मुंडा, रीता रजनी कुजूर, कुशल केसरिया, अनूप सिंह, बुद्धू पाहन, सुरेश महतो के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भोक्ताओं ने 45 फीट ऊंचाई से बरसाये फूल



नामकुम (आजाद सिपाही)। शिव पूजा समिति के बैनर तले सोमवार को हहाप पंचायत में मंडा पूजा सह झूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने छउ नृत्य अखाड़ा का फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया। रात्रि में बंगाल के प्रसिद्ध महिला छउ नृत्य उस्ताद सीमा रानी महतो एवं महिला छउ नृत्य उस्ताद गीतामणि साबार के बीच छउ नृत्य हुआ। मंगलवार सुबह 5 बजे दहकते अंगारों में भोक्ता एवं सोक्ताइन ने नंगे पैर चले। इसके बाद फुलकुंदी एवं भोक्ता झूलन का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 45 फीट ऊंचाई से भोक्ताओं ने झूलते हुए फुल बरसायें। बुढ़े बुजुर्गों ने बताया कि जिस वर्ष मंडा पूजा एवं भोक्ता झूलन नहीं होता है। उस वर्ष क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं होती है। जिस कारण किसानों की धान की खेती नहीं होती है। मौके पर मुखिया नन्हे कच्छप, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, जगरनाथ मुंडा, शशिभूषण सिंह मुंडा, हरि सिंह मुंडा, विजय मुंडा, निकोलस मुंडा, मेघनाथ पहान, बागनू मुंडा, अर्चना मुंडा, आरती कुजूर, बिरिश मिंज, रमेश मुंडा, गुरुसहाय मुंडा, छोटराय मुंडा, नन्द किशोर प्रमाणिक, जितेन्द्र सिंह मुंडा, चैतन मुंडा, डेमका मुंडा, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

### सुशील मोदी के निधन पर शोक व्यक्त

रांची (आजाद सिपाही)। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी के निधन पर झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, बिहार के लोकसभा चुनाव सह प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सुशील मोदी के निधन की खबर सुनकर आहत महसूस कर रहा हूं। मुझे कई वर्षों तक उनके साथ काम करने का मौका मिला। उनके निधन से व्यक्तिगत क्षति हुई है।

### कुशवाहा समाज की घोर उपेक्षा: राजू महतो




रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा झारखंड प्रदेश का एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि झारखंड में कुशवाहा समाज की आबादी लगभग 14 परसेंट है और झारखंड के कई लोकसभा क्षेत्र में लगभग चार-चार लाख वोट हैं। इतनी बड़ी संख्या को होने के बाद भी राजनीतिक दलों के द्वारा कुशवाहा समाज की घोर उपेक्षा की जा रही है। इस कार्यक्रम में समाज सेवी धर्मेंद्र महतो को झारखंड प्रदेश कुशवाहा महासभा का उपाध्यक्ष मनोनीत किया जाता है। प्रख्यात समाजसेवी संजीत कुशवाहा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया जा रहा है। कार्यक्रम में छात्र अध्यक्ष अमरजीत कुशवाहा युवा अध्यक्ष रंजन शंकर महतो भोला महतो आदि सम्मिलित हुए।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — अव्यवस्थित दिनचर्या। आमदनी से खर्च अधिक होगा। किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।
- **वृष** — बौद्धिक विकास होगा। रचनात्मक प्रयास सफल होंगे। व्यर्थ की चिंताओं में ध्यान बढेगा।
- **मिथुन** — परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी। घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय।
- **कर्क** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा। आर्थिक परेशानी दूर होगी। सेहत में सुधार होगा।
- **सिंह** — संकल्पित काम पूरे होंगे। भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा।
- **कन्या** — यात्राएं सफल होगी,अनावश्यक खर्चों में कमी आयेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखना आवश्यक।
- **तुला** — नवीन योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक लाभ के एकाधिक अवसर मिलेंगे।
- **वृश्चिक** — रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा। हर क्षेत्र में सफलता। नवीन योजना सफल होगी।
- **धनु** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।
- **मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। वाहन सुख,यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर।
- **कुंभ** — कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण। यशस्वी कार्य करने का अवसर। नये लोगों से सम्पर्क होगा।
- **मीन** — बुद्धि-चतुराई से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा।

### केजी से आठवीं क्लास तक 11:30 बजे तक ही स्कूल

रांची (आजाद सिपाही)। कक्षा केजी से 8 तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक चलेंगी। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड ने मंगलवार को एक आदेश जारी किया है। विभाग के संयुक्त सचिव के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक, कक्षा 9 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक संचालित की जाएंगी। विभिन जिलों में स्कूलों (सरकारी, निजी, अन्य) के संचालन में भिन्नता की खबर सामने आ रही थी। ऐसे में अब सभी स्कूलों में आठवीं तक 11:30 बजे तक और इससे आगे की क्लास 12 बजे तक होगी। गर्मी छुट्टी के बाद सभी कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगी। निजी स्कूलों का संचालन संबंधित विद्यालय के दिशा निर्देश के अनुसार होगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।


### नाम परिवर्तन

मैं दीपक सरकार पिता रविन्द्रनाथ सरकार, निवास स्थान सेंट्रल सौंदा, पो. सौंदा, थाना पतरातू जिला -रामगढ़ (झारखण्ड) शपथ पत्र संख्या 3208 दिनांक 19/04/2023 द्वारा घोषित किया गया है कि मेरी पत्नी का वास्तविक एवं सही नाम PINKI RANI SARKAR है। जो उसके आधार कार्ड सं0-3467 9154 3494 में एवं उसके पैन कार्ड FRCPS3144F में भी दर्ज है। जबकि सेवा पुस्तिक में मेरी पत्नी का नाम PINKY RANI SARKAR दर्ज हो गया है। जबकि सही नाम PINKI RANI SARKAR होना चाहिए। सेवा पुस्तिका में नाम सुधार हेतु मैं शपथ पत्र के साथ संलग्न कर रहा हूं।

### नाम परिवर्तन

मैं मुरत सिंह पिता स्व. तपसी सिंह, निवास स्थान सौंदा डी, पो. सौंदा, थाना पतरातू जिला-रामगढ़ (झारखण्ड) शपथ पत्र संख्या 4572 दिनांक 14/10/2022 द्वारा घोषित किया गया है कि मेरी पत्नी का वास्तविक एवं सही नाम GAYANTA DEVI है। जो उसके आधार कार्ड सं0-6295 5348 5849 में एवं उसके पैन कार्ड HRAPD2941D में भी दर्ज है। जबकि सेवा पुस्तिक में मेरी पत्नी का नाम GAYANTI DEVI दर्ज हो गया है। जबकि सही नाम GAYANTA DEVI होना चाहिए। सेवा पुस्तिका में नाम सुधार हेतु मैं शपथ पत्र के साथ संलग्न कर रहा हूं।

# वोट की कीमत

चौथे चरण के मतदान के दौरान जहां 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में नजरें मतदान प्रतिशत के आंकड़े पर थी, वहीं आंध्र प्रदेश में चुनाव की पूर्वसंध्या पर हुए एक खास घटनाक्रम पर ही सबका ध्यान अटका था। मामला कई क्षेत्रों में वोटरों के बीच धन वितरित किये जाने के आरोपों से जुड़ा था और वोटिंग के बीच भी यह सवाल बना हुआ था कि चुनाव आयोग इन खबरों पर किस तरह से रिएक्ट करता है। हालांकि इस तरह के आरोप प्रायः हर चुनाव में देश के अलग-अलग हिस्सों से सुनने को मिलते हैं। लेकिन आंध प्रदेश का इस बार का मामला इस रूप में खास है कि इसमें मतदाताओं की अति सक्रियता ने पोल खोल दी। कई इलाकों में लोगों ने पैसों की मांग करते हुए या पैसा बांटने में गड़बड़ी की शिकायत करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। यह मामला इस मायने में अभूतपूर्व कहा जा सकता है कि वोट के बदले कैश को अधिकार समझ कर वोटरों ने इस मामले में हुई कथित वादाखिलाफी के खिलाफ सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन किया। कुछ लोगों की शिकायत थी कि कैश बांटते समय उन्हें छोड़ दिया गया तो कुछ अन्य मामलों में कैश का वादा नहीं निभाने का आरोप था। साफ है कि इसके पीछे राजनीतिक दलों की ओर से गरीब मतदाताओं को कैश देकर उनके वोट खरीदने का बरसों पुराना चलन है। एक भ्रष्ट चलन का चुनाव-दर-चुनाव बने रहना कानून व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियों और चुनाव आयोग की नाकामी तो है ही, लेकिन मामला यहीं तक सीमित नहीं है। इससे यह भी पता चलता है कि हमारे इस लोकतांत्रिक राष्ट्र में मतदाताओं को जागरूक बनाने का काम कितने आधे-अधूरे ढंग से आगे बढ़ा है। एक बड़ा सवाल मतदाताओं की सामाजिक आर्थिक स्थिति का भी है। जो मतदाता अपने वोट से पांच साल के लिए देश और राज्य के शासक चुनता है, वह इस अधिकार के इस्तेमाल की एवज में चाहता क्या है तो महज एक से छह हजार रुपये के बीच की कोई रकम। इससे अगर वोट देने के अपने अधिकार को लेकर उसकी कमजोर समझ उजागर होती है, तो यह भी स्पष्ट होता है कि उसकी अपनी जिंदगी के हालात कितने बुरे हैं। कैश वितरण की ये घटनाएं भले ही समाज के कमजोर माने जाने वाले हिस्सों की कहानी कहते हों, यह बीमारी अन्य कथित रूप से मजबूत माने जाने वाली हिस्सों में भी है। इसका उदाहरण भी आंध्र प्रदेश में ही मिल गया जब ये खबरें आयीं कि कई पॉश माने जाने वाले अपार्टमेंट और गेटेड सोसायटी में आरडब्ल्यूए की तरफ से कई प्रत्याशियों के पास वोट की एवज में जेनरेटर और सोलर पावर की फरमाइशें भिजवायी गयीं।

**यह मामला इस मायने में अभूतपूर्व कहा जा सकता है कि वोट के बदले कैश को अधिकार समझ कर वोटरों ने इस मामले में हुई कथित वादाखिलाफी के खिलाफ सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन किया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत में 1950 और 2015 के बीच बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी 1950 में 84.68 प्रतिशत से घटकर 2015 में 78.06 प्रतिशत हो गयी है, अर्थात इसमें 7.82 प्रतिशत की कमी आयी है, जबकि इसी अवधि (65 वर्ष) में मुसलमानों की हिस्सेदारी 9.84 प्रतिशत से बढ़ कर 14.09 प्रतिशत हो गयी है। अर्थात 43.15 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि। इसी अवधि में ईसाइयों में 5.38 प्रतिशत की वृद्धि, सिखों में 6.58 प्रतिशत की और बौद्धों में मामूली वृद्धि देखी गयी, जबकि जैन और पारसियों की संख्या में कमी देखी गयी।**

# धर्म आधारित जनसंख्या का बढ़ता असंतुलन

**श्याम जाजू**

18वीं लोकसभा के चुनावों की गहमा-गहमी के बीच एक ऐसी रिपोर्ट आयी है, जिसे देश पहले से ही जानता था पर आधिकारिक तौर पर मोहर अब लगी है। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (इएसीपीएम) द्वारा जारी धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी- एक क्रॉस कंट्री विश्लेषण (1950-2015) शीर्षक से एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में बहुसंख्यकों (हिंदुओं) की जनसंख्या हिस्सेदारी में गिरावट आयी है।

अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत में 1950 और 2015 के बीच बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी 1950 में 84.68 प्रतिशत से घटकर 2015 में 78.06 प्रतिशत हो गयी है, अर्थात इसमें 7.82 प्रतिशत की कमी आयी है, जबकि इसी अवधि (65 वर्ष) में मुसलमानों की हिस्सेदारी 9.84 प्रतिशत से बढ़ कर 14.09 प्रतिशत हो गयी है। अर्थात 43.15 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि। इसी अवधि में ईसाइयों में 5.38 प्रतिशत की वृद्धि, सिखों में 6.58 प्रतिशत की और बौद्धों में मामूली वृद्धि देखी गयी, जबकि जैन और पारसियों की संख्या में कमी देखी गयी। आजादी के समय देश का धर्म के आधार पर विभाजन हुआ - मुसलमानों और सैक्युलरों के बीच क्योंकि जहां पाकिस्तान केवल मुसलमानों के लिए बना, वहीं हिंदुस्तान सभी धर्मों और संप्रदायों को साथ लेकर चलने वाला देश बन गया। जहां पाकिस्तान से चुन-चुन कर हिंदुओं को भेजा गया या मार दिया गया, वहीं हिंदुस्तान में बड़ी संख्या में मुसलमान रह गये, जिनको समानता के साथ देश का नागरिक बने रहने का अधिकार मिला। कालखंड में इनकी संख्या बढ़ती गयी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भारत सैक्युलर है और यहां के बहुसंख्यक हिंदू सैक्युलर हैं। यही वजह है कि यहां और धर्मों तथा सम्प्रदायों को मानने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। शोर के विपरीत, इस रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चलता है कि अल्पसंख्यक न केवल सुरक्षित हैं, बल्कि वास्तव में भारत में फल-फूल रहे हैं। पर इस रिपोर्ट का एक दूसरा भी पहलू है। वह यह कि जैसे-जैसे हिंदुओं की संख्या घटेगी, देश में सैक्युलरिज्म की अवधारणा पर चोट पहुंचेगी। हाल के दिनों में यह स्पष्टता से देखने में आया है। जहां-जहां हिंदू अल्पसंख्यक हुए हैं, वहां इनटॉलरैंस बढ़ने, शरिया लागू करने की मांग उभर कर आ रही है। देश के अनेक राज्यों और जिलों में जहां-जहां हिंदू अल्पसंख्यक हुए हैं, वहां हिंदुओं के धार्मिक जलूसों पर पथराव, हिंदू मान्यताओं का विरोध आदि शुरू हो गया है। पश्चिम बंगाल और केरल इसके मुख्य उदाहरण हैं।

**आज भारत को एक व्यापक जनसंख्या नीति की जरूरत है।**



उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देश के 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में हिंदू अल्पसंख्यक हो गये हैं (ये हैं- लद्दाख, जम्मू - कश्मीर, लक्षद्वीप, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, और अरुणाचल प्रदेश)। कुछ लोग पंजाब का भी नाम लेते हैं, पर वहां के बहुसंख्यक सिख हिंदुओं का ही बृहत्तर हिस्सा हैं। इसके अलावा देश में ऐसे कई राज्य हैं, जहां हिंदुओं की जनसंख्या तेजी से घट रही है और मुस्लिम जनसंख्या बढ़ रही है, जैसे कि पश्चिम बंगाल, केरल और उत्तराखंड, जहां पर 2001 से 2011 के दशक में ही यह वृद्धि 2 प्रतिशत की थी। 2011 के बाद निःस्संदेह यह संख्या बढ़ ही रही है।

इकोनॉमिक और पॉलिटिकल वीकली में छपी एक रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार केवल प्रदेशों में ही नहीं, देश के कई जिलों में जनसंख्या का असंतुलन चिंताजनक तरीके से बढ़ता जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार देश के 458 जिलों में 2001 से 2011 के बीच मुस्लिम आबादी की वृद्धि 24.4 प्रतिशत की थी। कई जिले तो ऐसे हैं, जो पूरी तरह से मुस्लिम बहुल हो गये हैं। उदाहरण के तौर पर बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में सबसे अधिक मुस्लिम आबादी है। यहां पर 66.8 प्रतिशत और इसके बाद नंबर आता है मालदा जिले का, जहां 51.27 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है।

दरअसल मुसलमानों की बढ़ती जनसंख्या दर वोट बैंक की राजनीति का परिणाम है। कांग्रेस और तृणमूल तथा समाजवादी पार्टी सरीखे कई क्षेत्रीय दलों ने मुसलमानों को एक वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया है। कांग्रेस ने तो आजादी के समय से ही सत्ता पर पकड़ बनाये रखने के लिए मुस्लिम कार्ड खेला है। याद कीजिए, यह कांग्रेस ही थी, जो सत्ता के लिए धर्म के आधार पर देश का विभाजन करने को तैयार हो गयी थी और यह वही कांग्रेस थी, जो एक ओर तो हिंदुओं से हम दो, हमारे दो का आह्वान करती रही, वहीं दूसरी ओर आज मुसलमानों के लिए जितनी आबादी, उतना हक जैसे नारे देती है।

पश्चिम बंगाल में तो राजनीतिक लाभ और वोटों की चाह में जनसंख्या विद्रूपता अपने चरम पर है। वहां पर सत्तारूढ़ तृणमूल पर वोट बैंक के लिए बंगलादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर मुस्लिम जनसंख्या बढ़ाने का आरोप है। बंगाल सरकार की शह पर घुसपैठियों ने कथित तौर पर वोटर कार्ड से लेकर राशन, आधार कार्ड व पासपोर्ट जैसे दस्तावेज तक बना लिए हैं, जिससे मुस्लिम संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जो चुनाव में अहम रोल निभाते हैं। आज पश्चिम बंगाल में मुस्लिम वोट बड़ा फैक्टर बन गया है। ये लोकसभा की 42 में से 13 सीटों और विधानसभा की 294 में से करीब 100 सीटों पर हार-जीत करते हैं। बंगलादेश की सीमा से लगने वाले जिलों उत्तर दिनाजपुर में 49.92 प्रतिशत, बीरभूम में 37.06 प्रतिशत, दक्षिण 24 परगना में 35.57 प्रतिशत और उत्तर 24 परगना में 30 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, जो तृणमूल का वोट बैंक बन गयी है। सीएसडीएस-लोकनीति पोस्ट पोल विश्लेषण के अनुसार, 2021 के चुनावों में 10 में से लगभग 8 मुसलमानों ने टीएमसी को वोट दिया था, जो उसकी जीत का कारण बना।

आज भारत को एक व्यापक जनसंख्या नीति की जरूरत है। धर्म आधारित जनसंख्या असंतुलन को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। जनसंख्या का यह असंतुलन ही अंत में भौगोलिक सीमा में बदलाव का कारक होता है, यह हम 1947 में देख चुके हैं जब देश का विभाजन जनसंख्या के ह्यअसंतुलनह्ण के कारण ही हुआ था। दुनिया में भी जनसंख्या ह्यअसंतुलनह्ण से हुए बदलावों के कई उदाहरण हैं जैसे कि ईस्ट तिमोर, दक्षिण सूडान और कोसोवो आदि जनसंख्या में असंतुलन के कारण ही नए देश बने हैं। लेबनान जैसे अति समृद्ध देश जनसंख्या असंतुलन के कारण तबाह हो गए।

समय आ गया है कि केंद्र में आने वाली एन.डी.ए. की सरकार कुछ सख्त फैसले ले और देश में जनसंख्या नियंत्रण, समान अचार संहिता जैसे कानून लाए। इससे आबादी बढ़ा कर राजनीतिक सत्ता हासिल करने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। जनसंख्या नियंत्रित होने से देश के हर नागरिक, चाहे वह किसी मजहब को मानने वाला हो, के कल्याण के लिए देश के संसाधनों के सम्यक उपयोग का रास्ता प्रशस्त होगा।

**(लेखक : भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### सुरदा क्रॉसिंग में झामुमो चुनावी कार्यालय का समीर मोहंती, रामदास सोरेन ने किया उद्घाटन



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के प्रत्याशी समीर महंती को जिताने के लिए झामुमो व अन्य कार्यकर्ताओं ने अभियान तेज कर दी। मंगलवार को घाटशिला विधानसभा स्थित सुरदा क्रौसिंग में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर महंती व घाटशिला विधायक सह जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन ने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक रामदास सोरेन ने कहा सुरदा क्रौसिंग में झामुमो का चुनावी कार्यालय खुलने से कार्यकर्ताओं को बल मिलेगा। मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं संग बैठक कर जीत के लिए रणनीति बनायी, ताकि जनसंपर्क अभियान चला कर ग्रामीणों से तीर कमान पर मतदान करने व भारी मतों से समीर मोहंती को जिताने की अपील की। मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य शंकर चन्द्र हेम्ब्रम, कान्हू सामंत, प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, सोशल मीडिया सदस्य गौरांग माहली, भगत हांसदा, जिला सदस्य लोबिन सबर, पंचायत अध्यक्ष गणेश टुडू,सुनील किस्कु,बासु सोरेन,बुधन सिंह बांडरा,जीवन बास्के, चंदू टुडू, दासमत मुर्मू,ग्राम प्रधान दिलीप हेंब्रम शामिल रहे।

### इवीएम कमीशनिंग कार्य का किया निरीक्षण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक किल्लु शिव कुमार नायडु एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनन्य मित्तल ने को-ऑपरेटिव कॉलेज पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट के कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गोपनीयता बनाये रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करने के निर्देश दिया। को-ऑपरेटिव कॉलेज में 47-जुगसलाई, 48 जमशेदपुर पूर्वी व 49 जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 25 मई को मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य किया जा रहा है। कमीशनिंग कार्य के लिए प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी से निगरानी का भी जायजा लिया तथा 247 सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिया। इसके पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एलबीएसएम कॉलेज में इवीएम कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। एलबीएसएम में 44 बहरागोड़ा, 45 घाटशिला, 46 पोटका विधानसभा में प्रयुक्त होने वाले इवीएम का कमीशनिंग कार्य किया जा रहा। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम हेतु चिन्हित परिसर के आसपास अनाधिकृत प्रवेश वर्जित रखे जाने, कमीशनिंग हॉल में पदाधिकारी, कर्मी या अन्य सभी को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन लेकर अंदर नहीं लाये जाने तथा चुनाव आयोग के गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन किये जाने हेतु निर्देशित किया।

### टाटा स्टील के गम्हरिया प्लांट में पत्थर से कूचकर लोडर चालक की हत्या, सुरक्षाकर्मी की गोली से एक की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गम्हरिया।** सरायकेला- खरसावां जिला के गम्हरिया थाना अंतर्गत टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट के स्लैग डंपिंग यार्ड में मंगलवार को स्क्रैप माफियाओं ने 45 वर्षीय पे लोडर चालक अभय सिंह की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। वहीं कंपनी के सुरक्षा कर्मियों की गोली से स्क्रैप चोरी कर भाग रहे एक चोर गोविंद कालिंदी की भी मौत हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वही इस घटना के बाद कंपनी परिसर में हड़कंप मचा हुआ है। फिलहाल इस मामले में ना तो प्रबंधन, ना ही पुलिस की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने आयी है। वहीं पुलिस के आलाधिकारी घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट के स्लैग डंपिंग यार्ड में स्क्रैप माफियाओं द्वारा स्क्रैप चोरी करने का प्रयास किया जा रहा था। जिसे पे लोडर ऑपरेटर अभय सिंह ने रोकने का प्रयास किया। इसके बाद माफियाओं ने ऑपरेटर की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने हत्या कर भाग रहे स्क्रैप माफियाओं पर गोली चला दी। इसमें एक स्क्रैप चोर, जिसका नाम गोविंद कालिंदी उर्फ गोगो की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गयी। हालांकि इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। बता दें कि आए दिन स्क्रैप माफिया कंपनी का बाउंड्री वॉल फांद कर कंपनी परिसर में प्रवेश कर जाते हैं और धड़ल्ले से स्क्रैप की चोरी करते हैं। विरोध करने पर मरने- मारने पर उतारू हो जाते हैं। अंदरखाने की माने तो इसके पीछे एक बड़े सफेदपोश नेता का हाथ है। उसी के इशारे पर स्क्रैप माफिया खुलेआम कंपनी से स्क्रैप की चोरी करते हैं. जिसपर हाथ डालने की हिमाकत पुलिस-प्रशासन के आलाधिकारी भी नहीं कर पाते हैं। यही वजह है कि आज यह घटना हुई है, जिस पर कोई कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं।

### समाज के अंतिम व्यक्ति के हितों की चिंता करती है मोदी सरकार : बिद्युत वरण महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद सह एनडीए प्रत्याशी बिद्युत वरण महतो प्रत्येक दिन लोगो से मिल रहे और उन्हें जनता का पूर्ण समर्थन मिल रहा है। मंगलवार को सांसद ने लौहनगरी जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चला कर लोगों से सीधा संवाद कर समर्थन की अपील की। उन्होंने मंगलवार सुबह एग्रिको हेल्थ एसोसिएशन के समर कैंप, गाढ़ाबासा, मथुरा बागान, सोनारी के विभिन्न क्षेत्र, मानगो मून सिटी व शंकोसाई रोड नंबर 1 से 5 तक पदयात्रा किया। मौके पर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने व नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए समर्थन व आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर पार्टी के कई वरीय नेताओं संग कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे। बिद्युत महतो ने लोगों से 25 मई को अधिक से अधिक की संख्या में इवीएम क्रम संख्या 2 पर बटन दबा कर भाजपा को समर्थन देने की अपील की।

वहीं कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान के दौरान नारेबाजी करते हुए केंद्र की मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों व सांसद बिद्युत महतो द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये गये विकास कार्यों से संबंधित पत्रक भेंटकर लोगों को जागरूक किया। सांसद विद्युत महतो ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की चिंता करते है। आज गरीबों को पक्की छत के साथ, राशन, बिजली, गैस चूल्हा, आयुष्मान भारत, मुद्रा योजना, नल से जल सहित अन्य योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मिला है। श्री महतो ने कहा देश में विकास की रफ्तार को बनाये रखने व विकसित भारत के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना आवश्यक है। उन्होंने श्री लोगों से इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए उनके झूठ और भ्रमित करने वाली राजनीति से सावधान रहने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने बिद्युत महतो का अभिनंदन किया और चुनाव में पूर्ण समर्थन का भरोसा दिलाया।

### गालूडीह के उल्दा में शराबबंदी अभियान



**गालूडीह (आजाद सिपाही)।** गालूडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत उल्दा पंचायत के पुतरू गांव में मंगलवार को पुतरू और दारीसाई की ग्रामीण महिलाओं ने गालूडीह पुलिस के सहयोग से शराबबंदी के लिए जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व गालूडीह थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश कर रहे थे। अभियान में महिला पुलिस कर्मी भी शामिल रहीं। इस दौरान गालूडीह पुलिस महिला सशक्ति मंच महिला समिति की महिलाओं के साथ गांवों में घूम-घूमकर बासंती कर्मकार, माहा सिंह, कृष्णा सिंह और सोनामनी टुडू, इन चार शराब विक्रेताओं के घरों की जांच करते हुए बिक रही अवैध देसी महुआ शराब को दुकान से बाहर फेंक दिया. साथ ही करीब 13 हंडी हंड़िया को भी नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने विक्रेताओं को अवैध रूप से शराब नहीं बेचने की चेतावनी दी और शराब का सेवन कर रहे लोगों को खदेड़ दिया। इस अभियान में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। बता दें कि सोमवार को पुतरू और दारीसाई गांव की महिलाओं ने गालूडीह थाना में आवेदन देकर पुलिस से अविलंब अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की थी।

### समीर मोहंती के समर्थन में पोटका विधायक संजीव सरदार ने प्रखंड में किया जनसपंर्क



**पोटका (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी समीर कुमार महंती के समर्थन मे पोटका विधायक संजीव सरदार ने प्रखंड के दर्जनों गांवों में जनसपंर्क अभियान चलाया। मंगलवार को विधायक ने जनसंपर्क अभियान के दौरान चाकडी,राड़ूड, पाटापानी, गुटुसाई, सिदिरसाई, सीलिंग, पाडियासाई, धरुआ लुपुंग, पोड़ाहातु दामुडीह सहित अन्य गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से इंडिया गठबंधन के समर्थन मतदान कर ने का आग्रह किया। मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा भाजपा झूठ के बुनियाद पर विगत 10 वर्षों से केंद्र में सत्ता हासिल की है। भाजपा ने युवाओं को रोजगार देने, महंगाई को कम करने समेत अन्य मुद्दों को लेकर केंद्र में सरकार बनाया था, लेकिन बीते 10 वर्षों में भाजपा ने ना तो युवाओं को रोजगार दिया ना ही महंगाई कम कर पायी। श्री सरदार ने कहा जनता गांव में वोट मांगने आने वाले भाजपा नेताओं से अवश्य सवाल करे उन्होंने क्षेत्र की जनता हित में विगत 10 वर्षों में क्या कार्य किया। विधायक ने ग्रामीणों से तीर धनुष पर मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर झामुमो के विधासागर दास, सुधीर सोरेन, भुवनेश्वर सरदार, चनका सरदार, मुखिया संगीता सरदार, मुखिया असीत सरदार, भरत सरदार, मनोहर सरदार, उदय सरदार, गोपीनाथ सरदार, मनोरंजन सरदार, रतन सरदार, बापी भट्ट मिश्र शामिल रहे।

# आरकेपीएस के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड में लहराया परचम, किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**आरकेपीएस गढ़वा के टॉपर्स**

1.वकास खान - 94.6%
2.शोभित कुमार - 93.6%
3.एमडी शम्स परवेज - 92.2%
4.अद्रिका पटनायक - 92%
5.एकता कुमारी - 91.8%
6.अनिकेत कुमार - 91.8%
7.आशिया अख्तर - 91.2%
8.दिव्यांशु कुमार - 91%
9.अदिती कुमारी - 90%
10.शिवम सिंह - 89.6%




**आरकेपीएस उंचरी मंझिआंव के टॉपर्स**

1.नाव्या मिश्रा - 89%
2.मुकादश अकमल - 87.2%
3.रामाकांत ठाकुर - 85.4%
4.प्रिती दुबे - 84%
5.आयुषी प्रिया - 83.4%

**आरकेपीएस श्रीबंशीधर नगर के टॉपर्स**

1. शालिनी श्रीवास्तव - 92.6%
2.अंशिका जयसवाल - 91.2%
3.पवन प्रभात - 90%
4.आदित्य गुप्ता - 89.4%
5.जिज्ञासु शुक्ला - 87.6%

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सीबीएसई दसवीं की बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष भी आरकेपीएस के छात्र-छात्राओं ने सफलता का परचम लहराया। इस वर्ष आरकेपीएस गढ़वा स्कूल से 227 विद्यार्थी और आरकेपीएस ऊंचरी (मंझिआंव) से 51 विद्यार्थी और आरकेपीएस श्रीबंशीधर नगर से 35 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और सभी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्कूल के रिजल्ट को शत प्रतिशत किया और फिर से स्कूल परिवार को गौरवांवित किया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने सभी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के मेहनत का परिणाम है स्कूल का शत प्रतिशत रिजल्ट। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा किये गये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से स्कूल परिवार में हर्ष व्याप्त है।

# सुशील मोदी जैसे कद्दावर नेता की भरपाई नहीं हो सकती: अलखनाथ



**बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी के निधन पर भाजपा नेताओं ने शोक व्यक्त किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के निधन पर गढ़वा जिला भाजपा के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। इस दौरान भाजपा-नेताओं-कार्यकर्ताओं ने शोक-सभा का आयोजन किया। शोक सभा में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के निधन पर दुःख व्यक्त किया गया। और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। शोक सभा में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सह लोक सभा के सह संयोजक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि सुशील मोदी जैसे कद्दावर नेता की भरपाई नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा, वे पिछले छह महीनों से कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनका एम्स में इलाज चल रहा था। सुशील कुमार मोदी का जाना भाजपा के लिये अपूर्णीय क्षति है। जिसकी पूर्ति कभी नही हो सकती। उन्होंने कहा कि उन्हें बिहार में भाजपा का भीष्म पितामह माना जाता था। सुशील मोदी भाजपा के संकटमोचक भी थे। जब-जब भाजपा परेशानी में होती थी,सुशील मोदी भाजपा के लिए संकट मोचक के रूप में काम किया। शोक प्रकट करने वालों में अलखनाथ पांडेय के अतिरिक्त भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनय चौबे, अंजनी उपाध्याय सहित कई भाजपा नेताओं के नाम शामिल हैं।

# डंडई में पति ने पत्नी को पीट-पीट कर कर दी हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** थाना क्षेत्र के पचौर गांव निवासी संजय राम के पत्नी आशा देवी उम्र करीब 22 ने अपने खपरैल घर के कंडी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिससे उसकी घटनास्थल मौत हो गयी। घटना मंगलवार दिन के करीब एक बजे की बताई जा रही है। धुरकी थाना क्षेत्र के खाला कुटिया निवासी मृतक आशा देवी के पिता परशुराम ने बताया कि दिन के करीब बारह बजे दामाद संजय राम ने फोन कर बताया कि आपकी बेटी की तबीयत काफी खराब है। इलाज के लिए गढ़वा ले जाना है। आप लोग मेरे घर जल्द पहुंचिए। इसके बाद हम लोगों ने आनन फानन में पचौर गांव पहुंचे तो देखा कि घर में मेरी बेटी आशा का शव जमीन पर पड़ा हुआ है और शव के बगल में एक लोहा का हथौड़ा है। बेटी को नाक से खून गिर रहा है। वहीं उसका कई जगह पर लोहा की हथोड़ा से मारने का निशान है। मेरी बेटी को लोहे की हथौड़ा से मार कर हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका कर आत्महत्या का रूप दिया गया है। इसके पहले भी संजय ने मेरी बेटी को हमेशा मारपीट किया करता था। वह हमेशा शराब पीकर कर बेटी को मारपीट किया करता था। बेटी को वर्ष 2023 में तिलक दहेज देकर विवाह किया था। उसके पेट में 6 माह के बच्चा भी पल रहा था। इधर घटना के बाद मृतक आशा के माता को चीत्कार व बिलप से बार-बार बेहोश हो जा रही थी। घटना स्थल पर देखते ही देखते सैकड़ो ग्रामीणों के भीड़ इकट्ठा हो गयी। घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि संजय ने पहली पत्नी को भी हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका दिया था। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी डंडई थाना पुलिस को दिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शाम करीब 5 बजे पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया।



फाइल फोटो : आशा देवी

**पक्ष :** घटना की मामले में थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि प्रथम दृश्य आत्महत्या नहीं लग रहा है। हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है। मृतक के परिजन थाना में आवेदन दे कार्रवाई की जायेगी।

# सीनियर सेकेंडरी के रिजल्ट में जीएन कॉन्वेंट स्कूल ने परचम लहराया, सन्नी राज बने टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सीनियर सेकेंडरी में सन्नी राज 93% अंक लाकर बने स्कूल टॉपर। सीबीएसई बोर्ड दिल्ली द्वारा जारी सीनियर सेकेंडरी के घोषित रिजल्ट में जीएन कॉन्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान और वाणिज्य संकाय में शानदार प्रदर्शन किया। घोषित किये गये परीक्षा के नतीजे में कुल 35 छात्र- छात्राएं शामिल हुए थे, जिसमें सभी ने सफलता प्राप्त की। वहीं सन्नी राज ने वाणिज्य संकाय में 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल स्तर पर टॉप स्थान पाया, वहीं विज्ञान संकाय में आयुष्मान गुप्ता ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा, वहीं तीसरे और चौथे स्थान पर समीरा अंबर, वैष्णवी शाहदेव, सृष्टि आनंद, आयुष राज, प्रतीक अग्रवाल राहुल कुमार कुशवाहा, हेमंत कुमार यादव सहित महालक्ष्मी ने अपना रैंक क्रमशः बनाएं रखा। वहीं विषय वार देखा जाये तो अंग्रेजी में समीरा अंबर 94 प्रतिशत अंक अर्जित की, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान में आयुष्मान गुप्ता ने क्रमशः 93 प्रतिशत और 94 प्रतिशत अंक लाया। एकाउंट पेपर और बीएसटी पेपर में 94 प्रतिशत अंक लेकर सन्नी राज ने कृतिमान हासिल किया। वहीं महालक्ष्मी ने अर्थशास्त्र में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त की। शारीरिक शिक्षा में सन्नी राज, वैष्णवी शाहदेव, आयुष राज और आयुष्मान गुप्ता ने 96 प्रतिशत सर्वाधिक अंक लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस सफलता पर निदेशक मदन केशरी ने बच्चों की मेहनत और लगन, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों की सच्ची निष्ठा बताया है। उन्होंने ने कहा कि अगले सत्र में विद्यालय इससे अच्छा कृतिमान स्थापित करेगा। इस मौके पर प्राचार्य सीबी सिन्हा, उपप्राचार्य बीके ठाकुर, सीनियर शिक्षक नीरा शर्मा, संतोष प्रसाद समेत अनय उपस्थित थे।







# सेल डीएवी के छात्र छात्राओं ने सीबीएसइ बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर टाउनशिप सेल डीएवी के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। कॉमर्स में कुमारी अनुश्री सिंह 76 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बनी। दूसरा स्थान प्रियांशी कुमारी 62.20 प्रतिशत, तृतीय स्थान युवराज कुमार 62 प्रतिशत लाया। कॉमर्स में 5 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया, जिसमें 4 छात्र-छात्राएं पास हुई, वहीं एक छात्र का कंपार्टमेंट लगा। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए होते हुए उत्तीर्ण हुए विद्यार्थि के उज्जवल भविष्य की कामना की।




## रमेश रावत पिछले डेढ़ माह से गुमशुदा, सनहा दर्ज

**भवनाथपुर भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।।** थाना क्षेत्र के बुका निवासी 45 वर्षीय रमेश रावत पिछले डेढ़ माह से गुमशुदा हो गया है। जिसको लेकर उसकी वृद्ध 65 वर्षीय मां मोदरी कुंवर काफी खोज बिन में परेशान होकर इस मामले को लेकर वृद्ध ने भवनाथपुर थाना में भी गुमशुदगी की सनहा दर्ज कराया है। जानकारी देते हुए मोदरी कुंवर ने बताया के डेढ़ माह पूर्व घर से मेरा पुत्र अचानक शाम को रमेश रावत अपने घर से गायब हो गया, जिसको लेकर सगा संबंधी के पास काफी खोजबीन के बाद थाना को अपने पुत्र की खोजने की गुहार लगाया है। कहा कि मेरा रमेश इकलौता पुत्र है, जीवन का सहारा है। साथ ही उसके दो पुत्र और एक पुत्री के साथ पत्नी की हालत भी काफी खराब है। रमेश थोड़ा मानसिक विक्षिप्त भी बताया जाता है। उसने लोगों से भी अपने जीवन के इकलौता पुत्र को खोजने की गुहार लगाया है, और मिलने पर इस मोबाइल नंबर 9508355027 पर सूचना देने की गुहार लगायी है।



गुमशुदा रमेश रावत

# मतदान के दिन पीठासीन अधिकारी लापरवाही बरतने के आरोप में गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा प्रखंड सोनडीहा दक्षिण गांव स्थित एक बुथ पर 13 मई को मतदान के दिन कर्तव्य का निर्वहन ठीक से नही करने के आरोप मे गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत मे गढ़वा जेल मे भेज दिया है। इस संबंध मे थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की गत 13 मई को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के दिन सगमा प्रखंड क्षेत्र के सोनडीहा दक्षिण मे बुथ संख्या 367 पर बतौर पीठासीन पदाधिकारी गढ़वा जिले के डंडा थाना निवासी बुधन चौधरी का बेटा जयनाथ चौधरी को मतदान कराने के क्रम में अपने कर्तव्य का निर्वहन ठीक से नहीं करने, और मतदाता को इवीएम मशीन में वोट देने के लिए बतौर प्रत्याशी सहित चुनाव चिन्ह बताने के आरोप में सेक्टर मजिस्ट्रेट सरोज कुमार के द्वारा धुरकी थाना मे उक्त पीठासीन पदाधिकारी के खिलाफ नामजद आवेदन दिया गया। इसके बाद थाना प्रभारी ने उक्त बुथ से पीठासीन पदाधिकारी को गिरफ्तार कर थाना में लाया गया। इसके बाद पीठासीन पदाधिकारी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



# कहीं कमल खिलता दिखा तो कहीं जला लालटेन, गुम हुआ हाथी

बलराम शर्मा

**मेराल ।** पलामू लोकसभा सीट के लिए सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी 116 बूथों पर उत्साह पूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। यहां ग्रामीण इलाकों में भी जमकर वोटिंग हुई। इसके साथ ही पलामू सीट से चुनाव लड़ रहे सभी नौ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम मे बंद हो गया। प्रखंड में 66.61प्रतिशत मतदान हुई। प्रशासन की चौकसी के कारण कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई। ग्रामीणों में भारी उत्साह रहा। कई गावों में तो उत्सवी माहौल था। भारी संख्या में ग्रामीण मतदान करने निकलें। बूथों पर तो सुबह 6.00 बजे से पहले से ही मतदाताओं की लंबी कतार लगनी शुरू हो गयी थी, तो कहीं दोपहर में मतदाता बूथ पर पहुंचें। कई बूथों पर मतदान का समय समाप्त होने तक लंबी कतार लगी रही जिन्हें एक घंटा बाद तक मतदान कराया गया। मतदान को लेकर महिलाओं तथा नए वोटरों के साथ युवा से लेकर वृद्ध तक सभी मे उत्साह देखा गया। प्रखंड में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं ने ज्यादा वोट किए, 33758 पुरुषों के मुकाबले 35724 महिला मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान समाप्ति के बाद चौक चौराहों पर जीत और हर का चौपाल लगा शुरू हो गया है। शहर से लेकर गांव तक कहीं कमल खिलता दिखा तो कहीं लालटेन जलते नजर आया, इन दोनों के बीच हाथी गुम नजर आया।




## तेज आंधी तूफान के बाद काफी नुकसान



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** सोमवार की दोपहर बाद हुए तेज आंधी तूफान के बाद क्षेत्र के लोगों को अत्यधिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओपी क्षेत्र के मझिगावां पंचायत सचिवालय के छत पर लगे सोलर पैनल आंधी में उड़कर कुछ दूर चला गया, जिससे काफी नुकसान हुआ है, वहीं मझिगावां गांव के ही मुखलाल यादव व मुन्ना गुप्ता का घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। अब सभी के सामने जीकोपार्जन के साथ साथ घर बनवाने की चिंता सताने लगी। मुखलाल यादव की कच्चे की खपड़ैल मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया वंही, मुन्ना पासवान के घर का एलबेस्टर पूरी तरह से उड़ कर नष्ट हो गया। उसके साथ साथ क्षेत्र में कई जगह पेड़ गिर गया, तो कई जगहों पर बिजली के पोल भी गिर गये थे। जिस वजह से 12 घंटे तक बिजली बाधित रही, जिस वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं कई ग्रामीणों ने गढ़वा उपायुक्त व अंचलाधिकारी कांडी से उचित मुआवजा देने हेतु गुहार लगाया है।20

## महिलाओं ने पनशाला का शुभारंभ किया

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को अग्रवाल मुहल्ला में गोयल मिक्सी प्रतिष्ठान के समीप पनशाला खोला गया। गर्मी में राहगीरों को पानी और गुड़ का टिकरी देकर पनशाला का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष वीणा रानी अग्रवाल, सचिव मीना देवी वीणा शर्मा, पुष्पा अग्रवाल, सविता शर्मा, शकुंतला केशरी, अंजू शर्मा, सुशमा केशरी, श्वेता अग्रवाल, मीना केशरी, ललिता केशरी आदि उपस्थित थीं।




# पलामू की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी को भर भर के दिया आशीर्वाद : अलखनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पलामू लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक अलखनाथ पांडेय ने कहा है कि झारखंड में पहले चरण का चुनाव संपन्न हो गया। इसमें चार लोक सभा सीट के लिए मतदान हुए।

जिसमें पलामू की जनता ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी पलामू लोकसभा के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के प्रति आस्था और विश्वास व्यक्त करते हुए मतदान किया।

जनता के रुझान से स्पष्ट हो गया है कि पलामू लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने जनता को धोखा दिया है, ठगने का काम किया है। साढ़े चार साल के कार्यकाल में वर्तमान सरकार ने झारखंड को लूटने का काम किया है।

विकास का काम अवरूद्ध करने का काम किया है। जनता इस वर्तमान सरकार से त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 साल में सभी वर्ग की चिंता की है प्रत्येक दरवाजे पर विकास के माध्यम से दस्तक दी है। देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुआ है। दुश्मनों को करारा जवाब दिया जा रहा है। युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए हैं। इससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को पीएम बनने के लिए वोट किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी हर साल किसानों को किसान सम्मन निधि दे रहे हैं। आज तक किसी प्रधानमंत्री ने किसानों को ऐसा सम्मान नहीं दिया किसानों ने से प्रभावित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए वोट किया है। श्री पांडेय ने कहा कि मतदान के बाद लोगों की बात छन कर सामने आई है। इससे स्पष्ट हो गया है कि पलामू लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेंगे।




## विद्यालय झगराखांड से संबंधित जानकारी मांगी

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत झगराखांड़ निवासी संतोष कुमार यादव ने जिला जन सूचना पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक को स्पीड पोस्ट के माध्यम से सूचना अधिकार अधिनियम के तहत राजकीय कृत उच्च विद्यालय झगराखांड़ से संबंधित जानकारी की मांग की है। सूचना अधिकार अधिनियम के तहत उन्होंने वित्तीय वर्ष 2019 - 20 से 2023-24 तक का विद्यालय विकास राशि और विद्यालय रख रखाव राशि का आय व्यव्य का ब्यौरा मदवार वर्षवार बिल सहित, वित्तीय वर्ष 2012-13 से 2023-24 तक कितने भवन का निर्माण किया गया है। पूर्ण अपूर्ण की स्थिति आय व्यय का ब्यौरा रेकड़ पंजी की छायाप्रति, वित्तीय वर्ष 2019 -20 से 2023-24 तक विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) बैठक पंजी की छायाप्रति, वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक वर्षवार कोटिवार छात्रवृति भुगतान पंजी की छायाप्रति तथा जन सूचना पदाधिकारी के प्रथम अपीलीय पदाधिकारी के नाम व पत्राचार के पता की मांग शामिल है।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय,
श्रीमान् सिविल जज
Smt. Vidyawati Kumari
Civil Judge, Khunti
जुनियर डिविजन खुँटी
ओ0 एस0 8/2023
पवन कुमार कर वगैरह ............ खुंटी
बनाम
जितेन्द्र कर वगैरह ............... प्रतिवादी
नोटिस बनाम्
1. अमित कर उर्फ मुकेश कर पिता स्व0 नरेन्द्र (प्रतिवादी संख्या - 4) निवासी ग्राम - होरमा, पो0- होरमा, थाना - जिला - खुँटी झारखण्ड ।
बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपलोंगो को सुचित किया जाता है कि वादीगण ने आपके विरूध यह मुल स्वत्व वाद दाखिल किया जो मेरे न्यायालय में लम्बित है । आपके नाम नजारत एवं डाक रजिस्ट्री नोटिस पूर्व में भेजा जा चुका है परन्तु आप न्यायालय में उपस्थित नही हुए है ।
अतः दिनांक 21.06.2024 को समय सुबह 07:बजे मेरे न्यायालय मे आप स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर वाद में उचित पैरवी करें अन्यथा आपके विरूध एकतरफा आदेश पारित किया जाऐगा । इसे ताकिद से जांचे
दिनांक 02.05.2024 को न्यायालय के मोहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया ।
सिविल जज जुनियर डिविजन
व्यवहार न्यायालय, खुँटी

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 15 मई, 2024
www.azadsipahi.in
08

### जेनेट एकेडमी के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

# शिखा कुमारी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर बनीं



आजाद सिपाही संवाददात

**मैकलुस्कीगंज।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित हुए। जेनेट एकेडमी मैकलुस्कीगंज के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। एकेडमी की छात्रा शिखा कुमारी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टापर बनी। शिखा कुमारी नावाडीह निवासी शिवनंदन यादव की पुत्री है। इस वर्ष एकेडमी से कुल 48 छात्र छात्राएं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए। सभी विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उतीर्ण होकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं कृति कुमारी 78.8 अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय टॉपर व अंकित कुमार 76.6 अंक लाकर विद्यालय का थर्ड टॉपर बना। इस परीक्षा में शामिल 48 विद्यार्थियों में 24 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से एवं 24 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई दसवीं परीक्षा में जेनेट एकेडमी मैकलुस्कीगंज के विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन पर एकेडमी के निदेशक मनोज गुप्ता एवं प्रचार्य रंजीत सिंह ने विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता एक टीम की सफलता है। जिसका सबसे बडा श्रेय विद्यार्थियों को जाता है, जिन्होंने कड़ी मेहनत कर इस मुकाम को हासिल किया है। वहीं शिक्षकों का मार्गदर्शन व अभिभावको की जागरूकता का भी बडा योगदान रहा है। विद्यालय के शिक्षक जोसेफ नटाल,क्रांति कांत, अनामिका मिश्रा, मनोज कुजूर, तिलोत्मा कुमारी, रीना सिंह ने भी विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन पर बधाई दी है।

## फ्लाई ऐश का सुरक्षित परिवहन करने के लिए एनटीपीसी को पत्र देगा झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद



**खलारी (आजाद सिपाही)।** जेपीसीबी की टीम में अमित कुमार, अनिल सक्सेना, गीता एक्का ने खलारी में प्रदूषण का निरीक्षण किया। खलारी से होकर सड़क मार्ग से हो रहे फ्लाई ऐश परिवहन को लेकर झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद एनटीपीसी टंडवा को पत्र देगा। झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की टीम खलारी पहुंची। जेपीसीबी के अधिकारी खलारी के मुख्य बाजार केडी रोड के कई दुकानदारों से फ्लाई ऐश परिवहन से हो रहे प्रदषण के बारे में जानकारी लिए। मालूम हो कि गैर सरकारी संस्था खलारी डेवलपमेंट फोरम के सचिव राहुल राठौर ने छपी खबरों की प्रति लगाते हुए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, नयी दिल्ली को ई मेल के जरिए पत्र भेजकर फ्लाई ऐश परिवहन से हो रहे प्रदषण को संज्ञान में लाया था। इसके बाद सीपीसीबी ने झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को निर्देशित किया। इसी के आलोक में जेपीसीबी की टीम खलारी पहुंची थी। केडी बाजार के व्यवसायी सशील अग्रवाल, शत्रुंजय सिंह, शंकर सिंह, राकेश सिंह छोटू आदि ने जेपीसीबी के अधिकारियों को हालात से अवगत कराया। जेपीसीबी की टीम केडी-डकरा मार्ग का निरीक्षण भी की। इस दौरान उन्हें जगह जगह सड़क किनारे फ्लाई ऐश गिरा मिला। हालांकि बारिश के बारण सड़क धुल गया था। जेपीसीबी के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि एनटीपीसी टंडवा प्रबंधन को पत्र देकर फ्लाई ऐश का सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने कहा जायेगा। स्थानीय लोगों ने टीम को खलारी के अन्य प्रदूषण से भी अवगत कराया।

# अर्जुन बचा पायेंगे भाजपा का किला या कालीचरण के सिर बंधेगा सेहरा

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय क्षेत्र में लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व सोमवार को संपन्न हो गया। चुनाव परिणाम तो वैसे चार जून को आयेगा, लेकिन परिणाम को लेकर भविष्यवाणी करनेवाले सैकड़ों तथाकथित जानकार अपनी-अपनी गणित के सहारे हार-जीत की गणना करने लगे हैं और कौन विजयी होगा और किसे मुंह की खानी पड़ेगी, यह तो वक्त ही बतायेगा, पर इतना तो तय है कि इस संसदीय सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के दो मुंडाओं के बीच ही है। मतदान के दौरान ही अन्य उम्मीदवार चुनावी दौड़ से बाहर जाते दिखे। चार जून को ही पता लगेगा की अर्जुन मुंडा अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को मात देकर भाजपा के इस किले को सुरक्षित रख पाते हैं या कालीचरण मुंडा लगातार तीन हार के बाद जीत का स्वाद चख पायेंगे। राजनीति पर पकड़.रखने वालों की बातों पर भरोस करें, तो तोरपा, खूंटी और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में जहां कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को बढ़त मिल सकती है, वहीं सिमडेगा और खरसावां विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के अर्जुन मुंडा कांग्रेस पर बढ़त बनाते दिख रहे हैं। तमाड़ क्षेत्र में दोनों उम्मीदवारों के बीच नेक टू नेक फाइट की उम्मीद राजनीति के जानकार जताते हैं। तमाड़ क्षेत्र कें लोगों का कहना है कि इस बार कुर्मी समुदाय का वोट भी कांग्रेस को मिल सकता है, जबकि इस समुदाय को भाजपा और आजसू का समर्थक माना जाता है। तोरपा और अन्य इलाकों में भी कांग्रेस को अच्छा खासा वोट मिलने की संभावना जानकार बता रहे हैं। कांग्रेस पार्टी भाजपा के परपंरागत वोटर सरना समाज में भी सेंधमारी करने में सफल दिख रही है। कांग्रेस क इस दुष्प्रचार की काट भाजपा नहीं निकाल सकी, जिसमें संविधान बदलने, सीएनटी एक्ट खत्म करने, संविधान बदलने, आरक्षण खत्म करने की बात कही गयी है। कांग्रेस आदिवासी मतदाताओं को इस बात को लेकर अपने पाले में सफल रही कि कांग्रेस सत्ता में आई तो सरना कोड को लागू करेगी और संविधान और आरक्षण को सुरक्षित रखेगी। आमतौर पर जनजातीय समुदाय अपनी जमीन से भावनात्मक रूप से जुड़ा रहता है और उन्हें इस बात का भय दिखाया गया कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने, तो सीएनटी एक्ट को खत्म कर आदिवासियों को जमीन लूट लेगी, लेकिन भाजपा के नेता और कायकर्ता इस दुष्प्रचार को रोकने में नाकामयाब रहे। यही कारण है कि सरना समुदाय का भी अच्छा खासा वोट कांग्रेस को मिलने की संभावना जानकार जता रहे हैं।

**बूथ मैनेजमेंट में दिखा भाजपा का खराब प्रबंधन** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान बूथ मैनेजमेंट में भाजपा की नाकामयाबी साफ दिखी। दर्जनों ऐसे मतदान केंद्र ऐसे थे, जहां भाजपा का कोई एजेंट तक नहहीं था। बूथ मैनेजमेंट को लेकर जमीनी स्तर पर जुड़े कार्यकर्ताओं में भी नाराजगी दिखी। कुछ कार्यकताओं ने कहा कि भाजपा में निचले स्तर के कार्यकर्ताओं की कोई पूछ नहीं है। अब इस पार्टी में कार्यकर्ता कम और नेता अधिक हो गये हैं।

**नहीं चला बबीता कच्छप का जादू :** असंवैधानिक पत्थलगड़ी को लेकर सूर्खियों में आई आदिवासी विकास पार्टी का इस संसददीय चुनाव में कोई असर नहीं दिखा। पत्थलगड़ी से प्रभावित रहे अड़की और मुरहू प्रखंड के कुछ इलाकों में ही बबीता कच्छप को वोट मिलने की संभावना लोग जता रहे हैं। अन्य क्षेत्रो के अधिकतर बूथों में इस पार्टी न कोई बूथ ऐजेंट नजर आया और न ही कार्यकर्ता।

**झारखंड पार्टी ने नहीं दिखायी रुचि :** लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजनीति के जानकार उम्मीद जता रहे थे कि इस चुनाव में एनोस एक्का करी झारखंड पार्टी अपनी दमदार उपस्थिति दजे करायेंगे, पर उनकी गतिविधि सिर्फ कुछ जगहों पर चुनावी कार्यालयखोलने तक ही सीमित रही। न कहीं कार्यकर्ता दिखे और न नेता। कमोवेश यहा स्थिति झामुमो के पूर्व विधायक और स्वतंत्र उम्मीवार बसंत कुमार लोंगा, पास्टर संजय तिर्की की रही।

### कड़ी सुरक्षा में सभी इवीएम को वज्रगृह में रखा गया

# खूंटी संसदीय क्षेत्र में 69 फीसदी मतदान : एसपी

आजाद सिपाही संवाददता




**खूंटी।** जनजातीय के लिए सुरक्षित 11-खूंटी संसदीय सीट पर सोमवार को मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद लोकसभा के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन मंगलवार पूर्वाह्न तक खूंटी पहुंच गयी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में खूंटी लाईए गई सभी इवीएम को बिरसा कॉलेज खूंटी में बनाये गये स्ट्रांग रूम में विधिवत जमा कराकर स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया। यह जानकारी जिले के पुलिस कप्तान अमन कुमार ने मंगलवार को समाहरणालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। कुछ कारणों से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी ने बताया कि स्ट्रांग रूम में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी है। स्ट्रांग रूम की तीन लेयर वाली सुरक्षा व्यवस्था में बाहर की सुरक्षा डीएपी और जिला बल के जिम्मे है, जबकि अंदर की सुरक्षा सीआरपीएफ को सौंपी गयी है। उन्होंने बताया कि चार जून को बिरसा कॉलेज खूंटी में होनेवाली मतगणना की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी हैं। मतगणना की प्रक्रिया को भी शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जायेगा। इसके लिए सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने बताया कि सोमवार को पूरे क्षेत्र में चुनाव की प्रक्रिया के दौरान कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। सभी क्षेत्रों में चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव में इस बार लगभग 69.02 फीसदी मतदान हुआ है। इसमें सर्वाधिक मतदान खरसावां विधानसभा क्षेत्र में 78.38 फीसदी हुआ, जबकि सबसे कम सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में 65.01 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में 71.15 प्रतिशत, तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 68.73 प्रतिशतः खूंटी विधानसभा क्षेत्र में 68.60प्रतिशतः तथा कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में 65.23फीसदी मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि फाइनल रिपोर्ट आने के बाद मतदान के प्रतिशत में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है।

## प्रखंड स्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**राहे (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी का प्रखंड स्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन गोमदा चौक के समीप मंगलवार को कांग्रेस पार्टी का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने फीता काटकर किया। डॉ राकेश किरण महतो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने को लेकर है।रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय की जीत सुनिश्चित करने के लिए जोर-शोर से चुनाव प्रचार के कार्य में लग जाएं । बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाकर एकमतदाताओं को कांग्रेस के घोषणा पत्र में जनता से किए गए वादों की जानकारी दें। अपनी जीत पक्की करने के लिए हर वर्गो के लोगों से मुलाकात करें।

## निर्माण कार्य में बीडीओ ने रोक लगायी

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** मूरी गोला पथ मूरी टुंगरी के समीप चल रहे अवैध रूप से निर्माण कार्य प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी रेणुबाला ने रोक लगा दी है। तथा निर्माण कार्य कर रहे मानिक कुम्हार को 30 मई तक अपने सभी कागजात सत्यापित हेतु कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अंचल अधिकारी अंचल अधिकारी रेणु बाला ने कहा है कि मूरी खाता 107 प्लॉट सं 147 रकवा 1.97 एकड़ भूमि उक्त गैर मजरुआ जमीन पर दखल कब्जा अवैध रूप से किया जा रहा है। सभी पर जांच की जा रही है और दोषी पर कार्रवाई की जायेगी।

# यशस्विनी सहाय ने खलारी प्रखंड क्षेत्र में किया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने खलारी प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को तुफानी चुनावी दौरा किया। इस क्रम में सबसे पहले बमने स्थित निर्मल महतो चैक पर इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं ने यशस्विनी सहाय और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय का जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद दोनों ने निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं के साथ यशस्विनी सहाय और सुबोधकांत सहाय चुरी दक्षिणी पंचायत के जतरा टांड, चुरी होयर पंहुचे जहां लोगों से मिले। जहां से यशस्विनी सहाय कार्यकर्ताओं के साथ खलारी पहाड़ी मंदिर पहुंची। जहां पंडित बृजराज दुबे ने विधिवत पूजा अर्चना कराया और यशस्विनी सहाय ने भगवान से आशीर्वाद लिया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के जी टाइप, खलारी बाजारटांड़, सरना मायापुर, लापरा बुध बाजार, धमधामिया, जेहलीटांड़, केडी नया धौड़ा, मोहनगर में भी चुनावी दौरे के क्रम में लोगों से जनसंपर्क कर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में वोट करने की अपील की गयी। जनसंपर्क में मुख्य रूप से सुरेश बैठा, ललन सिंह, राजन सिंह राजा, विगन भोगता, जालिम सिंह, राजेश सिंह मिंटू, इंदिरा देवी, अब्दुला अंसारी, चंदन बैठा, रंथु उरांव, साबी अंसारी, अनिल पासवान, इस्माइल अंसारी, रंजन सिंह बिट्टू, विक्की सिंह, बाबू खान, तनवीर आलम, गोपाल सिंह, फिरोज आलम, राजा केसरी, मोनू रजक, रौषन लाल, मारुति देवी, नीलू विश्वकर्मा, धीरज मार्शल, अजय वर्मा, पवन राज सिंह सहित काफी संख्या में इंडिया गठबंधन में षामिल कांग्रेस, झामुमो, राजद के कार्यकर्ता तथा विस्थापित प्रतिनिधि शामिल थे।

## दसवीं के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सोमवार को सीबीएसई के 12वीं एवं दसवीं के परिणाम घोषित किए गये। एक बार फिर से बिरसा चिल्ड्रन एकेडमी बुंडू के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। हर बार की भांति इस बार भी विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा । 10 वीं में विद्यालय के नवीन कुमार ने 91% अंको के साथ प्रथम स्थान, समीर कुमार 87%द्वितीय, रौनक जायसवाल 87% ,राज दत्ता 81%तथा चित्रा रंजन ने 80%, एवं निखिल कुमार महतो ने80%अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया स्कूल के निदेशक भुवनेश्वर प्रमाणिक ने तथा विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

## तोरपा में जानकी महोत्सव 18 और 19 मई को



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा मेन रोड स्थित महावीर मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति के सहयोग से 18 और 19 मई को तोरपा में जानकी महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जायेगा। इस आशयका निर्णय विहिप के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में लिया गया। इस संबंध में विहिप अध्यक्ष ने बताया कि 18 और 18 मई को सुबह पूजा-अर्चना, पाठ, भंडारा और भजन कीर्तन का आयोजन किया जायेगा तथा सुंदरकांड का पाठ किया जायेगा। मौके पर विहिप विभाग संगठन मंत्री कल्याण श्यामल, बजरंग दल संयोजक मोहित जयसवाल, मातृशक्ति संयोजिका सीमा देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका भानुमति, रूपा देवी, देवंती देवी, दुलारी देवी, रिंकी देवी, मंजू देवी, पिंकी देवी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुकबुका पंचायत में चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** भाजपा खलारी मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को प्रखंड के बुकबुका पंचायत स्थित एसीसी कॉलोनी, साईंनगर, प्रगति नगर, चानक धौड़ा, नया धौड़ा, केडी बाजार, महावीर नगर कॉलोनी, पहाड़ी मंदिर के क्षेत्र तथा गुलजारबाग में में जनसंपर्क अभियान मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश भाजपा के मंत्री मनोज कुमार महतो, जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार, सांसद संजय सेठ के पुत्र ऐश्वर्य सेठ एवं भाजपा प्रदेश एससी मोर्चा के मंत्री कमलेश राम शामिल थे। जनसंपर्क में प्रखंड क्षेत्र में निवास करने वाले कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी विकास दूबे, मंडल महामंत्री कार्तिक पांडेय, अनिल गंझू, मंडल संयोजक रामसूरत यादव, जिला पार्षद सरस्वती देवी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गणेश यादव, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, ममता केसरी, वीना देवी, किरण देवी, सरिता देवी, नीरा देवी, आनंद सिंह, अरविंद सिंह, विष्णु मुंडा, भरत प्रजापति, भरत रजक, शत्रुंजय सिंह, रतन लाल, कुलदीप लोहरा, रामसेवक यादव, रामप्रवेश नायक, दिलीप पासवान, अनिता देवी, कविता देवी कार्यकर्ता शामिल थे।

### डीएवी बचरा में बच्चों के साथ अभिभावक को किया गया सम्मानित

# बेहतर शिक्षा के लिए शिक्षकों के साथ अभिभावकों का योगदान जरूरी : आरबी प्रसाद

**बेहतर शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे शिखर तक पहुंचते हैं।**

आजाद सिपाही संवाददाता


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक, बच्चे और अभिभावक।


स्कूल टॉपर को मिठाई खिलाते हैं प्राचार्य।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीबीएसई दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीएवी बचरा के छात्र छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे स्कूल के प्राचार्य आरबी प्रसाद ने स्कूल के टॉपर सहित सभी सफल छात्र-छात्राओ सहित उनके अभिभावको को मिठाई खिलाकर बधाई दी और बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस संबंध मे प्राचार्य आरबी प्रसाद ने कहा कि इस वर्ष दसवीं और बारहवीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। बच्चों ने कड़ी मेहनत और परिश्रम के साथ सफलता प्राप्त की है। बच्चों के इस सफलता पर स्कूल में खुशी की लहर देखी जा रही है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल का परिणाम काफी बेहतर रहा है। जिसके लिए स्कूल के सभी शिक्षको के अलावा अभिभावकों की सराहनीय भूमिका है। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन लिए काफी जरूरी है। शिक्षा के बिना सफलता असंभव है। बेहतर शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे शिखर तक पहुंचते हैं। ऐसे में बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए अभिभावकों का योगदान काफी जरूरी है। शिक्षको के साथ-साथ अभिभावकों को भी बच्चों के शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम मे छात्र आभांशु द्विवेदी, आशुतोष कुमार ओझा, देवाशीष कुमार गुप्ता, खुशबु कुमारी, देवाशीष सिन्हा, ओम आदित्य, राघव कुमार, सृजा दत्ता, भव्यता विश्नकर्मा, कृष्णा यादव, आर्यन कुमार, श्रेया कुमारी, शिल्पा कुमारी, गौरव कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी। इस मौके पर प्राचार्य आरबी प्रसाद, शिक्षक एके लाल, एपी द्विवेदी, सीएस सिंह, एसके पांडेय, एके शर्मा, प्रेमसागर, सुदीप्ता डे, सुमित कुमार सहित स्कूल के कई शिक्षक बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद थे।

## पीठासीन पदाधिकारियों की डायरी प्रपत्र 17ए की हुई संवीक्षा




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी लोकसभा के लिए सोमवार को मतदान संपन्न होने के पश्चात मंगलवार को बिरसा कॉलेज परिसर में सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, खूंटी समेत संबंधित विधानसभा के एआरओ और खूंटी लोकसभा के प्रत्याशियों, उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पीठासीन पदाधिकारियों की डायरी, प्रपत्र 17ए और अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा की गयी। ज्ञात हो कि मतदान प्रक्रिया के उपरांत भी पारदर्शिता रहे, इसी उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में यह संवीक्षा का कार्य किया जाता है। संवीक्षा के पश्चात इवीएम को स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा भी कड़ी कर दी गयी है। सुरक्षा के पूर्ण इंतजाम किये गये हैं।

# सीबीएसइ बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

## संत जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

आजाद सिपाही संवाददाता




12वीं के छात्र मो कैफ खान ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर्स बना और द्वितीय स्थान पर सुशांत भारती 93 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर श्रेया सिन्हा 91 प्रतिशत।




वहीं 10वीं की परीक्षा में श्रेया कुमारी ने 92.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर्स रहीं। रौनक साह 91.4%।

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल का 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 12वीं के छात्र मो कैफ खान ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर्स बना। वहीं, अन्य विद्यार्थियों में सुशांत भारती 93 प्रतिशत, श्रेया सिन्हा 91 प्रतिशत, मो हंबल इमाम 91 प्रतिशत, गौरव कुमार 91 प्रतिशत, रिषभ देव 91 प्रतिशत, मुकुल रंजन 91 प्रतिशत, आकृतिश्री 88%, मुस्कान 87%, उत्भव उत्कर्ष 86%, सुप्रिया सम्पन 86%, याशी चौधरी 86%, तथा शिवांगी मिश्रा ने 85% अंक प्राप्त किए। वहीं 10वीं की परीक्षा में श्रेया कुमारी ने 92.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर्स रहीं।

आथिया अफसर ने 91.6%, रौनक साह 91.4%, अनुराग लकड़ा 90.2%, मो. एकदस अहमद 90%, आशीष कुमार 90%, विशाल कुमार 89.8%, तन्नू कुमारी 89%, राज गुप्ता 88.2%, श्रेयाश्री 85.2%, पीयूष मुंडिया 86.8%, अपराजिता रंजन ने 86.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। परीक्षा के शत-प्रतिशत परिणाम को देखते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ पंकज राज, प्राचार्या जसमंती देवी और उपप्राचार्या सुनीता सिंह ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ पंकज राज ने बच्चों को बधाई दी है। वहींनगड़ी लोधमा रोड स्थित लोहिया पब्लिक स्कूल मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष 97 बच्चों ने विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा दी जिसमें सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ पास हुए। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक प्रेम सागर महतो ने कहा कि बच्चों ने विद्यार्थियों ने मन लगाकर पढ़ाई की जिससे उनका रिजल्ट बेहतर रहा। दुसरी ओर हिज ब्लेसिंग कॉन्वेंट विद्यालय के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। दसवीं में कुल 24 विद्यार्थी शामिल हुए, जिसमें 16 विद्यार्थी प्रथम स्थान और आठ विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। राहुल कुमार 86% के साथ विद्यालय टॉपर रहे हैं 82% के साथ शनि कच्छप द्वितीय टॉपर और 78% लाकर सुधाकर गोप तृतीय टॉपर रहे। विद्यालय के प्राचार्य पुरुषोत्तम केसरी ने बताया कि विद्यार्थी लगातार उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं जिससे कि विद्यार्थी और अभिभावकों का उत्साह देखते ही बन रहा है। पिस्का नगडी प्रखंड के ज्ञानोदय एकेडमी बोर्डिंग स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया। इस वर्ष इस स्कूल से 16 प्रशिक्षार्थी शामिल हुए थे, सभी सफल रहे। सुमन उरांव 92 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर रहा, ज्योति कुमारी 86 प्रतिशत अंक लाकर सेकेंड टॉपर और संतोष महतो 84 प्रतिशत लाकर थर्ड टॉपर रहा। स्कूल के प्राचार्य सुरेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उज्जवल बने कैंब्रिज स्कूल के टॉपर


आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** सीबीएसई दसवीं के जारी परीक्षा परिणाम में कैंब्रिज स्कूल टाटीसिलवे का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र उज्जवल कुमार जायसवाल 92 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने। जबकि छात्रा अर्पिता सिंह 85.4 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय तथा नितीश कुमार 79.6 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य टीके नाथ ने बताया कि विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के निदेशक अभिषेक सिंह ने परीक्षा में शामिल हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है। वहीं, नामकुम बाजार पतरा टोली निवासी देवराज सिंह सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 91.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। देवराज सरला बिरला पब्लिक स्कूल का छात्र है। विद्यालय परिवार ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिवार में खुशी का वातावरण है। देवराज ने बताया कि मेहनत और आशीर्वाद के वजह से वह इस मुकाम पर है।

## संत जगत ज्ञान महर्षि पब्लिक स्कूल पुरियो बेड़ो का परिणाम शत प्रतिशत रहा

आजाद सिपाही संवाददाता




10वीं में स्वर्णदीप उरांव ने 92.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय टापर्स रहे।

**बेड़ो।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं तथा 12वीं बोर्ड का परिणाम घोषित कर दिया है। संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल पुरियो, बेड़ो रांची का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12वीं में विद्यालय के छात्र गुलाम दस्तगीर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के टापर्स रहे। इन्होंने फिजिक्स में 95% अंक, बायोलॉजी में 95% अंक, केमिस्ट्री में 97% अंक, पीएचई में 92% अंक तथा इंग्लिश में 92% अंक प्राप्त किये। वहीं अन्य विद्यार्थियों में अभिनव आर्या 89%, ममता रानी 84%, आकर्ष कुमार 84%, आकांक्षा कुमारी 83%, गौरी जालान 82%, कुमार सत्यम 81%, तन्वी रानी 80%, अदिति कुमारी 80%, अंक प्राप्त किये। वहीं 10वीं में स्वर्णदीप उरांव ने 92.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय टापर्स रहे। निशांत कुमार वाग 92%, एंजल उरांव 91.2%, मनीष उरांव 89%, रमन गुप्ता 88.4%, यशकांत कुमार 85.2%, हसीबा अंजुम 84.8%, स्वेता कुमारी 84.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। परीक्षा के शत प्रतिशत परिणाम को देखते हुए विद्यालय के प्राचार्य संदीप राज जी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के निर्देशक डा पंकज राज ने कहा कि हमारा विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में होने के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिदिन विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों व अभिभावकों पर आभार जताया।

## 10वीं की परीक्षा में आरटीसी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** आरटीसी स्कूल बूटी रांची और अनगड़ा के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। कुल 230 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिसमें 125 प्रथम श्रेणी से, 98 दितीय श्रेणी से तथा 99 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का आशुतोष यादव 480 अंक लाकर प्रथम टॉपर बना। जबकि प्रियांशु राज 473 अंक के साथ दुसरा, कुणाल कुमार महतो 468 अंक के साथ तृतीय, प्रियांशु कुमारी 467 अंक के साथ चतुर्थ, हिमांशु राज 465 अंक के साथ पंचम एवं अमन कुमार 464 अंक के साथ छठा टॉपर बनकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो, प्राचार्य सुनील कुमार सिंह व नरेन्द्र नाथ महतो ने सफल सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है और आशा व्यक्त किया कि आने वाले समय में विद्यालय शैक्षणिक गुणवत्ता के बल पर नई ऊंचाइयों को छुयेगा।

### रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को सीआइटी में एनएसएस एवं उन्नत भारत अभियान के तत्वाधान में रिम्स के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में विद्यार्थियों ने कुल 58 यूनिट रक्तदान किया। मौके पर उपस्थित रिम्स के चिकित्सक डॉ चंद्र भूषण व डॉ दीपक चौधरी ने विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया और रक्तदान से जुड़े भ्रान्तियों को दूर किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन व एनएसएस प्रभारी प्रो. अरशद उस्मानी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## सीबीएसइ की परीक्षा में संजीवनी क्लासेस के छात्रों ने लहराया परचम



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** टाटीसिलवे पुरुलिया रोड स्थित संजीवनी क्लासेस के छात्रों ने सीबीएसई की परीक्षा शानदार प्रदर्शन कर परचम लहराया है। संस्थान का परिणाम शत प्रतिशत रहा। संस्थान की छात्रा मान्या सिन्हा ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर ऑक्सफोर्ड विद्यालय की दसवीं टॉपर रही। वहीं, संस्थान के छात्र आयुष राज 95.4 प्रतिशत अंक, प्रभाकर त्रिपाठी 94.8 प्रतिशत अंक, मनीष कुमार महतो 93.4 प्रतिशत अंक एवं राज कमल यादव 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। संस्थान के अधिकांश विद्यार्थियों को गणित और विज्ञान में 90 से अधिक अंक प्राप्त हुए है। संस्थान के निदेशक कुंदन कुमार, शिक्षक प्रेम रंजन शर्मा, सुमित केसरी, प्रिया कुमारी और कृति कुमारी ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बाइक सवार घायल, रिम्स रेफर

बेड़ो। इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव चौक के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से परधा निवासी बाइक सवार 30 वर्षीय जितेंद्र गोप पिता बुधवा गोप गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर गया दिया।

## पेयजल किल्लत को लेकर तुको के ग्रामीणों ने पीएचडी कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

**डेढ़ साल पहले बनी जलमीनार योजना से जलापूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को हो रही परेशनी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय से मात्र आठ किलोमीटर दूर दिघिया पंचायत के तुको गांव के बाजार टांड़ चौक में करीब डेढ़ साल पूर्व बना जलमीनार इन दिनों सफेद हाथी बनकर खड़ा है। इसके निर्माण के डेढ़ साल बीत जाने के वावजूद ग्रामीणों को अबतक एक बूंद पानी नसीब नहीं हो सका। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं इसके निर्माण में लाखों रुपये खर्च हुए हैं। इधर जलमीनार से जलापूर्ति नहीं होने के कारण चिलचिलाती धूप में पेयजल मुहैया कराने की मांग को लेकर तुको गांव के आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को मुखिया प्रतिनिधि अजित तिर्की के नेतृत्व में मो जुबेर आलम, मो तौशिफ,मो शहनवाज, बलराम सिंह,शेखर साहू, वीरन लाल,राज रंजन सिंह,बजरंग साहू,दीपक गोप, राजा लाल,पिंकू लाल व बाबूलाल गुप्ता समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बेड़ो स्थित पेयजलापूर्ति विभाग के कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस भीषण गर्मी में हम लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। गांव में टंकी बनाकर छोड़ दिया गया है। लेकिन टंकी में जलापूर्ति नहीं कि गयी। हमें नल-जल योजना के तहत पानी की सुविधा नहीं दी गयी है। जिससे हमलोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या को लेकर विभागीय अधिकारियों को लगातार अवगत करवाया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मामले को लेकर हमलोगों ने सांसद, विधायक, सरकार आपके द्वार और विभाग से गुहार लगायी लेकिन आश्वासन के बाद भी हम लोगों अभी तक पानी नहीं मिली है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की ओर से समस्या का समाधान नहीं किया गया तो पेयजलापूर्ति विभाग में हम सभी ग्रामीण तालाबंदी करेंगे। इधर बलराम सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर विभाग के जेई विजय मिंज ने दूरभाष पर एक सप्ताह के अंदर पेयजल आपूर्ति बहाल कर देने का आश्वासन दिया है।

## डालसा रांची ने किया 41 लीगल लिट्रेसी क्लब का पुनर्गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा जिले में 41 लिगल लिट्रेसी क्लब का पुनर्गठन किया गया है। मालुम हो कि झालसा द्वारा डालसा रांची को 41 लिगल लिट्रेसी क्लब का पुनर्गठन करने का निर्देश दिया गया था। पुनर्गठित 41 लिगल लिट्रेसी क्लबों में कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय अनगड़ा, बेड़ो, बुण्डू, बुढ़मू, चान्हो, कांके, लापूंग, माण्डर, नामकूम, ओरमांझी, सिल्ली, सोनाहातु, तमाड़, एसएस प्लस टू हाई स्कूल बेड़ो, सीएम स्कूल ऑफ एक्शेलेंश बरियातू, एएसटीभीएस डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्शेलेंश बरियातू रांची, राजकीय प्लस टू उवि सोसई मांडर, प्रेम मंजरी उवि रातू, छोटानागपुर राजकीय प्लस टू उवि रातु, प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू उवि टांगर बसली मांडर, राजकीय प्लस टू उवि बोरया, प्रोजेक्ट बालिका उवि सिल्ली, एसएस प्लस टू बालिका उवि डोरण्डा, टीवीएससीएम एक्शेलेंशी विद्यालय जगरनाथपुर, बाल कृष्णा प्लस टू उवि रांची, केबी गर्ल्स स्कूल रातू रोड रांची, राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय कमड़े रांची, राजकीय ओबीसी बालिका प्लस टू आवासीय उवि जेल रोड रांची, संत अन्ना बालिका उवि मांडर, आशा शिशू मंदिर नया भुसुर नामकुम, दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची, जवाहर विद्या मंदिर श्यामली रांची, रामलखन सिंह यादव उवि रांची, डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल रांची, संतोष बीएड कॉलेज बालसिरिंग तुपुदाना रांची आदि शामिल हैं। बताया गया कि उक्त लिगल लिट्रेसी क्लब का गठन हो जाने के बाद स्कूल में पढ़ रहे बच्चे-बच्चियों को विधि की प्रारंभिक जानकारी प्राप्त होंगी। उन्हें डालसा के द्वारा संविधान के अधिकार और मूल कर्त्तव्यों के बारे में जानकारी दी जायेगी।

### ग्राम प्रधान संघ ने संजय सेठ से मुलाकात की



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** ग्राम प्रधान संघ के रांची जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाइक के नेतृत्व में मगंलवार को ग्राम प्रधानों के एक दल ने रांची लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ से उनके आवास जाकर मुलाकात की। जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाइक ने कहा कि आज भी उन्हें पेसा कानून के तहत पूर्ण अधिकार नहीं दिये गये हैं। मौके पर संघ के सचिव मनीष कुमार महली, मीडिया प्रभारी रितु पूर्ण सिंह मुंडा, रवि महली, नरेश मुंडा, सुखदेव मुंडा, सुखराम बेदिया, सुरेंद्र सिंह मुंडा, धनेश्वर मुंडा आदि उपस्थित थे।

### भाजपा चुनावी कार्यालय कार्यालय का उद्घाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अनगड़ा मंडल अंतर्गत गेतलसुद में मंगलवार को भाजपा के चुनाव कार्यालय का उदघाटन राज्य सभा सांसद आदित्य साहु, प्रदेश नेता सुबोध सिंह, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, संयोजक पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रभारी नसीबलाल महतो, सह प्रभारी अमरनाथ चौधरी, रोशनी खलखो, रामनाथ महतो आदि ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो ने किया। मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, रणधीर चौधरी, सत्यदेव मुंडा, कामेश्वर महतो, गौरी शंकर मुंडा, राजेंद्र, संजय, सुनील कुमार महतो, मानेश्वर मुंडा, अनीता, अजय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजुद थे।

### चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**कांके।** पंचायत सहायक संघ कांके प्रखंड कमेटी के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक लोग मतदान करें इसको लेकर पंचायत सहायक संघ के बैनर तले आम ग्रामीण और जनप्रतिनिधि गण प्रखंड कैंपस से होकर ब्लॉक चौक और दुर्गा मंदिर तक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान में अंचल अधिकारी जयकुमार राम, पंचायत सहायक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार, जिला अध्यक्ष गौतम कुमार कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष प्रभात भूषण, चंदन, अमित, अनीता आदि उपस्थित थे।

### जयराम और सरफराज बने आजसू केंद्रीय समिति सदस्य

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर जोन्हा के जयराम महली और सरफराज अहमद को आजसू पार्टी का केंद्रीय समिति सदस्य मनोनित किया गया है। आशा व्यक्त किया गया कि उनके प्रगतिशील नेतृत्व में संगठन को एक नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। इन्हें केंद्रीय समिति सदस्य बनाएं जाने पर आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता सुदर्शन भगत, केंद्रीय सचिव राजेन्द्र शाही मुंडा, पारसनाथ उरांव, बिरेंद्र सिंह भोगता, जलनाथ चौधरी, राजू नायक, जितेंद्र सिंह, वीणा देवी आदि ने बधाई दी है।

## गोंदलीपोखर के बच्चों ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

**8 गोल्ड, 4 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल जीते।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** स्टार क्लब गोंदलीपोखर के बच्चों ने भगवान बिरसा मुंडा जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 गोल्ड, 4 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। धुर्वा रांची में आयोजित इस प्रतियोगिता के विभिन्न भार वर्ग में क्लब के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ना सिर्फ. अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया साथ में क्षेत्र का भी नाम रौशन किया। क्लब के प्रशिक्षण कोच संजय मुंडा के कुशल नेतृत्व में इस प्रतियोगिता में रेणुका मुंडा, तरुण महतो, शिवम महतो, प्रिया कुमारी, रितिका मुंडा, कविता कुमारी, मनीष महतो और बबली कुमारी ने गोल्ड मेडल, शशि मुंडा, चंद्रदेव कुमार, नीरज बेदिया व मिनी कुमारी ने सिल्वर मेडल तथा अंकुश कुमार, अमन कुमार, सारथी कुमारी, अंकुश नाग व काया कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। पदक जीतने वालों में अधिकांश बच्चे जीपी हाईस्कूल हेसल और उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवागढ़ के छात्र-छात्रा हैं। कोच संजय मुंडा और जीपी हाईस्कूल के प्राचार्य ब्रजेश महतो ने इस उपलब्धि के लिए पदक विजेताओं को बधाई दिया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## मंडा पर्व भगवान शिव के प्रति प्रेम और आस्था को दर्शाता है

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** नामकुम प्रखंड के रामपुर बाजार महादेव ताड़ गड़के में नव युवक संघ शिव मंडा पूजा समिति के बैनर तले सोमवार की रात आस्था व भक्ति का महापर्व मंडा पूजा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान दर्जनों शिवभक्तों ने अंगारों में नंगे पांव चलकर अपनी भक्ति का परिचय दिया। मंडा पर्व के दौरान भक्तों ने भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा अर्चना की। इसे लेकर यहां मेले का भी आयोजन किया गया। वहीं, पूजा समिति के निमंत्रण पर पहुंचे अतिथियों ने ग्रामीणों को मंडा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मंडा पर्व झारखंड का लोकप्रिय पर्व है। वर्षों से हमारे पूर्वजों की ओर से मनाया जाने वाला यह पर्व भगवान शिव के प्रति प्रेम और आस्था को दर्शाता है। इधर, आयोजन समिति अध्यक्ष प्रदीप लकड़ा ने बताया कि इस पर्व पर गांव के भोक्ता कई दिनों तक विधिवत पूजा अर्चना कर मंडा पूजा को विधि विधान से संपन्न कराते है। दर्जनों भक्त लोटन सेवा, बनस झूला व दहकते अंगारों में चलकर भगवान के प्रति आस्था का परिचय देते है। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रदीप लकड़ा, ग्राम प्रधान सुजीत लकड़ा, सचिव उमेश कच्छप, उपाध्यक्ष अनिल लकड़ा, कोषाध्यक्ष सुरज लकड़ा, संयुक्त सचिव मुन्ना लकड़ा, अजय लकड़ा, संजय कुमार साहू, शंकर ताती, शंकर खरखुसा, मनोज कच्छप, रोहित बाड़ा आदि सदस्यों का अहम योगदान रहा।

# अल्प समय के प्रयास से ही जिला टॉपर बनना मील के पत्थर के समान है : डॉ एसबीपी मेहता

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल कला संकाय के बच्चे पलामू प्रमंडल में टॉपर

वाणिज्य में द्वितीय और विज्ञान संकाय में तृतीय स्थान पर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल

शिक्षकों, अभिभावकों के अथक प्रयास से ही बच्चे जिला टॉपर बनें है: डॉ एके सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के बारहवीं की छात्राएं सानिया फातिमा, आकांक्षा गुप्ता और कुमारी आकांक्षा सीबीएसई 2024 की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पलामू प्रमंडल में टॉपर बनी। कला संकाय में सानिया फातिमा राजनीति में 99, अंग्रेजी में 95, इतिहास में 92, मनोविज्ञान में 96 और अर्थशास्त्र में 88 अंकों के साथ 94 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में टॉपर रही।

वाणिज्य संकाय में आकांक्षा गुप्ता पेंटिंग में 100, अंग्रेजी में 94, व्यवसायिक अध्ययन में 94, लेखाशास्त्र में 95 और अर्थशास्त्र में 90 अंकों के साथ 95 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में द्वितीय स्थान रही। विज्ञान संकाय में कुमारी आकांक्षा पेंटिंग में 100, अंग्रेजी में 94, रासायन शास्त्र में 92, जीवविज्ञान में 95 और हिन्दी में 90 अंकों के साथ 94.2 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में तृतीय स्थान पर रही।

विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय के कुल 33 विद्यार्थियों में से सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में सानिया फातिमा द्वारा बेहतर प्रदर्शन द्वारा पलामू प्रमंडल टॉपर बनना विद्यालय, शिक्षक, प्राचार्य व अभिभावकों के लिए गर्व की बात है। विद्यालय के निदेशक डॉ. एसबीपी मेहता और प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनायें देकर कहा कि अल्प समय के प्रयास से ही जिला टॉपर बनना मील के पत्थर के समान है। शिक्षकों, अभिभावकों और प्राचार्य के अथक प्रयास से ही यह संभव हो पाया है। अभिभावकों को संबोधित कर कहा कि आपका सतत सहयोग हमें नये कीर्तिमान गढ़ने पर प्रेरित करते हैं। भविष्य में ऑक्सफोर्ड स्कूल राज्य स्तरीय प्रदर्शन में सफल रहे ऐसा सराहनीय और संयुक्त प्रयास हम सबका होना चाहिए। विद्यार्थियों का परीक्षाफल उत्साहवर्धक है, जिसका श्रेय सभी विद्यार्थियों के कठिन मेहनत, अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग को जाता है। जिंदगी में हर अनुभव की कीमत है। भविष्य में और बेहतर करने के तमाम मौके मिलेंगे। तनाव रहित और धैर्य से भरपूर जीवन ही आपके भविष्य को उज्वल बनायेगा। हम सब ईश्वर से छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

**कला संकाय** में सानिया फातिमा राजनीति में 99, अंग्रेजी में 95, इतिहास में 92, मनोविज्ञान में 96 और अर्थशास्त्र में 88 अंकों के साथ 94 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में टॉपर रही।
**वाणिज्य संकाय** में आकांक्षा गुप्ता पेंटिंग में 100, अंग्रेजी में 94, व्यवसायिक अध्ययन में 94, लेखाशास्त्र में 95 और अर्थशास्त्र में 90 अंकों के साथ 95 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में द्वितीय स्थान रही।
**विज्ञान संकाय** में कुमारी आकांक्षा पेंटिंग में 100, अंग्रेजी में 94, रासायन शास्त्र में 92, जीवविज्ञान में 95 और हिन्दी में 90 अंकों के साथ 94.2 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में तृतीय स्थान पर रही।

## गैर सरकारी स्कूल संस्थानों के निदेशक और प्रधानाचार्यों ने की बैठक

# 24 मई से 13 जून तक रहेगी गर्मी की छुट्टी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद के अध्यक्षता में मंगलवार को शहर के नयन होटल में गैर सरकारी स्कूल संस्थानों के निर्देशक और प्रधानाचार्यों की बैठक हुई। जिसमें प्रखण्ड क्षेत्र के सभी गैर सरकारी स्कूल सुचारू रूप से चलाने एवं सामाजिक कार्यों में सहभागिता ले सके। इसके लिए सभी के सहमति से प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन संगठन का निर्माण किया गया। बैठक में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद को संगठन के अध्यक्ष और गुरुकृप कान्वेंट पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह को सचिव बनाया गया। जबकि मनोज डीएवी स्कूल के निर्देशक डॉ मनोज कुमार को कोषाध्यक्ष और लिटिल एंजेल प्ले स्कूल राजीव रंजन को मीडिया प्रभारी बनाया गया।वहीं अगली बैठक में संगठन का विस्तार किया जाएगा। साथ ही संगठन के सदस्यों ने आगामी 24 मई से 13 जून तक गर्मी की छुट्टी लेने का निर्णय लिया है। बैठक के दौरान निर्देशकों में लुमिनस मेंटर्स स्कूल डॉ सत्येंद्र कुमार शर्मा, अल्फाबेट प्ले स्कूल मोहम्मद परवेज, गौतम बुद्ध पब्लिक स्कूल संजय कुमार मेहता, सफदर अकादमी मोहम्मद शमशाद वन्या और प्रधानाचार्यों में सरस्वती शिशु मंदिर श्रवण कुमार वैद्य, प्रॉमिनेंट प्ले स्कूल यासीन अख्तर, चन्द्रमणि कान्वेंट पब्लिक स्कूल दिलीप चौधरी, बीएनएस डॉक्टर विनोद कुमार सिंह, किड्स प्ले स्कूल रंजीत कुमार सिंह, गुरु कृपा कान्वेंट पब्लिक स्कूल मनोज कुमार सिंह, संत पॉल स्कूल चंदन सिंह इंडियन पब्लिक स्कूल मोहम्मद राशिद फैजी, रामेश्वर पब्लिक स्कूल से दीपक कुमार आदि शामिल थे।

# सालाना उर्स के मौके पर 19 मई को सजेगी कव्वाली की शानदार महफिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद स्थित दाता पीर बक्श शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स को लेकर शहर के खगड़िया मुहल्ला स्थित इब्राहिम सेठ के आवास पर बैठक हुई। बैठक में उर्स के मौके पर होने वाले जलसा व कव्वाली कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से तैयारी समिति का गठन किया गया। संरक्षक मसरूर अहमद, हाजी अब्बास कादिरी, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, जाकी हुसैन उर्फ शम्मू हुसैन, संयोजक इब्राहिम सेठ, कार्यकारी अध्यक्ष डाक्टर एजाज आलम को चुना गया है। जबकि मीडिया प्रभारी मो0 जफर, सह मीडिया प्रभारी संजय ओझा को चुना गया है। एक दर्जन लोगों को कार्यकारिणी समिति में रखा गया है। कार्यकारी अध्यक्ष डाक्टर एजाज आलम ने कहा कि उर्स को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। उर्स की शुरूआत 18 मई को चादर पोशी से की जायेगी। रात्रि में शानदार जलसा का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन 19 मई को रात्रि में शानदार कव्वाली मुकाबला होगा। इसके लिए देश के मशहूर टीवी कलाकार शाहरुख साबरी व सबा रंगीली के बीच होगा। सभी कार्यक्रमों में विधि व्यवस्था की जवाबदेही सैयद नौशाद उर्फ गुड्डू को दी गयी। विदित हो कि विगत 24 वर्षों से समाजसेवी इब्राहिम सेठ के सौजन्य से यह कव्वाली कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बैठक में जफर खान, मशीर खान, नदीम खान, शहंशाह खान, गफ्फार खलीफा, अकरम खान, बिनोद पांडेय, सद्दाम हुसैन, नूरुल खान, अली असगर समेत कई लोग मौजूद थे।

# छिपादोहर का एक युवक पांच दिनों से लापता, गुमशुदगी का मामला दर्ज



लापता युवक मोनू मिश्रा

**विश्रामपुर (पलामू)** । विश्रामपुर थाना क्षेत्र के छिपादोहर गांव निवासी चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्लू मिश्रा का बेटा राकेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा (25) पिछले पांच दिनों से लापता है। इस संबंध में डब्लू मिश्रा ने विश्रामपुर थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि पिछले दस मई को वह घर से निकाला था। जब वह देर रात तक घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। हर संभावित जगह तलाशने के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो आज थाना में मामला दर्ज कराया गया। लापता युवक मोनू बीजेएमसी के जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा का भतीजा बताया जा रहा है।

## मतदान प्रभावित करने के आरोप में दर्ज हुई प्राथमिकी

**उंटारी रोड (पलामू)(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के करकटा में रोड नहीं तो वोट नहीं के नारा के साथ ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से वोट बहिष्कार किया, वोट बहिस्कार के आरोप में 6 नामजद के साथ 20 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज किया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पांडेपुरा निवासी राहुल कुमार गुप्ता पर आचार सहिता उलंघ का मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार राहुल पोलिंग बूथ पर प्रचार लिखा हुआ पर्चा बांट रहा था।

# स्क्रूटनी के बाद मतदान प्रतिशत 59.99 % से बढ़कर 61.27 %

मतदान के पश्चात हुई स्क्रूटनी, पीठासीन पदाधिकारी के डायरी, प्रपत्र 17 ए और अन्य दस्तावेजों की हुई जांच



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा के लिये सोमवार को मतदान संपन्न होने के पश्चात मंगलवार को जीएलए कॉलेज परिसर में पलामू लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन,जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशि रंजन,गढ़वा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर समेत विभिन्न विधानसभा के एआरओ व पलामू लोकसभा के विभिन्न प्रत्याशियों की मौजूदगी में पीठासीन पदाधिकारियों की डायरी,प्रपत्र 17 ए एवं अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा की गयी।

संवीक्षा के बाद पलामू लोकसभा का मतदान प्रतिशत 59.99 प्रतिशत से बढ़कर 61.27 प्रतिशत हो गयाविदित हो कि मतदान प्रक्रिया के उपरांत भी पारदर्शिता रहे,इसी उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में यह संवीक्षा का कार्य किया जाता है।

## स्ट्रांग रूम की सुरक्षा सीआरपीएफ के हवाले

संवीक्षा के पश्चात जीएलए कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया है वहीं स्ट्रांग रूम की सुरक्षा भी कड़ी कर दी गयी है।यहां दो स्तरीय सुरक्षा के तहत स्ट्रांग रूम की आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ के बलों को लगाया है। इसी तरह बाहरी परिधि में जिला सशस्त्र बल के जवान तैनात रहेंगे।सभी तैनाती चौबीसों घंटों के लिये मतगणना की समाप्ति तक रहेगी। इसके अतिरिक्त अलग-अलग पाली में दंडाधिकारी की भी तैनाती की गयी है।

# पंकज यादव अफ्रीका में हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला है। पंकज को मेडागास्कर की राजधानी एंटानानारिवो में सम्मानित किया गया है। ओरफिलिनत होप नाम की अंतरराष्ट्रीय संस्था पंकज यादव को झारखंड में जनाधिकार के प्रति लोगों को जागरूक करने, पब्लिक राइट के हक की लड़ाई लड़ने समेत जनहित में किये गये कार्यो के लिए सम्मान दिया है। मेडागास्कर सरकार के सहयोग से संचालित इस अंतरराष्ट्रीय संस्था ने पंकज के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया था। संस्था के बच्चों के बीच पंकज यादव ने झारखंड में किये गये जनहित कार्यों का उल्लेख किया और भारत में जनता के लिए बनाये गये शिक्षा के अधिकार, भोजन के अधिकार, सेवा के अधिकार, स्वास्थ्य के अधिकार समेत अन्य अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी दी। मेडागास्कर के बच्चों ने उत्सुकता से भारत के लोगों और बच्चों को दिये गये अधिकारों को सुना और अपने अनुभव शेयर किये। संस्था के आमंत्रण पर मेडागास्कर पहुंचे पंकज यादव ने भारत और मेडागास्कर के पुराने संबधों को भी जाना। उल्लेखनीय है कि पंकज यादव झारखंड में मुखर होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते हैं। पंकज की शिकायत पर इडी, सीबीआइ, एसीबी जैसी जांच एजेंसियां जांच कर रही हैं। साथ ही पंकज जनाधिकारों के प्रति लोगों को हमेशा जागरूक करते रहते हैं।

## रांची में डीपीएस की छात्रा का अपहरण: दो युवकों पर लगा आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**रांची(आजाद सिपाही)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची की छात्रा का अपहरण उसके घर के पास स्थित बस स्टॉप के पास से कर लिया गया। अपहरण का आरोप निवारणपुर निवासी वर्धन तथा उसके दोस्त मंटू पर लगाते हुए छात्र के पिता ने जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में उन्होंने कहा है कि उनकी बेटी स्कूल गयी थी। स्कूल से लौटने पर वह स्टॉपेज पर उतरी। वहां वर्धन मौजूद था। वर्धन उसे लेकर अपने दोस्त की मदद से कोलकाता भाग गया। कोलकाता में मंटू का घर है। वे लोग वहीं छुपे हुए थे। जानकारी मिलने पर छात्रा के परिजन वहां गये, लेकिन वे लोग वहां से कहीं और भाग गये। परिजनों ने प्राथमिकी में कहा है कि उन्हें जहां भी सूचना मिली, अपनी बेटी की तलाश करने पहुंचे, लेकिन सफलता नहीं मिली। छात्रा के परिजनों ने रांची पुलिस से छात्रा को जल्द से जल्द सही सलामत बरामद करने की गुहार लगायी है।

# आरसीआइटी कॉलेज में भाजपा ने शोक सभा का आयोजन किया, सुशील मोदी को दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)** । बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के निधन पर मंगलवार को आरसीआईटी कॉलेज परिसर में शोक-सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में दिवंगत भाजपा नेता के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। सभा में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि सुशील मोदी का निधन भाजपा के लिए अपूर्णीय क्षति है। उनकी कमी पार्टी को हमेशा खलेगी। शोक-सभा में दामोदर प्रसाद यादव, मनोरंजन गुप्ता, विमल चंद्रवंशी, सुनिल कुमार चौधरी, उदय दुबे, राधेश्याम विश्वकर्मा सहित भाजपा के कई लोग मौजूद थे।



## सुशील मोदी के निधन पर हुसैनाबाद में भाजपाइयों ने किया शोक व्यक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी के निधन पर हुसैनाबाद के भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, अशोक कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, प्रफुल्ल सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, प्रेमतोष सिंह, संतोष सिंह, अखिलेश्वर मेहता, श्रवण अग्रवाल, रंजीत पासवान, नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद , रामराज, अविनाश कश्यप, अमित कश्यप, सुबोध समेत कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता का नाम शामिल है। भाजपा नेताओं ने कहा कि जुझारू, समर्पित और कर्मठ राजनीतिज्ञ सुशील मोदी का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिरशांति तथा परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। मालूम हो कि बिहार भाजपा के दिग्गज नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का सोमवार ( 13 मई) की शाम दिल्ली में निधन हो गया। वह पिछले कई महीनों से कैंसर से पीड़ित थे। उन्होंने दिल्ली के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली।





















आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 15 मई, 2024
www.azadsipahi.in



# तीसरी बार मोदी को पीएम बनायें : ढुल्लू महतो

## जनसंपर्क के दौरान लोगों से मिल रहे अपार स्नेह के लिए आभार जताया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** आप सब के स्नेह से अभिभूत हूँ, जैसे-जैसे हमारा जनसंपर्क अभियान आगे बढ़ रहा है आप सब के साथ और माननीय मोदी जी और भाजपा के प्रति आपके विश्वास को देखकर विरोधियों के खेमें में हड़कंप मच चुकी है। धनबाद के जिस भी क्षेत्रों में जा रहा हूँ वहां मेरे प्रति आपका अथाह प्रेम भाजपा परिवार का हौसला बढ़ा रहा है। उक्त बातें धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने अपने जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान लोगों से मिलने के क्रम में कहीं। ढुलू महतो ने कल अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान धनबाद के गुरुद्वारा में माथा टेका एवं शिख भाइयों से मुलाकात



की। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी अरदासों में देश और माटी के लिए प्राण न्योछावर करने के संदेश। हम सब को भी गुरुगोबिंद सिंह के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। अपने देश को सुदृढ़ और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए कार्य करना चाहिए। हमें अपना ऐसा नेता चुनना चाहिए जो देश के लिए कार्य करे। हमें देश के लिए अपना सर्वश्व त्याग करने वाले के लिए हम सब को मिलकर वोट करना है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में जो पूंजीपति बैठे हैं वे बस अपने ऐ.सी. वाले कमरों में बैठकर लोगों को केवल झूठा बयान और लोगों को बहकाने का काम कर रहें है। लेकिन इस बार जनता जनके झूठे बहकावे में नहीं आने वाली सब मिलकर एक होकर भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए मोदी जी को वोट करेगी और भाजपा को जिताएगी। धनबाद विधानसभा में वो दर्जनों स्थानों में पहुंचे। उन्होंने धनबाद बार काउंसिल के अधिवक्ता सदस्यों से मिलकर भी समर्थन मांगा। चैम्बर ऑफ कॉमर्स व धनबाद मोटर डिलर्स एसोसिशन के सदस्यों से मुलाकात किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों का अपार समर्थन मिला। जनसंपर्क के दौरान उनके साथ भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजनों की उपस्थिति रही।

# कोल इंडिया को बचाने के लिए हमें आगे आना पड़ा: अनूप सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने मंगलवार 14 मई को भी इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में संघन जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान धनबाद के कोयला नगर स्थित टीवी सेंटर कॉलोनी में लोगों से मिले और जनसंपर्क किया। जनसंपर्क देखते ही देखते सभा में तब्दिल हो गई। सिंह ने कहा कि कोल इंडिया को बेचा जा रहा है। महिला वीआरएस को समाप्त कर दिया गया। 15 लाख मजदूरों



वाला कोल इंडिया घटकर 1 लाख 75 हजार का रख गया है। आगे इसको बचाना है तो हमें तो आगे आना होगा। लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने अनुपमा सिंह की जीत को निश्चित बताते हुए कहा कि पूरे संसदीय क्षेत्र से भरपूर समर्थन मील रहा है। इस बीच अनुप सिंह ने लोगों की समस्या सुनी और उसे चुनाव बाद दूर करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रत्याशी जीतकर आती है तो युवाओं और बेरोजगारी के मुद्दे पर गंभीर काम करेंगे। उन्होंने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभी की अध?यक्षता विकास कुमार सिंह ने की। मौके पर लाल राय, शुभम यादव, साहस कुमार, कुणाल मंडल आदि मौजूद रहे। विधायक अनूप सिंह का कारवां यहां से सिंदरी, बलियापुर, निरसा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क अभियान के लिए निकल गया।

# गिरिडीह और धनबाद के एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार करने का लिया गया निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** जदयू जिला कमिटी की बैठक जैनामोड़ में जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो की अध्यक्षता में हुई। संचालन करम महतो ने किया। बैठक के दौरान धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो और गिरिडीह लोकसभा के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष में संगठनात्मक दृष्टिकोण से सहयोग करने और उनके जीत सुनिश्चित करने के लिए विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि



देश में नरेंद्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनने के लिए धनबाद और गिरिडीह दोनों लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी को जिताने का काम करें इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार में सभी कार्यकर्ता जुड़ जाए। बैठक में मुख्य रूप, जिला उपाध्यक्ष राजा पांडेय, जिला महासचिव सुधीर कुमार, विनय सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता सिंह, ब्रम्हदेव दास, धर्मेंद्र महतो, कृष्णा सिंह, शेखर सिंह, संजय कुमार, निर्मला देवी, मधुमिता देवी, रंजीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुनील दास, हारु रजवार, धीरेन ओहदार, सुखराम मांझी, विजय कुमार, सियाराम ठाकुर, अशोक दिगार, विक्रम आदि मौजूद रहे।

# अब नहीं होगा धनबाद से किसी व्यवसायी का पलायन : अनुपमा सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** बड़ा गुरुद्वारा बैंक मोड में धनबाद में जेठ माह के पहले दिन संक्रांति के अवसर पर जहां गुरुद्वारा में विशेष अरदास और लंगर का आयोजन किया गया। वही अनुपमा सिंह का आने का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था उन्होंने न सिर्फ माथा टेक कर गुरु ग्रंथ साहिब से आशीर्वाद ही नहीं प्राप्त किया बल्कि देग प्रसाद भी लेकर आई थी और लंगर रसोई घर में जाकर अपने हाथों से लंगर बनाने में हाथ बटाया सेवा निभाई और लंगर वितरण किया। बर्तनों को धोने की सेवा निभाई इस दौरान अनुपमा सिंह ने कहा कि आज गुरुद्वारा की इस दरबार में पहुंचकर जो आशीर्वाद हमें मिला है उसकी कल्पना नहीं कर सकती हूं । आगे भी ऐसा ही प्यार और आशीर्वाद हमें मिलेगा जनसंपर्क में मैं देख रही हूं कि धनबाद के लोग बहुत ही मृदभाषी मिलनसार है तथा दो दिन पूर्व



खालसा होटल के मालिक के द्वारा यहां से पलायन किए जाने पर चिंता जताई और कहा कि है सिख हमेशा ही मेहनतकश होते हैं ऐसा सबका भला ही मांगते हैं और सेवा में निपुण रहते हैं। ऐसे में धनबाद के लिए दुर्भाग्य की बात है और चिंतनीय विषय है ऐसा आगे नहीं हो इसके लिए सख्त कदम उठाने होंगे ऐसा पहली बार हुआ कि जब कोई 40 साल से व्यवसाय करने वाला व्यक्ति धनबाद छोड़ने पर मजबूर हुआ अनुपमा ने कहा कि हमें यहां से आशीर्वाद और प्यार के सिवा और कुछ नहीं चाहिए सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा कि अनुपमा सिंह ने गुरु साहिब के दरबार में आकर माथा टेकर आशीर्वाद पाया अनुपमा के ससुर दिवंगत राजेंद्र प्रसाद सिंह कोलांचल क्षेत्र के बड़े कोयला मजदूर नेता थे और जेवीसीसी माध्यम से हमेशा मजदूरों की लड़ाई लड़ते रहें। सिख बच्चों महिलाओं में एक झलक अनुपमा सिंह के पाने के लिए लोग ललाइत थे महिलाओं ने सर्वप्रथम अरदास प्रार्थना के उपरांत गुरुद्वारा के हेड ग्रंथि जी ने उन्हें सिरोपा सम्मान देकर आशीर्वाद सम्मानित किया बड़ी संख्या में गुरुद्वारे में लोग उपस्थित थे और रह रहकर उन्हें आशीर्वाद दे रहे थे। गुरुद्वारा कमेटी के और से इंद्रजीत सिंह गुजराल एवं बेरमो निवासी लकी सिंह को भी सतपाल सिंह ब्रोका ने सिरपा देकर सम्मानित किया बड़ा गुरुद्वारा के अध्यक्ष दिलजान सिंह राजेंद्र सिंह चहल सचिव गुरजीत सिंह उपाध्यक्ष तेजपाल सिंह संयुक्त सचिव राजेंद्र सिंह मनमोहन कौर जसविंदर कौर राजेंद्र सिंह चावला निरंजन सिंह सुच्चा सिंह आदि हजारों लोग उपस्थित थे।

# सेल ने सीखने और विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रगतिशील मानव संसाधन पहल शुरू की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** संगठन में निरंतर सीखने और विकास की संस्कृति को मजबूत करने के लिए, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने 14 मई 2024को कई प्रमुख प्रगतिशील मानव संसाधन (एचआर) पहल शुरू की हैं। इस दिशा में, सेल ने कार्यस्थल के अलावा अन्य स्थानों से काम करने की नीति आरम्भ की, जिसे सेल अध्यक्ष श्री अमरेंदु प्रकाश ने लॉन्च कियाहै। इस नीति के अंतर्गत, कर्मचारी को निर्धारित स्व-विकास गतिविधि करने पर, कार्यस्थल के अलावा अन्य जगह से काम करने की अनुमति दी जाएगी। इस अवसर पर सेल



अध्यक्ष ने कहा कि नीति, जो सेल की एक अनूठी पहल है, का उद्देश्य हमारे कर्मचारियों को निर्दिष्ट कार्यस्थल से दूर रहते हुए अधिक रणनीतिक भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करने और अपने पेशेवर विकास और स्वस्थ वर्क लाइफ बैलेंस में निवेश करने में सक्षम बनाना है। सेल के निदेशक (कार्मिक) श्री केके सिंह ने कहा कि सेल बेहतर कर्मचारी प्रेरणा और जुड़ाव के लिए लगातार नए युग की कई मानव संसाधन पहल शुरू कर रहा है। नीति की शुरूआत इस दिशा में एक ऐसा ही कदम है।" इसके अलावा, सेल ने बड़ी संख्या में अपने कर्मचारियों को विभिन्न विषयों पर अपने ज्ञान के आधार को बढ़ाने के लिए स्व-गति से सीखने की सुविधा प्रदान करने के लिए लिंक्डइन लर्निंग हब के साथ भी सहयोग किया है। लिंक्डइन के साथ इस साझेदारी का उद्देश्य अपने कार्यबल का निरंतर व्यावसायिक विकास करना है। सेल को हाल ही में ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट, भारत, द्वारा दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क₹ के रूप में प्रमाणित किया गया है। ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन एक वैश्विक मान्यता है जो एक सम्मानित और मांग वाले नियोक्ता होने के लिए सेल की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## छात्राओं ने मतदाताओं को किया जागरूक

**कसमार (आजाद सिपाही)।** प्रोजेक्ट हाई-स्कूल की छात्राओं ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को प्रेरित किया। प्रोजेक्ट हाई-स्कूल की छात्राओं ने रैली में 'अपना फर्ज निभाना है वोट देने जाना है' नारा लगाया। मतदाता जागरूकता रैली की अगुवाई कसमार के प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार ने की। इस मौके पर कई लोग मौजूद थे।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग। द्वारा आयोजित

### विशेष लोक अदालत

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉंची के निर्देश पर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग द्वारा दिनांक 03 जून, 2024 से 07 जून, 2024 तक व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग में मोटर वाहन दुर्घटना दावा (MACT) से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए पक्षकारों के मध्य बातचीत हेतू प्री–लोक अदालत की बैठक आयोजित की जायेगी एवं इससे संबंधित वादों के निष्पादन हेतू एक "विशेष लोक अदालत" का आयोजन दि0 08.06.2024 को सुबह 07.30 बजे से व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग में किया जायेगा।

अतः, सर्व साधारण/पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में मोटर वाहन दुर्घटना दावा (MACT) से संबंधित अपने मामले को विशेष लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग परिसर स्थित, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में संपर्क कर सकते है अथवा मोबाईल सं0– 9939201624 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

ह0/–
पुलिस अधीक्षक सह सदस्य,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार ,
हजारीबाग

ह0/–
उपायुक्त सह उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
हजारीबाग

ह0/–
प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
हजारीबाग

PR.NO.324783Law(24-25):D


# स्कूली छात्राओं ने मानव शृंखला बना कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया



**पिछरी, बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत फुसरो स्थित रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। मानव श्रृंखला विद्यालय की छात्र-छात्राएं सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थी। यहां छात्राओं ने पहले मतदान फिर जलपान, मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है, मतदान करना हमारा कर्तव्य है, किसी लोभ, लालच या भय से प्रभावित हुए बिना हम सबको मतदान है करना आदि नारे लगाते हुए मतदाताओं से मतदान करने हेतु अपील किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विधालय के निर्देशक रंजीत भारती, प्राचार्या गीता देवी, उपप्राचार्य गुरुचरण महतो सहित बाला राम, एएन पोद्दार, अर्जुन शर्मा, रविंद्र महतो, रूबी रानी सरकार, सुदीपा ज्योति कुमारी, बालाराम, अजय रजवार, नप कर्मी राजीव रंजन कुमार, शंकर कुमार आदि लोग लगे हुए थे।

# उत्पाद विभाग ने अवैध शराब फैक्ट्री ध्वस्त की

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आसन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज दिनांक 14 मई 2024 को प्रातः 7:00 बजे पूर्व० जोय हेंब्रम, अवर निरीक्षक उत्पाद बाघमरा, जितेंद्र कुमार, सदर अंचल, स्वेता कुमारी, पुटकी आंचल, कुलदीप कुमार, सिंदरी अंचल, अमित कुमार अवर निरीक्षक उत्पाद, कतरास अंचल, अधिनस्त उत्पाद सिपाही तथा प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी के सहयोग से हरिहरपुर थाना क्षेत्र के चैता गांव में चल रहे अवैध महुआ चुलाइ शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया ' मौके से 600 ' जावा महुआ विनष्ट किया गया एवम 40.00 लीटर महुआ चुलाई शराब जप्त किया गया' अभियुक्त दूर से छापामारी दल को दूर से आते देख कर घटना स्थल से भागने में सफल रहा ' किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं मिली पर लोग फरार हो गये ।

# हमारा उद्देश्य धनबाद में अमन-चैन शांति बहाल करना : रागिनी सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** भाजपा कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह ने अपने समर्थकों के साथ सोमवार को पाथर डीह क्षेत्र अंतर्गत नुनुडीह एनबीसीसी कलौनी, सुदामडीह न्यू माइन्स, चासनाला नोनिया बस्ती पाथरडीह, आदि जगहों पर सघन दौरा किया। इस दौरान जगह जगह जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभा की। सुदामडीह न्यू माइन्स कॉलोनी में जन सभा कर धनबाद लोकसभा चुनाव के भाजपा के समर्थन मे वोट की अपील की । सभा को सम्बोधित करते हुए रागनी सिंह ने कहा की यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए धनबाद लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी से भारी बहुमत से विजय बनाए और एक बार फिर मोदी



सरकार को लाने की काम करे और आगामी 25 मई को पहले मतदान फिर जलपान करे और कमल छाप पर बटन दबाकर भारी बहुमत से विजय बनाए। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य धनबाद में अमन चैन शांति बहाल करना है जो राम को लाए है हम उनको लाएंगे और यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथो को और मजबूत कर देश की विकास की गति को और बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाये।

# मतदाता जागरूकता अभियान शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद के द्वारा जिले के मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोक सभा के आम चुनाव में भाग लेने हेतु, पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान का आज शुभारंभ किया गया। जागरूकता रथ को नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर अपने कार्यालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकारनाथ पाण्डेय, सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी और राजकिशोर पासवान के अलावा अन्य लोग और आम जन भी



उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने कहा कि मतदान सभी का मूल अधिकार है। लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें और अपनी भूमिका निभाते हुए देश के लोकतंत्र को और मजबूती प्रदान करें। वहीं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद ने कहा कि चुनाव का यह पर्व हमें धूम धाम से मनाना चाहिए। इसमें बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। जागरूकता रथ द्वारा जगजीवन नगर, पुलिस लाइन, मनईटांड, हीरापुर, बरमसिया, बैंक मोड़, श्रमिक चौक, बेकार बांध, सरायढेला, स्टील गेट आदि जगहों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।


## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## प्राचार्य का कार्यालय- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोडरमा

Office e-mail id- itikoderma@gmail.com

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोकाई, कोडरमा में शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में नामांकन संबंधित सूचना**

01. झारखण्ड सरकार के NCVT के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोकाई, कोडरमा में निदेशालय, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड राँची के पत्रांक– 729, दिनांक– 06.05.2024 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 के विभिन्न व्यवसाय में नामांकन के लिए योग्य आवेदक से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी–स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन आवेदन–पत्र (https://iti.jharkhand.gov.in Admission Tab) आमंत्रित किये जाते हैं।

02. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–
(क) वेल्डर, प्लम्बर एवं वायरमैन व्यवसाय के लिए आठवाँ उत्तीर्ण।
(ख) इलैक्ट्रीशियन, फीटर, मेकानिक मोटर व्हेकिल, इलेक्ट्रॉनिक्स मेकानिक, टर्नर, मेकानिक डीजल एवं ड्रोन टेक्नीशियन व्यवसायों के लिए माध्यमिक/10वीं परीक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

03 महत्वपूर्ण तिथियाँ :–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 15.05.2024 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 09.06.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) को प्रकाषन | 12.06.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिषत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 13.06.2024 से 15.06.2024 तक |
| 05 | अन्तिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाषन | 20.06.2024 |

04. डी0जी0टी0 के पत्रांक– DGT-Aff011/1/2023-Oo DIR (TC) Part (2)[63756], दिनांक– 03.05.2024 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोकाई, कोडरमा में नामांकन लेने वाले अभ्यार्थियों का वैध मोबाईल नंम्बर, ई–मेल ID एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा NTC उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0जी0टी0 के पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के download Section ds Notification Tab में देखा जा सकता है।

05. नमांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के download Section ds Notification Tab में देखा/ download किया जा सकता है।

06. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webprtal ds Grievance Section में टिकट (Complain) Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मों0 नं0– 9279316039/9308058506/9631039626 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को झारखण्ड के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के download Section के Notification Tab में देखा/ download किया जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
लोकाई, कोडरमा।

PR.NO.324795 Labour Employment and Traning(24-25):D

# जिंदल स्टेनलेस ने भारत की पहली वंदे भारत मेट्रो ट्रेन के लिए मजबूत स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति की

- कंपनी ने पहली बार 201एलएन किस्म की आपूर्ति की
- हल्के और अधिक ऊर्जा कुशल कोच का निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत में शहरों के बीच यात्रा सेवाओं को बढ़ावा देते हुए भारतीय रेलवे ने हाल ही में चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आइसीएफ) से अपनी पहली वंदे मेट्रो ट्रेन का अनावरण किया। भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस ने इस प्रतिष्ठित परियोजना के लिए बेहद मजबूत 201एलएन किस्म की टेंपर्ड स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति की है। वंदे मेट्रो ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के तहत कम दूरी की ट्रेन है। पारंपरिक 'फेरिटिक' किस्म के स्टेनलेस स्टील की तुलना में ट्रेनसेट के बाहरी पैनल की मोटाई 3 एमएम से घट कर 2 एमएम हो गयी है, जिसके परिणामस्वरूप ये हल्की, अधिक ऊर्जा-कुशल और काफी कम लागत वाली ट्रेनें बन गयी हैं। स्टेनलेस स्टील 201एलएन ग्रेड अत्यधिक जंग रोधी, काफी मजबूत, बेहद टिकाऊ और दुर्घटना से बचाने वाली विशेषताओं वाली होती है, जिससे यात्रियों को सर्वोत्तम श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी।

इस घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए, जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, हमें भारत के रेलवे बुनियादी ढांचे और रोलिंग स्टॉक के आधुनिकीकरण का हिस्सा बन कर बहुत खुशी हो रही है। पहली बार 'फेरिटिक' किस्म की जगह 201एलएन स्टेनलेस स्टील इस्तेमाल करने के भारतीय रेलवे के निर्णय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना सौभाग्य की बात है। हल्के वजन और कम ऊर्जा खपत वाली बोगियों से भारतीय रेलवे के कार्बन उत्सर्जन में कमी आयेगी, और ये उसका नेट जीरो लक्ष्य हासिल करने के लिए एक जरिया बनेंगी। मुझे विश्वास है कि वंदे मेट्रो ट्रेन यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करेंगी और हमें इसे लेकर भारतीय रेलवे के साथ साझेदारी करने की बहुत खुशी है।

वंदे मेट्रो का लक्ष्य 250 किलोमीटर तक की दूरी तय करने वाले शहरी यात्रियों को सुविधा प्रदान करना है। वंदे मेट्रो से देशभर के 120 से अधिक शहरों के जुड़ने की उम्मीद है और इस साल जुलाई में लॉन्च की जायेगी। प्रारंभिक मार्गों में चेन्नई-तिरुपति, भुवनेश्वर-बालासोर, आगरा-मथुरा, दिल्ली-रेवाड़ी और लखनऊ-कानपुर शामिल हैं।

# एनटीपीसी बोंगाइगांव ने बोहागी और बिविसागु समारोह का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने पावर स्टेशन के कर्मचारी कल्याण संघ के तत्वावधान में 12 अप्रैल को शुरू हुए असमिया नव वर्ष उत्सव के समापन को चिह्नित करते हुए 12 मई को बोहागी उत्सव खुशी से मनाया। कर्मचारी कल्याण पहल के एक भाग के रूप में आयोजित इस रंगारंग और जीवंत कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के साथ-साथ कर्मचारियों और उनके परिवारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गयी। बोहागी उत्सव का उद्घाटन एनटीपीसी बोंगाईगांव के व्यापार इकाई प्रमुख केसी मुरलीधरन ने बहुत उत्साह के साथ किया। उन्होंने बिहू के उत्सव के मौसम के महत्व और असमिया नव वर्ष में बोहाग के आगमन पर प्रकाश डाला, जो सभी के लिए नयी शुरुआत और समृद्धि का प्रतीक है। इस अवसर पर बोलते हुए श्री मुरलीधरन ने एनटीपीसी बोंगाईगांव की सांस्कृतिक समृद्धि और विविधता पर जोर दिया। इसे विभिन्न संस्कृतियों के सूक्ष्म जगत के रूप में वर्णित किया और समावेशिता और एकता की भावना की बात की क्योंकि यह शहर एक छत के नीचे विभिन्न त्योहार मनाता है। स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा एनटीपीसी बोंगाईगांव में बिहू नृत्य और हुसरी समारोह में स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया गया, जिन्होंने असम की विभिन्न जनजातियों की जीवंतता को दशार्ने वाले पारंपरिक गीतों और नृत्यों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोल और पेपा की लयबद्ध तालों के साथ मधुर धुनों ने हवा को खुशी और उत्सव की आभा से भर दिया, जिससे सभी उपस्थित लोगों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव पैदा हुआ। इसके अतिरिक्त समारोह में बोडो समुदाय के नये वर्ष को चिह्नित करने वाले बिसागु उत्सव का उत्सव भी शामिल था, जिससे सांप्रदायिक सद्भाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भावना का उदाहरण मिलता है। इस अवसर पर इंदुरी एस रेड्डी, जीएम (ओ एंड एम), आशुतोष विश्वास, जीएम (ऑपरेशन), बिंदु नंबूथिरी, अध्यक्ष बर्दी शिकला लेडीज क्लब एनटीपीसी बोंगाईगांव, जीएम थांगजोम कमांडेंट, सीआइएसएफ, एमएस कंदारी, सहायक कमांडेंट, सीआइएसएफ के साथ-साथ स्टेशन के विभागों के प्रमुख आदि उपस्थित थे।

# किट इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** किट इंटरनेशनल स्कूल ने दसवीं और बारहवीं कक्षा की सीबीएसइ बोर्ड परीक्षाओं में शैक्षणिक उत्कृष्टता में एक उच्च मानक स्थापित किया है, जिसके परिणाम सोमवार को घोषित किये गये। स्कूल ने दोनों कक्षाओं में 100 प्रतिशत प्रथम श्रेणी प्राप्त की, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने शीर्ष अंक प्राप्त किये। शैक्षणिक कौशल के प्रभावशाली प्रदर्शन में दसवीं और बारहवीं कक्षा के 45 प्रतिशत छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। इसके अलावा दसवीं कक्षा के छात्रों ने असाधारण प्रदर्शन किया। इसमें 25 प्रतिशत ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। दसवीं कक्षा की आद्याशा दास ने 98% अंक हासिल कर स्कूल टॉपर बनीं, जबकि 12वीं कक्षा में स्नेहा कुमारी ने विज्ञान में सबसे अधिक 97% अंक हासिल किये। वाणिज्य में पलक सामंतराय और प्रियंका दास ने 97.4% अंक प्राप्त किये और कला में बसुंधरा रॉय ने 97.4% अंक प्राप्त किये और स्कूल टॉपर रहीं।

स्कूल ने एसइएन ग्लोबल पहल के माध्यम से समावेशी शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला, जो विशेष बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रित है। इस पहल के तहत नामांकित सभी 11 छात्र प्रथम श्रेणी अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए, जिसमें शीर्ष स्कोर ने सराहनीय 87 प्रतिशत अंक हासिल किये। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

# चुनाव में बीजेपी की जीत स्पष्ट : मनमोहन सामल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने कहा कि बीजद सरकार विभिन्न अवसरों पर अलग-अलग बातें कह कर ओड़िशा के लोगों को गुमराह कर रहा है। जनता ने भाजपा को वोट देने के लिए सोच लिया है। बीजू बाबू 5 सीटों से चुनाव हार गए थे। उन्होंने भी इसे स्वीकार किया थाष लेकिन गुमस्ता पार्टी हार स्वीकार करने में सक्षम नहीं है, वे कह रहे हैं कि अगर वे चुनाव हार जाते हैंष तो वे संन्यास ले लेंगे। राजनीति में हारना और जीतना स्वाभाविक प्रक्रिया है। जो अपने मुंह में सोने का चम्मच लेकर पैदा होते हैं और राजनीति करते हैं। उन्होंने विदेश में पैसा रखे है, वे कहां रहने की योजना बना रहे हैं। बिजद नेता सदमे और निराशा की स्थिति में हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ बयान देना शुरू कर दिया है। हमारे साथ साढ़े चार करोड़ उड़िया हैं। लोगों ने संकल्प लिया है कि ओड़िशा में सरकार बदलेगी। बीजद के पास कोई राजनीतिक व्यवस्था नहीं है। भाजपा उड़िया संस्कृति अस्मिता के आधार पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा आम जनता की पार्टी है और विचारधारा में विश्वास करती है। हमारी पार्टी सामूहिक नेतृत्व में विश्वास करती है। यह बीजद की तरह निजी स्वामित्व वाली पार्टी नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पूर्व केंद्रीय मंत्री और बालेश्वर सांसद प्रताप चंद्र षड़ंगी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और केन्द्रापड़ा सांसद प्रत्याशी बैजयंत पंडा और भुवनेश्वर सांसद अपराजिता षड़ंगी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि ओड़िशा में मृत्यु दर (आइएमआर) 36 है, जबकि गुजरात में यह 23 है और राष्ट्रीय दर 28 है।

वहीं, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और केंद्रापड़ा के सांसद प्रत्याशी बैजयंत पंडा ने कहा कि राज्य में सरकार को आउटसोर्स कर दिया गया है। मुख्यमंत्री आजकल किसी और के साथ क्यों नहीं देखे जाते ? उनके साथ सिर्फ एक ही शख्स नजर आ रहा है। उसे किसी तरह की निगरानी में रखा गया है। नवीन बाबू को नजर बंदी से छुड़ाने की जरूरत है।

वहीं सांसद अपराजिता षड़ंगी ने कहा कि ओड़िशा में निर्णायक निर्णय लेने का समय आ गया है। चुनाव में हम नेता चुनने जा रहे हैं या क्रीतदास चुनने जा रहे हैं। बीजद की ओर से एक बात बार-बार कही जा रही है कि बीजेपी नेता श्रीमंदिर परिक्रमा प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे हैं। भाजपा ने हमेशा विकास की राजनीति की है। भाजपा ने कभी भी विकास कार्यों का विरोध नहीं किया है।

श्रीमती षड़ंगी ने श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना का मुद्दा उठाया और कहा कि डीपीआर गलत क्यों थी और इसे बदला क्यों गया? नष्ट किये गये सभी प्राचीन मठों का पुनर्निर्माण कब होगा? उन्होंने मंदिर प्रोजेक्ट पर होने वाले 4200 करोड़ के खर्च को सार्वजनिक करने की मांग की। बीजद ने अपने घोषणापत्र में 100 यूनिट तक के बिजली बिल नहीं लेने की घोषणा की है। बीजेपी ने गारंटी दी है कि लोग बिजली का बिल नहीं भरेंगे, बल्कि सबके घरों पर सोलर पैनल लगायेंगे। ओड़िशा में बिजली महंगी क्यों है? ओड़िशा में 42% शिक्षित युवा अब बेरोजगार हैं। देश के 22 राज्यों के बेरोजगारी दर सर्वे में ओडिशा नंबर 1 पर है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### ब्रह्मपुर से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार प्रदीप पाणिग्रही पर हमला



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ब्रह्मपुर से भाजपा के सांसद उम्मीदवार प्रदीप पाणिग्राही पर हमला किया गया। उन्हें एम्स भुवनेश्वर में शिफ्ट कर दिया गया है। उनकी पसलियों और फेफड़ों में चोटें आयी हैं। परिवार ने जानकारी दी है कि उन्हें आगे का इलाज के लिए शिफ्ट कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक ब्रह्मपुर से बीजेपी लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप पाणीग्राही पर सोमवार को हमला हुआ। ब्रह्मपुर विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी शिव शंकर दास उर्फ पिंटू पर पिटाई का आरोप लगा है। यह घटना सोमवार शाम को गोसाइं नुआगांव पुलिस की मौजूदगी में हुई। पिटाई के बाद प्रदीप को इलाज के लिए एमकेसीजी मेडिकल में भर्ती कराया गया। उन्हें एम्स भुवनेश्वर में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बीच पुलिस ने हमलावर पिंटू दास को पुलिस थाने में हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है।

### दुर्घटना में पीठासीन अधिकारी की मौत



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मालकानागिरी चुनाव कार्य से लौटते समय पीठासीन अधिकारी की दुर्घटना में मौत हो गयी। मृतक की पहचान बंधगुडा के खइरपुट मुदुलीपड़ा पंचायत के इंद्रजीत किसानी के रूप में की गयी है। चुनाव से लौटने के दौरान इंद्रजीत की बाइक को एक निजी बस ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों और साथी शिक्षकों ने तुरंत इंद्रजीत को बचाया और उसे एंबुलेंस में माथिली अनुमंडल अस्पताल ले गये, जहां माथिली के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित दिया। इंद्रजीत मालकानगिरी बूथ संख्या 122 पर पीठासीन अधिकारी के तौर पर तैनात थे। यह हादसा उस समय हुआ, जब वह सोमवार को मतदान पूरा करने के बाद सुबह अपने घर खइरपुट ब्लॉक खुरीगुड़ा गांव लौट रहे थे। दूसरी ओर दुर्घटना को अंजाम देने वाली निजी बस को मालकानगिरी पुलिस ने हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है।

### रेलवे संरक्षा कर्मचारी सम्मानित



संबलपुर (आजाद सिपाही)। संजय ओराम, टीएम-IV/इंजीनियरिंग, नोरला रोड, देबेंद्र कुमार चौधरी, वरिष्ठ तकनीशियन/सी एंड डब्ल्यू, कांटाबांजी, नबीन कुमार धरुआ, तकनीशियन-क/सी एंड डब्ल्यू, कांटाबांजी और प्रमोद कुमार शर्मा, सहायक लोको पायलट/अंबोदला को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के प्रति उत्कृष्ट योगदान और संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडेय ने वरिष्ठ मंडल अभियंता तत्वदर्शी साहू, वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी अभियंता दीपक परसरामपुरिया, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता बिनायक बेहरा और वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी संबीत सौरव नायक की उपस्थिति में उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

# किट डीयू टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में चमका



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वार्षिक टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग की घोषणा 14 मई को की गयी। अपनी अकादमिक रैंकिंग में एक उल्लेखनीय उपलब्धि में किट डीम्ड यूनिवर्सिटी 2024 के लिए टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत में 11वें स्थान पर पहुंच गयी है। यह कदम केआइआइटी के निरंतर सुधार और उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। गौरतलब है कि सिर्फ 26 साल पुराना यंग यूनिवर्सिटी केआइआइटी ने कई आइआइटी सहित कई पुराने संस्थानों को प्रकाशित रैंकिंग में पीछे छोड़ दिया है। यह उपलब्धि अन्य संस्थानों की तुलना में संस्थान के युवाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो लगभग आधी शताब्दी से शैक्षिक स्तंभ रहे हैं। पिछले साल की रैंकिंग में किट को वैश्विक स्तर पर 151-200 रैंकिंग के समूह में रखा गया था। इस वर्ष की रैंकिंग में किट की वैश्विक रैंक में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और यह रैंकिंग 168 हो गयी है। इस साल की रैंकिंग में दुनिया भर के 673 विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन किया गया, जिनमें से 55 भारत से थे, जिससे केआइआइटी को युवा विश्वविद्यालयों के शीर्ष पायदान पर आंका गया है।

टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग विशेष रूप से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों को सूचीबद्ध करती है, जो 50 वर्ष या उससे कम उम्र के हैं, उनका मूल्यांकन उनके मुख्य मिशनों में किया जाता है: शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण।

रैंकिंग में कीट की वृद्धि इसके मजबूत शैक्षणिक ढांचे और नवीन शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है। विश्वविद्यालय को शिक्षा के प्रति अपने गतिशील दृष्टिकोण के लिए लगातार पहचाना जाता है, जो न केवल शैक्षणिक कठोरता बल्कि अपने छात्रों के समग्र विकास पर भी जोर देता है।

किट और किस के सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों ने संस्थापक प्रो अच्युत सामंत के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और समर्पण कीट के तेजी से बढ़ने और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर पर्याप्त प्रभाव डालने में महत्त्वपूर्ण रहा है। प्रो सामंत ने किट की असाधारण उपलब्धि पर अपनी प्रतिक्रिया देते कहा कि यह रैंकिंग अकादमिक उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज का प्रतिबिंब है। केआइआइटी में हम विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने और अपने छात्रों को वैश्विक नेता बनने के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्रों को बधाई भी दी।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**